श्रावण मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 211, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 31 अगस्त 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

सितंबर से बदलने वाले हैं कई जरूरी नियम, आज ही निपटा लें ये काम नहीं तो होगी परेशानी

नई दिल्ली

एलपीजी सिलेंडर पर मिलेगी 200 रुपये की राहत

केंद्रीय कैबिनेट ने एलपीजी सिलेंडर पर 200 रुपये की सब्सिडी देने का एलान किया है। उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को पहले से मिल रही 200 रुपये की सब्सिडी के अलावे यह लाभ अलग से मिलेगा। ऐसे में इस स्कीम के लाभार्थियों को 400 रुपये प्रति सिलेंडर का लाभ होगा। सरकार ने इस महत्वपूर्ण फैसले का एलान अगस्त में ही कर दिया है। ऐसे में सितंबर में जब आप सिलेंडर की बुकिंग करेंगे तो प्रति सिलेंडर आपको 200 रुपये कम चुकाना पड़ेगा।

दो हजार के नोट बदलने की आखिरी तारीख

2,000 रुपये के नोटों को बदलने की डेडलाइन 30 सितंबर, 2023 को समाप्त हो जाएगी। ऐसे में आप बैंक की छुट्टियों की लिस्ट को चेक करके जल्द से जल्द अपने पर नकद रूप में पड़े 2000 रुपये के नोट नजदीकी बैंक शाखा पर जाकर बदल लें। ऐसा नहीं करने पर 30 सितंबर के बाद आपको परेशानी हो सकती है या फिर सीधे कहें तो नुकसान उठाना पड़ा सकता है।

मुफ्त में आधार डाटा अपडेट करने का आखिरी मौका

अगर आप अपना आधार मुफ्त में अपडेट करना चाहते हैं तो आपको यह काम हर हाल में 14 सितंबर 2023 तक निपटा लेना चाहिए। वक्ळ्अक ने 14 सितंबर तक मुफ्त में आधार अपडेट करने की डेडलाइन तय की है। पहले यह सुविधा को 14 जून तक ही दी गई थी उसके बाद इसे 14 सितंबर कर दिया गया। आप उक्त तारीख तक आप अपने आधार से जुड़े विवरण बिना किसी शुल्क के अपडेट करवा सकते हैं।

डीमैट खाते की नॉमिनेशन प्रक्रिया पूरी करने की आखिरी तारीख

अगर आपने डीमैट खाते में नॉमिनेशन की प्रक्रिया को पूरा नहीं किया है तो यह काम भी आपको 30 सितंबर 2023 से पहले पूरा कर लेना चाहिए। बिना नॉमिनेशन वाले खाते को उक्त तिथी के बाद सेबी की ओर से निष्क्रिय किया जा सकता है

बाढ़ का करेंगे स्थाई समाधान: योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाढ़ प्रभावित जनपद बाराबंकी और गोंडा का किया दौरा, मुख्यमंत्री ने ग्राउंड जीरो पर उतरकर लिया व्यवस्थाओं का जायजा

बाराबंकी/गोंडा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को प्रदेश के बाढ़ प्रभावित जनपदों बाराबंकी और गोंडा का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई और स्थलीय सर्वेक्षण किया। साथ ही राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा की। इसके अलावा सीएम योगी ने बाढ़ पीड़ितों से भेंट की और राहत सामग्री का भी वितरण किया। सीएम योगी ने कहा कि आपदा के समय प्रदेश सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ जनता के बीच मौजूद है और राहत और बचाव के लिए हर प्रकार से मदद की जा रही है। उन्होंने कहा कि तटबंध और नदी के बीच में जो लोग बसे हैं अगर वो इस पार बसना चाहें तो उनके लिए व्यवस्था की जाएगी। अगर सभी लोग तैयार हों तो सरकार की ओर से अच्छी कॉलोनी उनके लिए बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि जिन नये स्थानों पर नदी का कटान हो रहा है उसके लिए सिंचाई विभाग को निर्देश दिये गये हैं कि तत्काल मुकम्मल व्यवस्था की जाए।

वर्तमान में प्रदेश के 21 जनपद के 721 ग्राम बाढ़ से प्रभावित

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ के दृष्टिगत सरकार की ओर से पहले ही तैयारियां कर ली गई थीं। जनप्रतिनिधियों और स्थानीय प्रशासन के साथ ही प्रभारी मंत्रियों और लखनऊ स्तर से अधिकारियों को भी आवश्यक निर्देश पहले ही दे दिये गये थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश के 21 जनपदों के 721 ग्राम बाढ़ से प्रभावित हैं।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को इस बात को सुनिश्चित करने के लिए कहा कि आने वाले समय में बाढ़ का स्थाई समाधान निकाला जाए। बाढ़ के कारण जिन किसानों की फसलें बर्बाद हुई है, सरकार उनका सर्वे कराकर समय पर मुआवजा उपलब्ध कराने की कार्रवाई को आगे बढ़ा रही है। मुख्यमंत्री ने बाराबंकी में रामनगर तहसील के सूरतगंज ब्लॉक अंतर्गत लालपुर कोरौता गांव में स्थापित बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण करने के साथ ही राहत सामग्री का वितरण किया। इस दौरान बाढ़ प्रभावितों से बातचीत कर मुख्यमंत्री ने व्यवस्था का हाल जाना।

अगले साल से कन्या सुमंगला के लाभार्थियों को मिलेंगे 25 हजार

लखनऊ। रक्षा बंधन के पावन पर्व पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की बेटियों को बड़ी सौगात दी है। बुधवार को लोकभवन में आयोजित 'मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला' योजना के लाभार्थियों से संवाद के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने इस योजना की धनराशि में बढ़ोतरी की घोषणा की है। सीएम योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार वित्तीय वर्ष 2024-2025 से कन्या सुमंगला योजना की धनराशि को 15 हजार से बढ़ाकर 25 हजार करने जा रही है। इससे प्रदेश की बेटियों को अपने सपने को पूरा करने में और सुलभता होगी। साथ वह शिक्षित होने के साथ ही आत्मनिर्भर भी बन सकेंगी। कार्यक्रम में सीएम योगी ने कहा कि पहले इस योजना के अंतर्गत छह चरणों में 15 हजार की धनराशि का पैकेज दिया जाता था।

सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में अगले साल से बेटी के जन्म लेती ही उसके अभिभावक के खाते में 5 हजार धनराशि हस्तांतरित कर दी जाएगी। इसी तरह जब बेटी एक वर्ष की होगी तो दो हजार रुपए, बेटी के पहली क्लास में जाते ही तीन हजार,छठी क्लास में प्रवेश लेने पर तीन हजार, नवीं क्लास में जाने पर पांच हजार और अगर बेटी स्नातक या डिप्लोमा या सर्टिफिकेट का कोई कोर्स करेगी तो उसके खाते में सात हजार रुपए की धनराशि हस्तांतरित करेंगे।

कम लोड का कनेक्शन लेकर अधिक बिजली उपयोग करने वालों का ऑन द स्पॉट बढ़ेगा लोड

लखनऊ। योगी सरकार उत्तर प्रदेश में न सिर्फ सुचारू बिजली आपूर्ति को लेकर प्रयास कर रही है, बल्कि बिजली चोरी पर भी सख्त रुख अपना रही है। इसी क्रम में सरकार ने निर्देश दिए हैं कि वो लोग जो कम लोड का बिजली कनेक्शन लेकर अधिक बिजली उपयोग कर रहे हैं, उन्हें उनके घर जाकर ऑन द स्पॉट अधिक लोड वाले कनेक्शन की स्वीकृति दी जाए। यही नहीं, सरकार की ये भी योजना है कि बिना कनेक्शन बिजली चोरी करने वालों पर न सिर्फ नियमानुसार कार्रवाई की जाए, बल्कि उन्हें भी ऑन द स्पॉट बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराया जाए। इस पर सरकार जल्द ही एसओपी जारी कर कदम बढ़ाएगी। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार ने प्रदेश में बिजली चोरी रोकने के लिए कई उपाय किए हैं। इसी के तहत बिजली मित्र पोर्टल शुरू किया गया है, जिसके माध्यम से लोग बिना अपनी आइडेंटिटी बताए बिजली चोरी की शिकायत कर सकते हैं। पोर्टल की शुरूआत के बाद से इस पर हजारों शिकायतें मिल चुकी हैं, जिन पर यूपीपीसीएल ने गंभीरता से कार्रवाई की है।

प्रवर्तन टीमों के पास रहेंगे लोड बढ़ाने वाले फॉर्म

पावर कारपोरेशन के प्रवर्तन दल की समीक्षा करते हुए यूपीपीसीएल के अध्यक्ष आशीष गोयल ने कहा था कि बिजली व्यवस्था बेहतर करने के लिए विद्युत चोरी पर प्रभावी अंकुश जरूरी है। इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होने कहा कि प्रवर्तन दलों के पास विद्युत कनेक्शन स्वीकृत करने तथा लोड बढ़ाने वाले फॉर्म रहें, जिससे ऑन द स्पॉट कनेक्शन दिए जा सकें। इस संबंध में अध्यक्ष ने बताया कि कम लोड का कनेक्शन लेकर अधिक लोड उपयोग कर रहे विद्युत उपभोक्ताओं का ऑन द स्पॉट लोड बढ़ाए जाने की व्यवस्था की गई है।

प्रवर्तन टीमें नियमानुसार इस पर कार्रवाई करेंगी। उन्होंने बिजली चोरी करने वालों को तत्काल कनेक्शन दिए जाने के मामले पर कहा कि बकायेदारों से वसूली के साथ ही उन्हें कनेक्शन देने की व्यवस्था पर विचार किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बच्चों संग रक्षाबंधन पर्व मनाते हुए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने बच्चों संग संवाद भी किया।

मणिपुर पुलिस ने 27 केस सीबीआई को सौंपे

इंफाल

मणिपुर पुलिस ने 27 केस सीबीआई को सौंपे हैं। इनमें महिलाओं पर अत्याचार से जुड़े 19 मामले हैं।

इसके अलावा जांच एजेंसी के पास थानों से हथियारों की लूट से जुड़े 3 और हत्या के दो मामले हैं। सूत्रों के हवाले से बताया कि सीबीआई अफसर की जांच जारी है। उन्होंने कई संदिग्धों और पीड़ितों से पूछताछ की है। मणिपुर में 3 मई से कुकी और मैतेई समुदाय के बीच जारी हिंसा में अब तक 150 से ज्यादा मौतें हो चुकी हैं।

वहीं हजार से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। 65 हजार से ज्यादा लोग बेघर हुए हैं। केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि मणिपुर में 6523 एफआईआर दर्ज की गई हैं।

सीबीआई को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा

अधिकारियों ने कहा कि राज्य में समाज जातीय आधार पर बंटा हुआ है, ऐसे में जांच एजेंसी को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। सीबीआई पर पक्षपात का आरोप भी लग सकता है कि वो एक समुदाय से मिली हुई है। ऐसे में बेहद गंभीरता के साथ आगे की जांच की जा रही है।

ज्यूडिशियरी में भयंकर भ्रष्टाचार: सीएम गहलोत



कई वकील जो लिखकर ले जाते हैं, वही जजमेंट आता है: राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा- आज ज्यूडिशियरी में भयंकर भ्रष्टाचार हो रहा है। मैंने सुना है कि कई वकील तो जजमेंट लिखकर ले जाते हैं। वही जजमेंट आता है। ज्यूडिशियरी के अंदर यह क्या हो रहा है? चाहे लोअर ज्यूडिशियरी हो या अपर। हालात गंभीर हैं। देशवासियों को सोचना चाहिए। गहलोत जयपुर में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा- भाजपा विधायक कैलाश मेघवाल ने केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल पर जो आरोप लगाए हैं, वो सही हैं। मुझे मालूम पड़ा है कि उनके (अर्जुन राम मेघवाल) वक्त बहुत बड़ा करप्शन हुआ था। उसे दबा दिया गया है। इन लोगों ने हाईकोर्ट से स्टे ले रखा है। इन्होंने किसी की परवाह ही नहीं की। हम तो कभी किसी के पीछे पड़ते नहीं हैं। ज्यूडिशियरी, आरपीएससी, एसीबी में कभी इंटरफियर नहीं करता हूं। मैंने जीवन में कभी इन संस्थाओं के काम में हस्तक्षेप नहीं किया। न कभी करना चाहिए।

हमने भी कई हाईकोर्ट जज बनाने में मदद की होगी

गहलोत ने कहा- हमने कई हाईकोर्ट जज बनवाने में मदद की होगी। उन सिफारिशों की कहीं वैल्यू हुई होगी। कई जज बन गए होंगे।

जज बनने के बाद मैंने जिंदगी भर उन लोगों से बात नहीं की। मैं मेरी खुद की अप्रोच रखता हूं। आज से 25 साल पहले मुख्यमंत्री हाईकोर्ट जज बनाने की रिकमेंडेशन देते थे। वो जमाना भी हमने देखा है। हम भी सांसद थे, केंद्रीय मंत्री थे। कई सिफारिशें होती थीं।

चाल, चरित्र, चेहरा कहां चला गया?

गहलोत ने कहा- आरएसएस अपने चाल, चरित्र, चेहरे की बात करता था। लोग विश्वास करते थे कि आरएसएस अलग तरह का संगठन है।

यह खुद कहते थे हम अलग हैं। आज उनका चाल, चरित्र, चेहरा कहां चला गया?

हिंदुओं और गोमाता के लिए जो हमने किया, वह कोई नहीं कर सकता

गहलोत ने कहा- हिंदुओं के लिए जो हमने किया, वह कोई नहीं कर सकता। गाय माता के लिए हमने जो फैसले किए हैं, वह कोई नहीं कर सकता। हम गोमाता के लिए 3 हजार करोड़ रुपए खर्च कर रहे हैं। लंपी रोग में मरने वाली गाय के लिए 40 हजार दे रहे हैं। देश में कौन दे रहा है।

हम कामधेनु योजना लेकर आ रहे हैं। मंदिरों का निर्माण करवा रहे हैं। गोविंद देव जी के मंदिर में 100 करोड़ की लागत से कॉरिडोर बनवा रहे हैं।

वैदिक स्कूल हम बना रहे हैं। पहला संस्कृत विश्वविद्यालय हमने बनवाया। हिंदुत्व की बात बीजेपी वाले कर रहे हैं। अब इनकी पोल खुलती जा रही है। जनता का मिजाज कब बदल जाए। यह जनता बहुत होशियार है। उनका दिमाग बहुत चलता है। जनता चुप रहती है, अनपढ़ हो सकती है। कम पढ़ी-लिखी हो सकती है, लेकिन उनकी समझ शानदार है। इंडिया शाइनिंग के नारे के बीच वाजपेयी सरकार चली गई। पता ही नहीं लगा।

विधानसभा-लोकसभा चुनाव साथ हों तो हम तैयार हैं

विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक साथ करवाने की तैयारियों के सवाल पर गहलोत ने कहा- विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक साथ होते हैं तो भी हम पूरी तरह तैयार हैं। केंद्र की सरकार कुछ भी करवा सकती है।

ईडी, इनकम टैक्स के अफसर अब ऊपर दो टूक बात करें, अन्यथा इतिहास माफ नहीं करेगा

गहलोत ने कहा- आज जांच एजेंसियों की हालत क्या है। सीबीआई, ईडी, इनकम टैक्स ?बिना असेसमेंट किए हुए लोगों के घरों में घुस रही हैं। जांच एजेंसियों के अफसरों से पूछना चाहिए कि तुम ऊपर के आदेश पर पहले बिना कोई छानबीन किए घरों में घुस रहे हो। असेसमेंट करके गड़बड़ी पहचान की नहीं और सीधे घरों में घुस रहे हो। आपकी अंतरात्मा, आपका परिवार, आपका जमीर, क्या इसकी गवाही दे रहा है?

ट्रंप ने बाइडेन को पागल कहा: बोले- वे गूंगे और नाकारा

वॉशिंगटन

पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जो बाइडेन पर तीखा हमला करते हुए उन्हें गूंगा, पागल और नाकारा बताया है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति पागल हो गए हैं और देश को तीसरे विश्व युद्ध की ओर ले जाएंगे। रॉयटर्स के मुताबिक एक वीडियो में ट्रंप कहते हैं, जो बाइडेन न केवल मूर्ख और अक्षम हैं बल्कि मेरा मानना है कि वह पागल हो गए हैं। उन्होंने देश में खतरनाक माहौल बना दिया है। यह एक मानसिक समस्या है जो हमारे देश को नर्क की ओर ले जा रही है। इस व्यक्ति के कारण तीसरा विश्व युद्ध छिड़ सकता है।

खबर संक्षेप

छत की सीढ़ी से पैर फिसलने पर नीचे गिरा युवक हुई मौत

करछना। थाना क्षेत्र के सेमरहा उपरहार गांव में मंगलवार की रात में एक युवक के छत से अचानक गिर जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों की ओर से पास के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया। जहां पर डॉक्टरों की ओर से उसे मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पर घर में कोहराम मच गया । उक्त गांव निवासी दिनेश कुमार निषाद उर्फ बबलू 38 वर्ष पुत्र स्व राम सजीवन निषाद मंगलवार की रात में छत पर रखे गेहूं की बोरियाबारिश की आशंका से नीचे उतार रहे थे । अचानक फिसल कर नीचे गिर गए । राम सजीवन निषाद के तीन पुत्रों में दिनेश सबसे छोटा पुत्र रहा। और वह मजदूरी का काम करता था। उसकी मौत पर पत्नी सुषमा देवी जहां बेसुध हो गई । वहीं तीन बच्चों में 17 वर्षीय बेटी खुशबू 15 वर्ष का बेटा करन और 10 वर्ष का बेटा अवनीश का रो- रो करके बुरा हाल है।

अपराधियों के कृत्य को स्वीकार नहीं किया जा सकता: सासंद

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। इलाहाबाद की सांसद प्रो.रीता बहुगुणा जोशी बुधवार को दोपहर प्रयागराज एयरपोर्ट से सीधे खीरी थाना क्षेत्र मे सोमवार को स्कूल से लौटते वक्त दसवीं के छात्र सत्यम शर्मा की वहन से छेड़खानी का विरोध करने पर सुनियोजित तरीके से सत्यम शर्मा की पीट-पीटकर निर्मम हत्या कर दी गई थी। उनके परिजनों से मिलने पूरादत्तू उनके घर पहुंची। जहां पहले से सैकड़ों की संख्या में क्षेत्र वासियों की मौजूदगी रही। सासंद सीधे मृतक की मां,चचेरी बहन व दादी व भाई से मिली परिजनों ने रोते हुए आप बीतीं सुनाई। सासंद प्रो.रीता बहुगुणा जोशी ने रूंधे हुए गले से भावुक होकर ढांढ़स बंधाया और कहा पूरा शासन - प्रशासन आपके इस अटूट दुःख में साथ खड़ा है। मृतक बेटे को वापस नहीं लाया जा सकता पर दुःख को कम करनें का प्रयास जरूर करूंगी। सासंद ने कहा जिस प्रकार हत्यारों ने निडर व निर्भीक होकर अपराध किया यह योगी आदित्यनाथ की सरकार है किसी भी अपराध और अपराधियों के कृत्य को स्वीकार नहीं किया जा सकता संलिप्त सभी के उपर सख़्त कानूनी कार्यवाही कराई जाएगी। पूरा देश गवाह है योगी आदित्यनाथ

सांसद ने कहा कि सख़्त कानूनी कार्यवाही कराई जाएगी, सांसद ने मृतक के मां दादी बहन को गले लगाकर ढांढ़स बंधाया और कहा पूरी सरकार इस दुःख में आपके साथ है, सांसद ने 50 हजार रुपए तत्काल राहत राशि परिजनों को सौंपी

सरकार की अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही नजीर है। सत्यम शर्मा के हत्यारों और साजिशकताओं को कड़ी से कड़ी कानूनी कार्यवाही के तहत सजा दिलाई जाएगी। अवैध निमार्णों को ध्वस्त किया जाएगा। सासंद रीता बहुगुणा जोशी ने अपने पास से पचास हजार रुपए तत्काल राहत के रूप में प्रदान किया एवं परिजनों के मांग पर आश्वासन दिया कि मुख्यमंत्री से मिलकर या बताकर राहत राशि, परिजनों के आजीविका हेतू रोजगार नौकरी,आवास उपलब्ध करवाया जाएगा। मौके पर मौजूद उपजिलाधिकारी कोरांव व एसीपी को आए दिन हो रही छात्राओं से छेड़खानी से बचाने हेतू तत्काल पुलिस बूथ की स्थापना को निर्देशित किया। पूरा दत्तू में मौजूद सैकड़ों लोगों ने तमाम समस्याओं और अपराधी प्रवृति के लोगों की प्रताड़ना की दास्तान सुनाई उन सबके निराकरण का सासंद ने आश्वासन दिया।जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती ने भी मंगलवार को जनप्रतिनिधियों शासन -प्रशासन व उच्चाधिकारियों से वार्ताकर सहायता राशि उपलब्ध कराकर मृतक के अंत्येष्टि संस्कार में शामिल होकर शोक संवेदना व्यक्त किया था। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि सांसद ने अन्य सभी समस्याओं को अधिकारियों से बात कर दूर कराने को निर्देशित करते हुए कहा विधालय आने जाने वालों छात्राओं को सुरक्षा तत्काल मुहैया कराई जाय क्षेत्र वासियों में काफी डर का माहौल है। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष शिवदत्त पटेल,अशोक सिंह,रामेश्वर द्विवेदी,राजेश्वरी तिवारी, दिलीप कुमार चतुर्वेदी, संतोष त्रिपाठी, अशोक चौधरी,विजय शंकर शुक्ल,संत प्रसाद पाण्डेय, राजेश कुमार तिवारी,आरके पांडेय, सुधीर साहू बऊआ,श्याम बाबू केशरी, अनूम शुक्ला आदि के साथ सैकड़ों की संख्या में भाजपाई एवं क्षेत्रीय जनता महिला पुरुष उपस्थित रहे।

खीरी में छात्र के हत्या की घटना निंदनीय मिले कड़ी से कड़ी सजा :डॉ पाण्डेय

करछना। खीरी के पूरेदत्तू निवासी छात्र सत्यम के दर्दनाक मौत की घटना निंदनीय है। इसे लेकर क्षेत्रीय लोगों में एक बड़ा आक्रोश व्याप्त है। ऐसा कृत्य करने वाले हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। सत्यम के परिजनों द्वारा हत्यारों के घर बुलडोजर चलाये जाने की मांग भी बिल्कुल जायज है, जिससे बेखौफ हत्यारों को दोबारा ऐसी घटना के लिए सच्चा सबक मिल सके। यह बातें पूरे दत्तू गांव में सत्यम के घर पहुंच कर जमुना पार जागृति मिशन टीम के संयोजक डॉ.भागवत पांडेय ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए परिजनों को सांत्वना देते समय कही। उन्होंने कहा कि स्कूल से लौटते समय चचेरी बहन के साथ अभद्रता करने वालों को मना करने पर इतनी बड़ी घटना को अंजाम देना और सरेराह पीट पीट कर जान ले लेना निहायत निंदनीय है। इस घटना ने पूरे जमुनापार को झकझोर दिया है। हालांकि प्रशासन ने घटना में संलिप्त कुछ लोगों को हिरासत में लिया है किंतु परिजनों की सांत्वना के लिए प्रशासन को भी सख्त से सख्त कार्यवाही करने की जरूरत है। इस दौरान उनके साथ भाजपा के जिला मंत्री विनोद प्रजापति, पूर्व मंडल अध्यक्ष राम भवन द्विवेदी,मस्त राम समेत कई लोग मौजूद रहे।

दो बच्चों की मां प्रेमी युवक के घर पहुंच कहा अब वह दोबारा करेगी शादी

मेजा। कहते हैं इश्क अंधा होता है वह जाति धर्म नहीं पूछता, कुछ इसी तरह का वाकया क्षेत्र के एक गांव में उस समय देखने को मिला जब प्रेमी युवक के घर का पता लगाते हुए दो बच्चों की मां पहुंच गई और बोली कि वह अपने पति से तलाक लेकर उसके घर पहुंची है। प्रेमी से शादी कर नई दुनिया बसाएगी। उसकी बात सुन गैर बिरादरी के प्रेमी के पिता ने बिना किसी से कुछ बताएं घर में एक कमरा रहने के लिए दे रखा है। युवती ने कहा कि शादी के बाद पति से दो बच्चे हैं बेटे को उसने पति के घर छोड़ दिया जबकि बेटी को लेकर प्रेमी के घर पहुंच गई। मां की काफी दिनों पहले मौत हो गई है घर के अन्य लोग इस मामले में किसी प्रकार का दखल नहीं दे रहे हैं। शादी के बाद उसका पति बाहर नौकरी करने लगा घर पर वह अकेली बच्चों के साथ रहती है। इसी बीच वह एक दिन रामनगर शीतला मां के धाम दर्शन करने पहुंची तो उसके पास युवक पहुंच गया उसकी कुछ मदद की तो उसके दिल में युवक के प्रति प्रेम जाग गया। इस दौरान कई बार उससे मिली। युवक से नजदीकियां बढ़ी तो दोबारा शादी करने का मन बना लिया है। अब वह पति की जगह प्रेमी के घर ही रहना बेहतर समझ रही है। दो बच्चों की मां के प्रेमी के घर पहुंचने की जानकारी युवक के बिरादरी को हुई तो दर्जनों की संख्या में महिलाएं उसके घर पहुंच गई। चर्चा रही कि युवक इस समय घर पर नहीं है उसकी शादी किसी जगह तय हुई है। बैंड बाजा चार पहिया वाहन सहित अन्य का बयाना दिया जा चुका है। ज्योति ने प्रेमी युवक के घर बहुत सारा मामला पलट दिया।

बाजारों में रही रौनक : बहनों ने भाइयों के लिए खरीदी राखी और मिठाइयां

अखंड भारत संदेश

मेजा। रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर बुधवार को क्षेत्र के बाजारों में लोगों की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली। बाजारों में सजी रंग बिरंगी राखियां ग्राहकों को आकर्षित कर रहीं थी।इस वर्ष बुधवार को दिन भर भद्रा होने के कारण ज्यादा तर बहनें गुरुवार को सुबह भाई की कलाई में राखी बांधने के मद्देनजर भाइयों के लिए राखियों एवं मिठाई की खरीदारी की। रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर अपनों को राखी की सौगात भेजने के लिए जहां लोगों ने जमकर खरीदारी की। वहीं मिठाइयों की दुकान पर भी खरीदारों की भीड़ रही। उमस भरी गर्मी होने के बावजूद महिलाओं में अपने भाइयों के लिए राखी खरीदने का उत्साह बरकरार था। दोपहर के समय बाजार में भीड़ कम हुई थी, लेकिन चार बजे के बाद बाजार में पैर रखने की भी जगह नहीं थी। मेजा खास, मेजारोड,सिरसा ,सोनकर तारा, कोहड़ार,डिघिया,रामनगर आदि बाजारों में जाम का माहौल रहा। राखी के त्योहार पर मिठाई की दुकानों पर भी काफी भीड़ उमड़ी। महंगाई के बावजूद लोगों ने तरह-तरह की मिठाइयां खरीदीं। मिठाई की दुकान संचालकों ने सड़क तक टेंट लगाकर मिठाइयां सजाई हुई थी। डोडा बर्फी, काजू कतली, रसगुल्ले के अलावा मिक्स मिठाई की भी काफी मांग रही। कई दुकानों पर शाम होने से पूर्व ही मिठाइयां बिक गई थी। रक्षाबंधन भाई और बहन

का सबसे बड़ा त्योहार होता है। इसके चलते महिलाएं एवं युवतियां मेहंदी लगवाने के लिए बाजार पहुंच रही थीं। मेहंदी लगवाने वाले भी फुटपाथ पर स्टूल लगाकर महिलाओं का इंतजार कर रहे थे। शाम को मेहंदी लगवाने वाली महिलाओं की भीड़ थी। सामान्य दिनों में 100 रुपये में एक हाथ में मेहंदी लगाई जाती है, लेकिन रक्षा बंधन की पूर्व संध्या पर रेट बढ़ा दिए गए थे। 200 रुपये से कम कोई भी मेहंदी नहीं लगा रहा था।फिर भी युवतियां मेंहदी लगवाया।

रक्षाबंधन : जंघई बाजार में मिठाई, गिफ्ट, कपड़े लेने उमड़ी भीड़

जंघई। भाई बहन के अटूट रिश्ते के प्रतीक का पर्व रक्षाबंधन मनाने के एक दिन पहले दुकानों पर हुई अच्छी खरीदारी की गई। जंघई बाजार में रक्षाबंधन, मिठाई, गिफ्ट, कपड़े लेने के लिए भाई, बहन एवं अभिवावक खरीददारी करते हुए नजर आए। रक्षाबंधन पर्व के लिए बाजार में राखियों की दुकानों पर कई वैरायटी की राखियां मिल रही है। बाजार में डायमंड राखी, रेशम राखी, जोधपुरी राखी के साथ ही चमकीली लाइट वाली राखियां बाजार में दुकानों पर नजर आ रही है। बाजार में राखियों की दुकानों के साथ ही आभूषणों, कपड़ा की दुकानों के साथ ही बसों में महिलाओं की चहल-पहल अधिक रही। बच्चों के लिए उनकी पसंदीदा कार्टून कैरेक्टर से बनी राखियां भी बाजार में आई हैं नन्हे बच्चों लिए बाल गणेश, छोटा भीम, मिकी माउस, डोनाल्ड डक, डब्लू बबलू और अन्य कार्टून कैरेक्टर वाली राखियां भी दुकानों में सजी हुई हैं। दुकानदारों ने बताया कि इस बार पिरोई जाने वाली बिट्स राखिया, ब्रेसलेट राखी की मांग अधिक है इसके साथ ही कुंदन, टेडीबेयर, चूड़ाराखी आदि राखियां भी बाजार में बिक रही हैं। बाजार में सुबह से दुकानों पर चहल-पहल रही और दुकानों पर भी भीड़ जमा होने लगी लोगों ने जमकर खरीदारी किया।

न्यूज झरोखा

आशुतोष मेमोरियल स्कूल में बच्चों ने मनाया रक्षाबंधन

हनुमानगंज। धनैचा मलखानपुर स्थित आशुतोष मेमोरियल स्कूल में बच्चों ने भाई बहन के स्नेह का प्रतीक राखी का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया। अध्यापक अध्यापकों के निर्देशन में नन्हें मुन्ने बच्चों ने अपने हाथ से रंग बिरंगी राखियां बनायी और फिर अपने सहपाठी भाइयों के हाथ में बांधा। बड़ी कक्षाओं की छत्राओं ने अपने सहपाठी भाइयों की कलाई पर मनमोहक राखियां बांधी और बदले में भाइयों ने उन्हें स्नेह स्वरूप उपहार दिया। विद्यालय के निदेशक डॉ. गिरीश कुमार पांडे, समन्वयक अदिति सिंह ने रक्षाबंधन के इस मनोहारी कार्यक्रम को निखारा तथा सभी बच्चों को आशीष प्रदान किया। विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं भी इस पावन अवसर पर उपस्थित रहे और बच्चों को अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

सपा कार्यकताओं ने राज्यपाल को संबोधित डीएम को सौंपा ज्ञापन

करछना। प्रयागराज जिला अध्यक्ष यमुनापार प्रयागराज के नेतृत्व में जिलाधिकारी प्रयागराज के द्वारा महामहिम राज्यपाल को यमुनापार में जनसमस्या को लेकर ज्ञापन दिया गया, इस मौके पर उपस्थित समस्त जिले के पदाधिकारी, पप्पू लाल निषाद जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी यमुनापार प्रयागराज, जगदीश सिंह महासचिव, श्री जयशंकर भारती उपाध्यक्ष, कमलेश कुमार पुष्कर जिला सचिव, महेन्द्र सरोज, ननकेश बाबू, विधानसभा अध्यक्ष करछना, श्रीमती सत्यभामा मिश्रा, श्रीमती गीता भारती, महिला महासचिव, गुलाम मुस्तफा उपाध्यक्ष, आदि लोग उपस्थित हुए

छात्राओं ने छात्रों को बांधी राखी, छात्रों ने रक्षा का लिया संकल्प

घूरपुर। क्षेत्र के पूरेखगन गांव स्थित बी एल सिंह पब्लिक इंटर कॉलेज में रक्षाबंधन धूमधाम के साथ मनाया गया। कॉलेज में छात्राओं ने छात्रों को रक्षासूत्र बांधा। छात्र भाईयो ने बहनों के प्रति सुरक्षा का संकल्प लिया। कॉलेज के संचालक पुष्पराज सिंह ने छात्राओं को रक्षाबंधन पर्व की पौराणिकता, पवित्रता और महत्ता के बारे में बताया। वहीं प्रबंधक नागेंद्र सिंह ने छात्रों को रानी कर्मवती और हुमायूं तथा प्रधानाचार्य कृष्ण शंकर तिवारी ने भगवान श्रीकृष्ण और द्रोपदी का प्रसंग सुनाकर रक्षाबंधन त्योहार मनाए जाने की जानकारी दी। छात्राओं ने टीका लगा रक्षा सूत बांध कर मिठाई खिलाई कॉलेज में जश्न का माहौल रहा। विनय कुमार शर्मा ,जगत बहादुर,प्रभाशंकर पांडेय,सीता देवी,अर्चना सिंह,रेनू सिंह, काजल,बीएल पथिक आदि शिक्षक मौजूद रहे।

कैंब्रिज हाई स्कूल एंड कॉलेज में किया गया वृक्षारोपण

शंकरगढ़। सरकार द्वारा चलाए गए वृक्षारोपण अभियान के तहत कैंब्रिज हाई स्कूल एंड कॉलेज शंकरगढ़ में विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी बालेन्द्र पांडे और बच्चों के द्वारा वृक्षों का रोपड़ किया गया। इस अवसर पर बालेंद्र जी ने कहा कि मानव जीवन को स्वस्थ रखने के लिए वृक्षों का होना अधिक आवश्यक है । अतः हम सभी लोगों को ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाना चाहिए और और जिस तरह से आजकल अपने निजी स्वार्थ में वृक्षों की कटाई की जा रही है यह मानव जीवन के लिए एक बड़ा खतरा है अतः पूरे मानव समाज की जिम्मेदारी है कि वृक्षों के कटाव को रोकें। विद्यालय के अध्यापक मनी शंकर दुबे, सौरभ प्रकाश,धर्मराज कुशवाहा ,मनोज तिवारी, पंकज मिश्रा, पंकज श्रीवास्तव, दीपक केसरवानी, सुधीर नारंग, , राजेश कुमार, अनुज पांडे, रीना गोस्वामी, रेखा सिंह, रितु सुसारी ,स्मिता ,मधु केसरवानी,मीरा श्रीवास्तव , प्रीति सेन, वंदना शुक्ला , ऊषा सिंह, आदि व वासु तिवारी, कार्तिकेय शुक्ला, हिमांशु यादव, अविनाश कुमार, आलोक, सचिन, अंश, उत्कर्ष,रितुल श्रीवास्तव, ज्योति, निशा, कल्पना आदि बच्चे उपस्थित रहे।

आंगनबाड़ी केंद्रों में तीन वर्ष से 6 वर्ष के बच्चों की माताओं को पालन पोषण की दी गई जानकारी

जसरा। आंगनबाड़ी केंद्रों में तीन वर्ष से 6 वर्ष के बच्चों की माताओं को पालन पोषण से सम्बंधित जानकारी देने हेतु उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्राथमिक विद्यालयों में स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों में स्थित आंगनबाड़ी कार्यकत्री को प्रशिक्षित किया गया। उसी क्रम में प्राथमिक विद्यालय मुड़ेरा में आंगनबाड़ी माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन नोडल शिक्षक संकुल आशीष जायसवाल ने किया। कार्यक्रम में नोडल शिक्षक संकुल द्वारा उपस्थित माताओं को स्वास्थ्य और पोषण की जानकारी दी गई साथ में प्री प्राइमरी के लिए कैसे तैयार करें यह भी बताया गया। कार्यक्रम में प्रभारी आंगनबाड़ी महिमा द्विवेदी सहित प्रधानाध्यापिका संगीता सिंह शएषधर, प्रतिमा,अंजुला सहित दर्जनों मात्राएं मौजूद रहीं।

एक रक्षा सूत्र उन वीर सैनिकों को जो देश की रक्षा करते हैं : प्रमुख

अखंड भारत संदेश

करछना। करछना के अमर शहीद गिरीश कुमार शुक्ल स्मारक गुरुकुलम पब्लिक स्कूल हनुमानपुर में बुधवार को रक्षाबंधन का त्यौहार सैनिक भाइयों के साथ हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में करछना ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी मौजूद रहे। उन्होंने शहीदों के लिए आयोजित इस सम्मान समारोह की सराहना करते हुए विद्यालय परिवार को बधाई भी दी। जिसमें रिटायर्ड कैप्टन पुष्पेंद्र सिंह सूबेदार राममूर्ति सिंह इंस्पेक्टर एस.एल.यादव सब इंस्पेक्टर कमला शंकर शुक्ल बीएसएफ सूबेदार बाल कृष्ण शुक्ल दुर्गा प्रसाद तिवारी दया शंकर शुक्ल राजकुमार सिंह कृष्ण चंद्र तिवारी आदि क्षेत्रीय सैनिकों को विद्यालय की ओर से स्मृति चिन्ह, पुष्प माला व अंग वस्त्रम भेंट कर के सभी को सम्मानित किया गया। विद्यालय की छात्राओं में अनन्या द्विवेदी लक्ष्मी ओझा अनुष्का सिंह सौम्या द्विवेदी रक्षा गौतम शिवानी आदि छात्राओं ने सभी सैनिकों के हाथों में रक्षा सूत्र बांधा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक नागेंद्र शुक्ल विद्यालय संचालक अधिवक्ता प्रकाश नारायण द्विवेदी प्रधानाचार्य डॉ के पी तिवारी ने सभी के प्रति आभार जताया। इस मौके पर सुरेश सिंह शुभम शुक्ल शशांक मिश्र बलराम चंदन राव वीरेंद्र गुप्ता सीमा सिंह श्वेता द्विवेदी शिखा कोमल प्रिया संध्या रूपाली निधि अनुराग सिंह कमला शंकर तिवारी छोटू सिंह गजानंद आदि शिक्षक व शिक्षिकाओं सहित अभिभावक लोग मौजूद रहे।

पूजन अर्चन जलाभिषेक से भक्तों ने किया शिवजी की उपासना, हुआ प्रसाद का वितरण

सहसों। श्रावण मास के इस पावन महीने की आखरी में चतुर्दशी तिथि को शिव धाम मंदिर रामनगर में भक्तों द्वारा जलाभिषेक, बेलपत्र, फूल माला, धूप दीप, नैवेद्य चढ़कर आराधना किया गया। इसी प्रकार मंगलवार को सहसों निवासी मनोज तिवारी तथा राकेश तिवारी परिवार सहित अन्य भक्तों ने विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद महा रुद्राभिषेक किया।तत्पश्चात आरती उतार कर भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर आचार्य पं विद्याधर तिवारी एवं आचार्य ओम प्रकाश शास्त्री ने कहा कि सावन के पवित्र मास में भगवान शिव की आराधना विशेष फलदाई है। जो भी भक्त नर नारी श्रद्धा व आस्था के साथ भगवान भोलेनाथ की इस पवन पवन महीने में जलाभिषेक, दुग्ध अभिषेक के साथ महारुद्र अभिषेक करते हैं उनके सभी कष्ट एवं बाधाएं दूर होती हैं। तथा उन्हें सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा लक्ष्मीकांत उपाध्याय, जिला महामंत्री जीत लाल त्रिपाठी, ब्लॉक प्रमुख फूलपुर विपेन्द्र सिंह पटेल, भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष वीरेन्द्र बहादुर सिंह, राजकुमार सिंह, राजधर द्विवेदी, डॉक्टर कृष्ण चन्द्र पांडे, प्रहलाद मोदनवाल, शिव बाबू केसरवानी, अनुज कुमार मिश्रा सहित भारी संख्या में लोगों ने भगवान भोलेनाथ की अनुकंपा से महा प्रसाद ग्रहण कर पुण्य के भागीदार बने।

मेरी माटी मेरा देश और पंच प्रण प्रतिज्ञा कार्यक्रम की सफलता होगी ऐतिहासिक : योगेश

अखंड भारत संदेश

मेजा। पीएम के सपनों को पूरा करने के लिए संपूर्ण प्रयागराज जनपद में मेरी माटी मेरा देश और पंच प्रण प्रतिज्ञा कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाएं। उक्त उदगार भाजपा के वरिष्ठ नेता यौगेश शुक्ल ने आगामी एक सितंबर से तीस अक्टूबर तक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रसाद नड्डा के निर्देशन में मनाए जाने वाले अभियान मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के मद्देनजर एक कार्यक्रम में स्वयं के संचालित की जाने वाली युवा संबाद यात्रा को स्थगित करने के दौरान व्यक्त किए। इस संबंध श्री शुक्ल के मीडिया प्रभारी विनय शुक्ला ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नड्डा के नेतृत्व में उक्त तिथि से मनाए जाने वाले कार्यक्रम मेरी माटी मेरा देश एवं पंच प्रण प्रतिज्ञा के कारण यौगेश शुक्ल ने युवा संवाद यात्रा स्थगित कर दिया है। उन्होंने कहा कि एक सितंबर से प्रस्तावित युवा संवाद यात्रा के माध्यम से प्रत्येक गांव में युवाओं के बीच जाकर देश यशश्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पंच प्रण के मंत्र का प्रत्यक्ष संकल्प कराना चाहते थे लेकिन अब पार्टी ने इस विषय को पूरे देश में एक अभियान के तौर पर ल लिया है पार्टी के इस महाभियान से यौगेश शुक्ल की युवा संवाद यात्रा का औचित्य भी पूरा होगा। भाजपा नेता ने कहा पी एम के सपनों को पूरा करने के लिए उक्त कार्यक्रम की सफलता ऐतिहासिक होगी उन्होंने प्रयगराज जनपद के समस्त वासियों से कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील किया है।

शिक्षा के तहत माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम किया गया आयोजित

जारी। कौंधियारा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय दानपुर में आधारभूत साक्षरता के प्रथम सोपान के तौर पर पूर्व प्राथमिक शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आंगनबाड़ी केंद्र परिसर में माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। माता- उन्मुखीकरण आंगनबाड़ी केंद्र में बैठक संपन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि, डायट मैटर शबनम ने बताया कि मेरा परिवार थीम पर बात चित व चर्चा की अभिभावक को बताया गया कि बच्चों को सदस्यों के बारे में जानकारी दें परिवार के बारे में जानकारी दें ।और बच्चों के समय-समय पर स्कूल उनके दिनचर्या के बारे में विद्यालय में आकर चर्चा करें। नोडल कक्षा एक के स्वाति सिंह ने भी विस्तार से जानकारी दी। प्रधानाध्यापिका विजय लक्ष्मी ने आए हो लोगों को आभार व्यक्त किया। आंगनवाड़ी सरिता शुक्ला , पुष्पा जायसवाल ,लक्ष्मी, कृष्णा , पार्वती, मालती ,रूपा ,सीता ,कंचन, उर्मिला आदि लोग मौजूद रहे।

महादेव को मनाने के किये गए जगह-जगह रुद्राभिषेक

मांडा। क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों में सावन के पावन महीने में लोग शिव आराधना में लगे रहे। शिव भक्तों ने भोले बाबा को मनाने के लिए भक्तों ने जगह-जगह रूद्राभिषेक किया।और पूजन भजन के बाद जलाभिषेक करते हुए भगवान भूतनाथ को प्रसन्न कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। इस दौरान कार्यक्रमों का सिलसिला चलता रहा। मांडा क्षेत्र के प्रत्येक जगहों पर अंतिम दिन सावनी तेरस के महात्म को लेकर महिलाओ में गजब का उत्साह रहा। तो जगह जगह भजन संध्या और शिव स्त्रोत पाठ के साथ-साथ शाम को सा कार्यक्रम और भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसमे मांडा क्षेत्र के लोग भजन कीर्तन में जमकर भाग लिए एक तरफ महिलाएं जहाँ देवो के देव महादेव को प्रसन्न करने में भजन कीर्तन में मसगुल रही तो वही दूसरी तरफ पुरुष भी किसी से कम नही रहे। जिसमे शामिल जय शंकर प्रजापति, कमला शंकर प्रजापति,रमा शंकर प्रजापति, राजेंद्र प्रजापति, पुष्पेंद्र, रवि आदि रहे।

आवारा पशुओं से किसानों को बचाएं सरकार किसान बेहाल : उज्जवल

अखंड भारत संदेश

करछना। प्रयागराज पूर्व मंत्री उज्जवल रमण सिंह करछना,मेजा के तीन दिवस क्षेत्र भ्रमण में अधिकतर किसानों ने आवारा पशुओं और बिजली की समस्या बताया , ग्रामीणों ने पूर्व मंत्री से शिकायत किया की उनका आधार कार्ड लेकर बिजली विभाग लाखों का बिजली बिल भेज रहा है जबकि उन्होंने उसका उपयोग भी नहीं किया और अघोषित बिजली कटौती से ग्रामीण अलग परेशान हैं। पूर्व मंत्री ने सम्बंधित बिजली विभाग के अधिकारियों से बात कर समस्या समाधान के लिए कहा। उज्जवल रमण सिंह ने कहा कि सरकार छुट्टा जानवरों की देखभाल के लिए सेस (कर) ले रही हैं फिर भी वो खेत खलिहान और सड़क पर नजर आ रहे हैं जिससें जनता के जानमाल का नुकसान हो रहा है उन्होंने कहा कि पहले तो नील गाय ही एक समस्या थीं जिनकी संख्या कुछ सीमित थीं जो इंसान को देखकर दूर भागते थें पर छुट्टा जानवर घर गली चौराहों पर घुसपैठ कर लोगों को घायल कर रहे हैं। पूर्व मंत्री ने कहा कि किसानों की आय दुगुनी तो नहीं हुई पर छुट्टा जानवरों से रात की नींद हराम हो गई इसलिए केंद्र-प्रदेश सरकार को इस गम्भीर समस्या का समाधान जल्द खोजना चाहिए क्योंकि गोशालाओं कि स्थिति भी बहुत दयनीय हैं। पूर्व सपा प्रदेश प्रवक्ता विनय कुशवाहा ने कहा कि गोरक्षा के नाम पर इतनी कमेटियां सक्रिय हैं उनके प्रत्येक सदस्य को पांच-पांच आवारा पशुओं की जिम्मेदारी सौंपी जाय ।उन्होंने कहा कि गोरक्षक सम्मान के साथ आवारा जानवरों की देखभाल करेंगे क्योंकि गोरक्षकों के मन में आवारा पशुओं के प्रति बहुत हमदर्दी होती हैं,तो यह समस्या स्वतः समाप्त हो जायेगी।

खबर संक्षेप

नगर निगम प्रयागराज द्वारा स्वकर निर्धारण वाले भवनों तथा अन्य भवनों के लिये 10 प्रतिशत गृहकर जमा करने की छूट की अवधि बढ़ायी गयी

प्रयागराज। नगर निगम प्रयागराज के महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी द्वारा कई पार्षदों के लिखित अनुरोध पर कि जिस प्रकार स्वकर-निर्धारण करने वाले भवन स्वामियों को गृहकर जमा करने हेतु अन्तिम तिथि 31 अक्टूबर 2023 तक 10 प्रतिशत छूट सदन द्वारा प्रदान की गयी है उसी प्रकार अन्य भवन स्वामियों को गृहकर जमा करने पर 10 प्रतिशत छूट 31 अक्टूबर तक दी जाय। महापौर द्वारा उपरोक्त के सम्बन्ध में नगर आयुक्त चन्द्र मोहन गर्ग को निगम आय हित में सभी अवासीय/अनावासीय भवनों पर गृहकर जमा करने पर 10 प्रतिशत छूट की अवधि 31 अक्टूबर 2023 तक बढ़ाये जाने की अनुमति प्रदान करने हेतु निर्देशित किया गया।

झोलाछाप ने दरोगा के बेटे को गोली से उड़ाया

थरवई में सनसनी खेज वारदात

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। थरवई के 40 नंबर गुमटी मोहल्ले में दरोगा के बेटे पंकज यादव(27) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। आरोप झोलाछाप रोहित यादव पर है और घटना भी उसी के दवाखाने में हुई। आरोपी फरार हो गया है और पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। दोनों के बीच रुपयों के विवाद की बात सामने आई है। बद्रीप्रसाद मूल रूप से थरवई के हसनपुर कोरारी गांव के रहने वाले हैं और पुलिस विभाग में दरोगा हैं। वर्तमान में उनकी तैनाती वाराणसी के सारनाथ थाने में है। उनका बेटा पंकज छोटे भाई नीरज व एक बहन के साथ तेलियरगंज स्थित मकान में रहता था। इन दिनों वह 40 नंबर गुमटी स्थित चकिया में मकान बनवा रहा था। मकान के पास ही झोलाछाप रोहित यादव राजू यादव के मकान में किराये पर कमरा लेकर जनकल्याण चिकित्सालय के नाम से क्लीनिक चलाता था।उसकी पंकज से दोस्ती थी और अक्सर पंकज उसकी क्लीनिक में आया करता था। बुधवार सुबह भी पंकज वहां पहुंचा। अचानक गोली चलने की आवाज आई। आसपास के लोग पहुंचे तो पंकज लहूलुहान हाल में मृत पड़ा था। सिर में गोली मारकर उसकी हत्या की गई थी। जबकि रोहित गायब था। सूचना पर पुलिस पहुंची और कुछ देर बाद अफसर भी आ गए। सूचना पर मृतक का भाई भी पहुंच गया। जांच पड़ताल के बाद शव को मर्चरी भेजवा दिया गया।

पांच हजार रुपये का था विवाद

पूछताछ में मृतक के भाई नीरज ने बताया कि उसके भाई से रोहित ने रुपये उधार लिए थे। पांच हजार रुपये बकाया थे। कई बार मांगने के बावजूद वह बकाया वापस नहीं कर रहा था। रुपये मांगने पर एक बार उसने फोन पर धमकी भी दी थी। इसकी रिकॉर्डिंग भी उसने पुलिस को सुनाया।

गोली चलने के बाद भागता दिखा आरोपी : पुलिस अफसरों की जांच पड़ताल में कुछ लोगों ने बताया कि घटना के बाद उन्होंने आरोपी रोहित को क्लीनिक से निकलकर भागते देखा था। गोली चलने के तुरंत बाद वह कमरे से निकलकर बाहर भागा। इस दौरान उसके एक पैर में ही चप्पल थी। कुछ दूर जाने के बाद वह फिर लौटा लेकिन भीतर नहीं गया। बाहर खड़ी बाइक स्टार्ट की और निकल भागा।

खुद को बताता था डॉक्टर: आरोपी रोहित मूल रूप से प्रतापगढ़ जनपद के फतनपुर थाना स्थित रामपुर गौरा गांव का रहने वाला है। वह थरवई में खुद को डॉक्टर बताता था। यही कहकर उसने मकान भी किराये पर लिया था।

मौके से खोखा मिला, पर नहीं बरामद हुआ असलहा

सूत्रों का कहना है कि पुलिस को जांच पड़ताल के दौरान घटनास्थल से खोखा बरामद हुआ। हालांकि वह असलहा नहीं मिला जिससे गोली चलाई गई। सूत्रों का कहना है कि गोली तमंचे से मारी गई। आशंका इस बात की भी जताई जा रही है कि क्लीनिक में तमंचा लेकर बैठने से साफ है कि वह पहले से योजना बनाकर बैठा था।मृतक के भाई की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी की तलाश की जा रही है। गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें बना दी गई हैं।

– **अभिषेक भारती, डीसीपी गंगानगर**

इलाहाबाद हाईकोर्ट के बाहर वकीलों का प्रदर्शन

हापुड़ में दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग, आक्रोशित वकीलों ने जलाया पुतला

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट के वकील हापुड़ पुलिस के द्वारा हुए लाठी चार्ज की घटना के विरोध में आज बुधवार को हड़ताल पर हैं। वकील हाईकोर्ट के अलग-अलग गेटों पर नारेबाजी कर प्रदर्शन करते रहे। हापुड़ में वकीलों पर पुलिस द्वारा लाठी चार्ज की घटना से नाराज वकीलों ने हाईकोर्ट के गेट नंबर-3 के बाहर पुतला भी फूंका।दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ वकीलों ने एफआईआर दर्ज करने और कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। अधिवक्ताओं के आक्रोश को देखते हुए यहां हाईकोर्ट के आसपास बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई।उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष पांचू राम मौर्य ने कहा, सरकार को हापुड़ में हुई घटना को गंभीरता से लेनी चाहिए और दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

वकीलों ने की एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट की मांग

वकीलों ने कहा कि पुलिस प्रशासन की ओर से आए दिन वकीलों के साथ मारपीट जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं। पुलिसकर्मियों पर कोई कार्रवाई नहीं होती है। यही कारण है कि इस तरह की बार घटनाएं बार बार हो रही हैं।ऐसी घटनाएं दोबारा ना हो इसके लिए वकीलों ने एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट की मांग भी किया। लखनऊ बेंच के वकील भी आज न्यायिक कार्य से विरत हैं, कई जिलों के वकीलों ने भी आज कार्य बहिष्कार किया है। वकीलों की हड़ताल के चलते आज तमाम मुकदमों की सुनवाई टल गई है जिससे वादियों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा।यूपी बार काउंसिल के आह्वान पर पूरे प्रदेश भर में आज हड़ताल पर हैं। बार काउंसिल ने दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

राजस्व कर्मी पर पागल व्यक्ति से फर्जी बैनामा कराए जाने का आरोप

मेजा। विकास खंड उरवा अंतर्गत ग्राम अमिलिया कला के एक राजस्व कर्मी ने अपने सगे चाचा जो बचपन से ही मानसिक रूप से कमजोर है की संपूर्ण भूमि का बैनामा रजिस्ट्री अपनी पत्नी की हक में लॉकडाउन का फायदा लेते हुए करा लिया तथा हल्का लेखपाल व तहसील के कर्मचारियों की मिलीभगत से नामांतरण का आदेश करा लिया जबकि वह चार सगे भाई हैं।मानसिक रूप से कमजोर होने की पुष्टि ग्राम प्रधान ने लिखित की है। उक्त प्रकरण की शिकायत एक वकील द्वारा उप जिलाधिकारी मेजा ,/तहसीलदार मेजा से किए जाने पर पूर्व नामांतरण आदेश को न्यायालय द्वारा स्थगित कर दिया गया है। शिकायत करता ने बताया कि उप जिलाधिकारी मेजा से बातचीत किए जाने पर यह अवगत कराया गया कि जांच टीम नियुक्त की गई है।आख्या प्राप्त होने पर कथित लेखपाल के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

अनियंत्रित बाइक गड्ढे में गिरी,बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

सहसों। थाना सराय इनायत के पुलिस चौकी सहसों अंतर्गत घरहरा चकिया गांव निवासी सोम नारायण मिश्र पुत्र मंगला प्रसाद प्रयागराज से मंगलवार को देर रात अपने घर घरहरा वापस लौट रहे थे। सड़क के किनारे डाली गई पाइप के बाद बिखरी गिट्टियां एवं मिट्टी के कारण बाइक अनियंत्रित होकर गड्ढे में चली गई। जिससे सोम नारायण गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक सवार को गड्ढे में गिरे देख राहगीरों की सूचना पर पहुंचे स्वजन तत्काल उन्हें लेकर प्रयागराज के एक निजी चिकित्सालय में इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां पर स्थिति गंभीर बनी हुई है। जिसके कारण कार्यदायी संस्था से स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि खोदे गए गड्ढे को पूरी तरह से पाटकर समतल कर दिया जाए अन्यथा कभी भी बड़ा हादसा हो सकता हैं।

सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा कर रहीं महिलाएं

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। सरकारी बसों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से महिलाओं के लिए दो दिन की विशेष छूट दी गई है। रक्षाबंधन पर्व को देखते हुए आज 30 अगस्त और 31 अगस्त को महिलाएं सरकारी बसों में फ्री यात्रा करेंगी। 29 अगस्त की रात 12 बजे से 31 अगस्त की रात 12 बजे तक के लिए यह छूट सिर्फ महिलाओं के लिए है। ताकि उन्हें भाई को राखी बांधने के लिए जाने में असुविधा न हो। सुबह से ही महिलाएं अपने भाई के यहां राखी बांधने के लिए जा रही हैं। बसों में अन्य दिनों की अपेक्षा आज महिला यात्रियों की भीड़ बढ़ी है। परिवहन विभाग की ओर से इसके लिए अतिरिक्त बसों का भी संचालन किया जा रहा है। प्रयागराज से वाराणसी, लखनऊ, जौनपुर, गोरखपुर आदि शहरों के लिए बसों के फेरे भी बढ़ाए गए हैं। यह सुविधा सिटी बसों में मिल रही है।

परिचालक टिकट देंगे लेकिन किराया नहीं लेंगे : कुछ ऐसी महिलाएं भी बस में यात्रा कर रही हैं जिन्हें मुख्यमंत्री के इस घोषणा की जानकारी नहीं है। वह टिकट के बदले परिचालक को किराया भी देने लगती हैं। गोरखपुर से पैसेंजर लेकर प्रयागराज आ रहे परिचालक चंद्रशेखर बताते हैं कि हम लोग महिलाओं को भी टिकट दे रहे हैं लेकिन उनसे किराया नहीं लेना है। जिन्हें इसकी जानकारी नहीं है उन महिलाओं को हम लोग बता भी रहे हैं कि 2 दिन उन्हें कोई किराया नहीं देना है। महिलाएं यह सुनकर बहुत खुश हो जा रही हैं।

सिटी बसों के लिए दिए गए हैं निर्देश : इसी तरह सिटी बसों में भी यह छूट महिलाओं को मिलेगी, इसके लिए नगरीय परिवहन निदेशालय की ओर से (प्रयागराज, लखनऊ, कानपुर, मेरठ, वाराणसी, गाजियाबाद, अलीगढ़, मुरादाबाद, झांसी, बरेली, गोरखपुर, शाहजहांपुर, आगरा एवं मथुरा वृंदावन) के संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं।वहीं, प्रयागराज से अन्य शहरों को जाने वाली बसों के फेरे बढ़ाए गए हैं ताकि महिलाओं को आने जाने में कोई असुविधा न हो। यहां कुल 148 अतिरिक्त बसों के फेरे बढ़ाए गए हैं। चालकों की भी ड्यूटी बढ़ाई गई है। अतिरिक्त ड्यूटी करने वाले बस चालकों और परिचालकों को प्रोत्सासन धनराशि भी दी जाएगी।

सफाई को लेकर नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण, असंतुष्ट दिखे नगर आयुक्त

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज, चन्द्र मोहन गर्ग द्वारा दिनांक 30 अगस्त 2023 को नगर की सफाई व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ किये जाने के दृष्टिगत नवाब यूसुफ रोड, एम0जी0मार्ग, मेडिकल चौराहा, रामबाग, कोठापार्चा, मुट्ठीगंज, बलुआघाट, मीरापुर, अतरसुईया, नूरूल्लारोड, लीडर रोड, पानी टंकी चौराहा तथा अन्य क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान हनुमान मन्दिर, तुलसी चौराहा, मेडिकल चौराहा तक रोड पटरी आदि की साफ सफाई हेतु सम्बन्धित सफाई एवं खाद्य निरीक्षक को निर्देशित किया गया। साथ ही मेडिकल कालेज चौराहे पर स्थित संचालित शौचालय की सम्पूर्ण व्यवस्था को चुस्त-दुरूस्त करते हुए साफ-सफाई के निर्देश दिये गये। कोठापार्चा के मुख्य मार्ग पर जगह-जगह गन्दगी एवं कूडे.के ढेर, आर्यकन्या इण्टर कालेज के गेट के बगल कूडें का अम्बार लगा हुआ पाया गया। मुटठीगंज की आंतरिक गलियों में भी कई स्थानों पर कूडा, नालियों की शिल्ट एवं पॉलीथीन के साथ-साथ अत्यधिक गन्दगी फैली हुई पायी गयी, बलुआघाट चौराहे से घाट तक प्लास्टिक, पॉलीथिन तथा व्यापक रूप से सडकों पर गंदगी, फूल-मालाओं का ढेर, पक्के घाट पर मिट्टी कीचड़ तथा जगह-जगह कूडे का ढेर लगा हुआ पाया गया है।उपरोक्त के सम्बन्ध में नगर आयुक्त द्वारा क्षेत्र में सफाई व्यवस्था में ढिलाई बरते जाने के सम्बन्ध में नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बन्धित जोन-2 मुटठीगंज के जोनल अधिकारी सुदर्शन चन्द्रा, को स्पष्टीकरण जारी किया गया, साथ ही सम्बन्धित क्षेत्र के सफाई नायक हरिश चन्द्रा, को प्रतिकूल प्रविष्टी जारी की गयी। दिनांक 29 अगस्त के निरीक्षण के दौरान जोन-1 के लूकरगंज क्षेत्र में व्याप्त रूप गन्दगी तथा नालियों में भरी गन्दगी के सम्बन्ध में जोन-1 के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक दया सागर को स्पष्टीकरण जारी किया गया। इस के साथ ही नगर आयुक्त द्वारा तत्काल सम्पूर्ण घाट की साफ-सफाई कराने के साथ ही साथ नियमित रूप से सफाई के उपरान्त फोटोग्राफ एवं वीडियों के माध्यम से साक्ष्य के रूप में भेजना सुनिश्चित करें। तथा सभी जोनल अधिकारियों को तथा सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों को निर्देशित किया गया कि अपने-अपने क्षेत्रों में उच्च कोटि की सफाई व्यवस्था कराना सुनिश्चित करायें, इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य न होगी।

डीएम ने की पीसीपीएनडीटी जिला सलाहकार समिति की बैठक

प्रयागराज। जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में बुधवार को संगम सभागार में पीसीपीएनडीटी जिला सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में रजिस्ट्रीकरण हेतु आए हुए 22 नए आवेदन पत्रों में से 21 नए अल्ट्रासाउण्ड केन्द्रों के पंजीकरण का अनुमोदन समिति के द्वारा किया गया। इसके साथ ही साथ 19 अल्ट्रासाउण्ड केन्द्रों के नवीनीकरण का भी अनुमोदन किया गया। पिछली बैठकों में लिए गए निर्णयों के अनुमोदन की भी समीक्षा की गयी। पीसीपीएनडीटी के नोडल अधिकारी डॉ0 ए0के0 तिवारी ने बताया कि पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों का पूर्ण रूप से अनुपालन कर लिया गया है। जिलाधिकारी ने अल्ट्रासाउण्ड केन्द्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करते रहने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 आशु पाण्डेय सहित पीसीपीएनडीटी के सदस्यगण उपस्थित रहे।

न्यूज झरोखा

शुद्व पेयजल की कामना हेतु जलदेवता मन्दिर मे हुआ सुन्दर काण्ड पाठ

नैनी। नैनी अवंतिका विकास समिति के तत्वावधान मे कालोनी के जलदेवता मन्दिर ए ब्लांक पानी की टंकी प्रांगण के मे मंगलवार को सुन्दरकाण्ड पाठ का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। समिति के संयोजक गजेन्द्र प्रताप सिंह के अनुसार जहा एक ओर नगर के अन्य क्षेत्रो की अपेक्षा अवंतिका कालोनी वासियों से सबसे ज्यादा जलकर वसूला जाता है, वही दूसरी ओर सबसे कम दबाव के साथ अशुद्व पानी दिया जा रहा है। सिंह ने बताया कि कालोनी स्थित पानी की टंकी की सफाई दशको से नही कराई गई जिससे गन्दा बदबूदार पानी वह भी मोटर पम्प द्वारा अतिरिक्त बिद्युत व्यय के साथ मिल पाता है, वही आम आदमी को घटिया व जर्जर पाइप लाइन के कारण पानी का गंभीर संकट झेलना पड़ रहा हैं। ऐसे मे शुद्ध पेयजल आपूर्ति की कामना को लेकर शासन प्रशासन की बुद्धि शुद्धि हेतु समिति द्वारा मंगलवार को ए ब्लांक पानी की टंकी जलदेवता के मन्दिर मे सुन्दरकाण्ड का पाठ का आयेजन हुआ। इस अवसर पर अवंतिका विकास समिति के संरक्षक सी पी सिंह, बी बी दुबे, पूर्व प्रधान शिव शंकर दीक्षित, वरिष्ठ पत्रकार जगदम्बा प्रसाद शुक्ल, गंगा प्रसाद ठाकुर, शिव शंकर पाण्डेय, बद्री प्रसाद मिश्र, विनोंद शंकर तिवारी, संजीव गुप्ता, ओम प्रकाश मिश्रा, एन पी मिश्र, सुनील साहनी, विकास दुबे, आशुतोष मिश्र, अशोक जायसवाल, महिला प्रकोष्ट की संयोजिका बिन्दू राठौड़, रीता श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास्तव, के पी राय, ए पी सिंह, गंगा प्रसाद मौर्या, बृजेश यादव, चेतन सहित कालोनी के सभ्रांन्त नागरिक शामिल रहे।

बाबा बफार्नी की भव्य आरती व भण्डारा का आयोजन

नैनी। नैनी प्रत्येक वर्ष की भाति इस वर्ष भी कॉटन मील तिराहा नैनी में शिवभक्तो द्वारा बाबा बफार्नी के विशाल भण्डारा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लगभग दस हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसाद को ग्रहण किया। तत्पश्चात बाबा बफार्नी की दिव्य आरती की गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से आयोजक अतुल कुमार पाण्डेय, संदीप कुमार मिश्रा, शिव वृत्त दीक्षित, अजय कुमार मिश्रा, दयाशंकर पाण्डेय, अभिषेक पाठक, संजीव पाण्डेय, आंनद नगरिया, संगम पाइप, संगम बिल्डिंकान, मनोज साहू, अजय गौड़, अमर बैटरी, श्याम बहादुर श्रीवास्तव, विनोद सिंह, प्रांजल केसरवानी, नयन कुमार कुशवाहा, गोविन्द चौरसिया, भोला केसरवानी सहित तमाम श्रद्धालु उपस्थित रहे। मां विंध्यवासिनी के जन्मोत्सव पर जगह जगह धार्मिक व सामाजिक संस्थानों द्वारा मां विंध्यवासिनी पदयात्रियों का स्वागत किया। जिसे देखते हुए अखिल भारतीय बजरंग वाहिनी के तत्वाधान में कॉटन मील तिराहा पर जिला प्रमुख देवा श्रीवास्तव की अगुवाई में पदयात्रियों का फूल बरसाते हुए स्वागत किया गया। इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे। वही मेवालाल बगिया, सरगम चौराहा, मेजा समेत कई स्थानों पर अनेको संस्थानों द्वारा पद यात्रियों का स्वागत किया गया।

स्वकर निर्धारण कैम्प में गृहकर जमा कराने के साथ आपत्तियों का हुआ निस्तारण

प्रयागराज। नगर निगम प्रयागराज द्वारा वृहद स्तर पर चलाये जा रहे स्वकर निर्धारण एवं गृहकर वसूली कार्यवायी में आज दिनांक 30.08.2023 को कुल दो स्थलों पर जोन-4 अल्लापुर में दो स्थानों क्रमशः वार्ड-39 पूरा पड़ाइन मॉ भारती विद्यालय तथा वार्ड-42 भारद्वाजपुरम् तुलसी पार्क, अल्लापुर बी0एच0एस0 में लगाये गये कैम्प में 65 भवन स्वामियों द्वारा स्वकर रिर्टन भर कर दाखिल किया गया जिसके एवज में रू0-4,64,139.00 गृहकर जमा किया गया। अबतक तीन दिवस में कुल 427 लोगों द्वारा अपने भवन का स्वकर रिर्टन दाखिल किया गया है। जिसमें से 363 लोगों द्वारा कुल 16,92,902.00 गृहकर जमा कराया गया। आगामी दिवस में लगाये जाने वाले कैम्प पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही लगायें जायेंगे। श्री पी0के0द्विवेदी मुख्य कर निर्धारण अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि रक्षाबन्धन त्योहार के दृष्टिगत 02 दिवस उपरानत आगामी सितम्बर माह में सभी 80 वार्ड में क्रमिक रूप से निम्नतम् प्रतिदिन 4 वार्डो में कैम्प लगाये जाने का निर्णय लिया गया है, जिसकी सूचना आगामी दिवस में जारी की जायेगी।

पीसीएस जे का अंतिम चयन परिणाम जारी, टॉप 20 में 15 महिलाएं

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा सिविल जज (जूनियर डिवीजन) परीक्षा-2022 में इस बार 55 फीसदी पदों पर बेटियों ने परचम लहराया है। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने बुधवार शाम पीसीएस जे परीक्षा-2022 का अंतिम चयन परिणाम जारी कर दिया। कानपुर की निशि गुप्ता ने मेरिट में पहला स्थान हासिल किया है, जबकि नैनी प्रयागराज के शिशिर यादव और नई हवेली कासगंज की रश्मि सिंह तीसरे स्थान पर हैं।

एक पद का परिणाम नहीं किया गया घोषित : शीर्ष 10 में छह और शीर्ष 20 चयनितों में 15 बेटियां हैं। पीसीएस जे के कुल 302 पदों पर अभ्यर्थियों को चयनित घोषित किया गया है। एक पद का परिणाम उच्चतम न्यायालय में दाखिल याचिका में पारित अंतरिम आदेश के आलोक में घोषित नहीं किया गया है। पीसीएस जे के 303 पदों पर भर्ती के लिए प्रारंभिक परीक्षा 12 फरवरी 2023 को आयोजित की गई थी, जिसमें 50837 अभ्यर्थी शामिल हुए थे।

सभी सफल अभ्यर्थी शामिल हुए थे साक्षात्कार में : 16 मार्च 2023 को जारी प्रारंभिक परीक्षा के परिणाम में 3145 अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा के लिए सफल घोषित किया गया था। मुख्य परीक्षा 23, 24 एवं 25 मई 2023 को आयोजित की गई, जिसमें 3019 अभ्यर्थी शामिल हुए। एक अगस्त 2023 को घोषित मुख्य परीक्षा के परिणाम में 959 अभ्यर्थियों को इंटरव्यू के लिए सफल घोषित किया गया। सभी 959 अभ्यर्थी 16 से 28 अगस्त तक हुए इंटरव्यू में शामिल हुए।

इंटरव्यू के 48 घंटे के भीतर परिणाम जारी कर बनाया रिकॉर्ड : उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने इंटरव्यू पूरा होने के 48 घंटे के भीतर परिणाम जारी कर एक नया रिकार्ड बनाया है। अमूमन पीसीएस जे और पीसीएस जैसी बड़ी भर्तियों में इंटरव्यू के बाद परिणाम घोषित करने में कम से कम एक सप्ताह का वक्त लगता है। इसके साथ ही आयोग ने भर्ती प्रक्रिया नौ माह के भीतर पूरी कर ली, जो एक रिकार्ड है। आयोग ने 10 दिसंबर 2022 को भर्ती का विज्ञापन जारी किया था और 30 अगस्त 2023 को यह भर्ती पूरी कर ली।

प्रदेश के 60 जिलों से अभ्यर्थी चयनित : पीसीएस जे परीक्षा में ऐसा पहली बार हुआ है, जब इस भर्ती के परिणाम में प्रदेश के ज्यादातर जिलों के अभ्यर्थियों का प्रतिनिधित्व है। आयोग के मीडिया प्रभारी विनोद कुमार गौड़ ने बताया कि कुल चयनित अभ्यर्थियों में प्रदेश के 60 जिलों का प्रतिनिधित्व है।

शीर्ष पांच में आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी : पीसीएस जे की मेरिट में शीर्ष पांच में आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी शामिल हैं। पहले स्थान पर रहीं कानपुर की निशि गुप्ता, दूसरे स्थान पर रहे प्रयागराज के शिशिर यादव, तीसरे स्थान पर रहीं कासगंज की रश्मि सिंह अन्य पिछड़ा वर्ग, चौथे स्थान पर रहे जौनपुर के स्नेहिल कुंवर सिंह अनुसूचित जाति वर्ग और पांचवें स्थान पर रहीं सुल्तानपुर की जाह्नवी वर्मा अन्य पिछड़ा वर्ग की हैं।

नन्हे-मुन्ने बच्चों ने राखी बांधकर मनाया रक्षाबंधन पर्व

हैप्पी टाइम स्कूल में हुआ रक्षाबंधन का आयोजन

एक दूसरे के हाथ में राखी बांधे नन्हे-मुन्ने बच्चे।

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। स्कूल, कालेजों में आज छोटे-छोटे बच्चों ने राखी का त्योहार उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया। शहर के नया माल गोदाम रोड स्थित हैप्पी टाइम स्कूल में पीजी और एलकेजी के छोटे-छोटे बच्चों ने भइया की कलाई पर राखी बांधूंगी के गीतों के बीच जहां नन्ही बालिकाओं ने अपने नन्हे-मुन्ने भाईयों की कलाई पर राखी बांधी तो भाईयों ने बहनों को चाकलेट खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया।

राखी का यह क्रम लगभग एक घंटे तक चला। पीजी तथा एलकेजी के बच्चों में शिवांशी, शिनका, अपेक्षा, एकांश, अदविक, आर्यमन ने हिस्सा लिया तो यूकेजी व प्रथम क्लास के बच्चों में निशा, कैफिया, समृद्धि, प्रज्ञा, वैष्णवी, लक्ष्मी, प्रणव, अभिषेक, आन्या, सिद्धी, सृष्टि, युवराज रहे।

स्कूल की शिक्षिकाओं में प्रियांशी, सुलेखा व ममता ने कार्यक्रम में सहभागिता की। अंत में स्कूल के प्रबंधक ने सभी बच्चों को भाई-बहन के इस त्योहार को अच्छे ढंग से मनाने की सलाह देते हुए सभी के प्रति आभार जताया।

भूले मजहब का भेदभाव, सबने मिलकर मनाया रक्षाबंधन का पर्व

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। विश्वनाथगंज के बी0एल0 सुधिता इंटरनेशनल स्कूल में बुधवार को रक्षाबंधन का पर्व हिन्दू, मुस्लिम, सिख परिवार की छात्र-छात्राओं ने मिलकर धूम धाम से मनाया। प्ले ग्रुप व नर्सरी की छात्राओं शांभवी, उन्नति, शानवी, कृतिका आदि ने मीतांश, अभ्युदय, तथागत आदि को रक्षा बंधन को बांधते हुए कहा कि भैया राखी के बंधन को निभाना। सभी कक्षाओं में बालिकाओं ने अपने सहपाठी भाईयो को राखी बांधते हुए रक्षासूत्र को भावो से पिरोया। इस अवसर पर प्रबंधक राम जी लाल और श्याम जी लाल जायसवाल ने रक्षा बंधन के अटूट सम्बन्ध की जानकारी दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन पर बंधा यह रक्षा सूत्र भाइयों को बहनों के प्रति दायित्व की याद कराता है और यह हमेशा मुसीबतों से भाइयों की रक्षा करता है। इस मौके पर प्रधानाचार्य मोहित पांडेय ने सभी बच्चो को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं प्रदान की। इस मौके पर खुशबू पांडेय, संजीत दिवेदी, वंदना, शिखा, बबिता, गुंजन, अनुराधा, रश्मि, मुस्कान, चंचल, सेजल, अक्षय, एम पी सिंह, इमरान, रेशमा, उमंग, अनुष्ठा आदि शिक्षिकाएं व कर्मचारी मौजूद रही।

बीएल सुधिता स्कूल में राखी बांधती छात्राएं।

पूर्व सैनिकों व ब्रह्माकुमारी बहनों के साथ मना रक्षाबंधन का त्योहार

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। रक्षाबंधन के पवित्र त्यौहार के शुभ अवसर पर गौरवशाली सैनिक संगठन तथा अन्य संगठनों के साथ ब्रह्माकुमारी की बहनों के साथ रक्षाबंधन का त्योहार मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष प्रेमलता सिंह, गायत्री शुक्ला, पिंकी दयाल, महिला मोर्चा की मीडिया प्रभारी सारिका श्रीवास्तव, रुचि केसरवानी, सैनिक संगठन के प्रमोद कुमार पांडे, नगर पालिका के आरआई लाल बहादुर सिंह, सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, नगर पालिका के सभासद आशीष जायसवाल, राकेश पटेल, बृजेश सिंह, सुनील दुबे, तुषार मिश्रा और अन्य सभासद मौजूद रहे। इस दौरान सबने रक्षाबंधन के महत्व को बताया तथा राखी का पवित्र त्यौहार हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी संपन्न हुआ। इस अवसर पर सब ने राखी बांधकर त्योहार को गौरवशाली बनाया गया।

रक्षाबंधन कार्यक्रम में मौजूद पूर्व नपाध्यक्षा प्रेमलता सिंह व अन्य।

बच्चा बैंक ने छात्रों को बांटी दो सौ राखी, स्टॉल पर उमड़ी भीड़

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। पैसे के अभाव में बहन राखी बांधने से रह न जाए। राखी के दिन हर भाई की कलाई पर राखी सजे इसके लिए बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, ने जरूरतमंद छात्र और छात्राओं के लिए राखी के निशुल्क वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया। बुधवार को भंगवा गांव में ग्रुप के फ्री स्टडी सेंटर पर रंग बिरंगी राखी का स्टॉल लगाया गया। राखी लेने वालों की भारी भीड़ रही। राखी पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। ग्रामीणों ने बच्चा बैंक के इस प्रयास की सराहना की है। ग्रुप के सहयोग से शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों ने इस बार भी राखी बनाई। दो दिन पहले ही राखी बनाने के कार्य को अंतिम रूप दिया गया। मंगलवार के बाद बुधवार को भी राखी का स्टॉल लगाकर राखी का वितरण किया गया। सेंटर के प्रिंसिपल शनि ने बताया कि सेंटर पर पढ़ने वाले छात्रों ने मिलकर राखी तैयार की। दो सौ से अधिक राखी का निशुल्क वितरण किया गया। लाजू, मुस्कान, रिया, रागिनी,प्रिया, साहिबा, नैंसी, साहिल, हिमांशु, निखिल ने राखी बनाई।

बैंकों में लम्बित ऋण पत्रावलियों का जल्द से जल्द करायें निस्ताण: जिलाधिकारी

डीएम की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु की बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव की अध्यक्षता में औद्योगिक आस्थान सुखपालनगर में जिला उद्योग बन्धु की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उपायुक्त उद्योग अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि एक जनपद एक उत्पाद योजना में बैंकों को 14 आवेदन पत्र प्रेषित किये गये है जिनमें से 05 आवेदन पत्र स्वीकृत किया गये लेकिन बैकों द्वारा किसी भी आवेदन पत्र पर ऋण वितरण नहीं किया गया जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुये एलडीएम व बैंकों के समन्वयकों को निर्देशित किया कि जल्द से जल्द ऋण वितरण की कार्यवाही पूर्ण करायी जायें एवं बैंकों में प्रेषित अन्य पत्रावलियों की जांच कर समस्त प्रक्रिया को पूर्ण कराते हुये स्वीकृति की कार्यवाही की जाये।

मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में विभिन्न बैंकों को 45 आवेदन पत्र प्रेषित किये गये है जिनमें से 17 आवेदन स्वीकृत किये गये। इसी प्रकार प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना के तहत 77 आवेदन पत्र बैंकों को प्रेषित किये गये है जिनमें से 33 आवेदन स्वीकृत किये जा चुके है। योजनाओं की समीक्षा में जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग, जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक एवं बैंकों के प्रतिनिधियों को निर्देशित करते हुये कहा कि जिला उद्योग बन्धु की बैठक में योजना से सम्बन्धित लाभार्थियों को अवश्य बुलाया जाये जिससे यह पता चल सके कि किन कारणों से लाभार्थियों के ऋण पत्रावलियों लम्बित है जिससे उनकी समस्याओं का निराकरण किया जा सके। उन्होने यह भी निर्देशित किया कि योजनाओं से सम्बन्धित बैंकों में क्या-क्या कागजात लगेगें उसकी फ्लैक्सी/बैनर सम्बन्धित कार्यालय/बैंक में लगाया जाये जिससे लाभार्थी को पता चल सके कि हमें कौन-कौन से कागजात लगाने है।

उन्होने निर्देशित किया कि बैंकों में लम्बित ऋण पत्रावलियों का जल्द से जल्द निस्तारण करायें जिससे केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजना का लाभ लाभार्थियों को दिया जा सके। बैठक में बताया गया कि औद्योगिक आस्थान सुखपालनगर के भूखण्ड संख्या सी-3 का आवंटन मीरा शुक्ला पत्नी बृजेश कुमार शुक्ला निवासी रेडी नौबस्ता को जिला उद्योग बन्धु की बैठक के माध्यम से किया गया था, इकाई स्वामिनी मीरा शुला द्वारा भूखण्ड संख्या सी-3 का हस्तान्तरण विजय कुमार मौर्य पुत्र स्व0 भीष्म मौर्य संगम बिहार कालोनी नई दिल्ली के पक्ष में हस्तान्तरित करने हेतु प्रार्थना पत्र 18 अगस्त 2023 को दिया था जिस पर जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। बैठक के दौरान चेम्बर ऑफ इण्डस्ट्रीज वेलफेयर सोसायटी के सचिव अनुराग खण्डेलवाल ने औद्योगिक आस्थान सुखपालनगर में बाउण्ड्रीवाल एवं जल निकासी कराये जाने के सम्बन्ध में अवगत कराया और कहा कि जल निकासी न होने से बद्बू होती है जिस पर जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया कि बाउण्ड्रीवाल एवं जल निकासी के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही करें जिससे उद्यमियों की समस्याओं का समाधान किया जा सके। इस दौरान उद्यमियों ने जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी को स्मृति चिन्ह भेंट किया। बैठक के उपरान्त जिलाधिकारी ने औद्योगिक आस्थान सुखपालनगर में जल जमाव स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होने औद्योगिक आस्थान सुख पाल नगर में बनाये जा रहे आंवला एवं अचार के प्रोडक्ट का निरीक्षण भी किया जिसमें कर्मचारियों द्वारा आंवले एवं आचार बनाये जा रहे थे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, उप जिलाधिकारी सदर उदयभान सिंह, उपायुक्त उद्योग अजय कुमार त्रिपाठी, जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक गोपाल शेखर झा, बैंकों के जिला समन्वयक सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी व उद्यमियों/व्यापर मण्डल की ओर से मो0 अनाम, रोशन लाल ऊमर वैश्य, अनुराग खण्डेलवाल, जे0पी0 जायसवाल सहित अन्य उद्यमी/व्यापारी उपस्थित रहे।

बैठक में बोलते जिलाधिकारी प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव।

भक्तों ने शिवलिंग व अरघा का जर्मन सिल्वर से किया साज सज्जा

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। बाबा बेलखरनाथ धाम में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकारिणी द्वारा बाबा के शिवलिंग व अरघा का जर्मन सिल्वर से साज सज्जा बनारस के कारीगर सुभाष जी द्वारा किया गया, जिसमें विशेष सहयोग दिनेश प्रताप दिन्नू, पंकज शुक्ला, दूधनाथ सोनी, निमित्त खंडेलवाल, मुन्ना सोनी, गिरधारी सोनी, सुभाष सोनी, तेजस उमरवैश्य, अभय सिंह (लल्ला), कान्हा तिवारी, बाल गोविंद तिवारी रहे। मंदिर के महन्त पुजारी विश्वनाथ गिरी के मार्गदर्शन में लगवाया गया।

आचार्यो ने किया जनेऊ श्रावणी महापर्व कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। कुंडा तहसील के मानिकपुर बीबी की बाग कैलाश आश्रम मे बुधवार को 51 आचार्यो द्वारा श्रावणी महापर्व पर जनेऊ कार्यक्रम संस्कृत महा विद्यालय कालाकांकर के आचार्य हरीशंकर तिवारी के नेतृत्व मे आयोजन किया गया जिसमे पूजा पाठ में शामिल सभी आचार्यो ने मां गंगा का स्नान किया उसके बाद कैलाश आश्रम मे पूजा पाठ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।जिसमे आचार्य श्याममूर्ति पांडे, प्रदीप पांडे, अनिल ओझा, केशव प्रसाद मिश्र, त्रिभुवन नाथ मिश्रा टंडन गुरु मोनू शुक्ला, विमल पांडे, नवमी तिवारी आदि लोगों ने मिलकर श्रावणी महापर्व को हर हर महादेव व राधे राधे उद्घोष के साथ सम्पन्न कराया जिसमें भारी संख्या मे ग्रामवासी व इष्ट मित्र गण मौजूद रहे।

शिव मंदिर पर विवाद को लेकर 18 आरोपियों पर बलवा की रिपोर्ट दर्ज

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। मेला ग्राउंड में स्थित शिव मंदिर पर विवाद को लेकर 18 लोगों के खिलाफ पट्टी पुलिस ने बलवा सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। पट्टी नगर चैक के रहने वाले विनोद कुमार गुप्ता पुत्र राम अवतार ने इस संबंध में तहरीर देकर बताया कि विपक्षीगढ़ शिव मंदिर के बगल जमीन के विवाद को लेकर एक राय होकर लाठी डंडा हाथ में लेकर कुल्हाड़ी लेकर मां बहन की भद्दी भद्दी गालियां देते हुए मारपीट कर जख्मी कर दिया किसी तरह लोगों के बीच बचाव करने पर सभी लोगों की जान बच सकी। विनोद की तहरीर पर पुलिस ने अनिल खंडेलवाल सनी मनी मुकुंद राघव सत्यनारायण पवन खंडेलवाल सहित 18 आरोपियों के विरुद्ध बलवा सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है।

अधेड़ ने फांसी लगाकर दी जान

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। घरेलू कलह से आजिज आकर एक अधेड़ ने अपने जीवन लीला समाप्त कर दिया। सुबह परिजनों ने दरवाजा खोलकर देखा तो दंग रह गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मूल रूप से कंधई थाना क्षेत्र के जुलाहापुर के रहने वाले गुरु चरण पुत्र दुखीराम उम्र (45) पट्टी नगर रायपुर रोड के समीप स्थित काशीराम कॉलोनी में रहता था मंगलवार की शाम को वह रक्षाबंधन के लिए साड़ी लेकर घर पर पहुंचा पत्नी से कुछ विवाद होने के बाद वह खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने के लिए चला गया। सुबह काफी देर तक दरवाजा नहीं खुला तो परिजन दरवाजा खटखटाये लेकिन दरवाजा नहीं खुला तो दरवाजा तोड़ा गया तो देखा कि छत के पंखे से फांसी लगाकर गुरचरण आत्महत्या कर लिया था जिस पर परिजन रोने बिलखने लगे और सूचना पुलिस को दिए पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मृतक की तीन बेटियां हैं।

अधिवक्ताओं पर लाठी चार्ज के विरोध में अधिवक्ताओं ने की हड़ताल

प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारी की तत्काल निलम्बन की मांग

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जूनियर बार एसोसिएशन पुरातन प्रतापगढ़ के कार्यालय पर अधिवक्ताओं की एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता इंदुभाल मिश्रा व संचालन महामंत्री संतोष नारायण मिश्रा ने किया। बैठक में जनपद हापुड़ के अधिवक्ताओं पर पुलिस द्वारा लाठी चार्ज की कड़ी निंदा करते हुए उत्तर प्रदेश शासन से उक्त घटना के जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों व प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारी की तत्काल निलंबन की मांग की गई।

इस दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के आह्वान पर आज बुधवार को जनपद के समस्त अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे और घोर विरोध प्रदर्शन करते हुए जिला अधिकारी प्रतापगढ़ को प्रदेश सरकार से यह मांग करते हुए कि हापुड़ के जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को तत्काल निलंबित करते हुए उनके विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराकर दोषियों को तत्काल जेल भेजा जाए। बैठक में जूनियर बार के प्रकाशन मंत्री अजय कुमार त्रिपाठी, सर्वेश कुमार शुक्ल, संतोष कुमार पांडे, ममता पांडे, नीरज ओझा, महेश यादव, संजय कुमार मिश्रा व तमाम अधिवक्ता उपस्थित रहे। उधर कलेक्ट्रेट परिसर में ऑल इंडिया रूरल बार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष मुक्कू ओझा एवं जिला अध्यक्ष अंजनी सिंह बाबा के नेतृत्व में हापुड़ जिले में जिस तरह से बेकसूर वकीलों पर लाठी चार्ज किया गया तथा उन्हें बेरहमी से पीटा गया इसकी घोर निंदा की गई तथा ऐसे तानाशाही पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को तुरंत बर्खास्त करने की मांग की गई। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व महामंत्री जेपी मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष जूनियर बार रोहित शुक्ला, पूर्व प्रमुख विवेक त्रिपाठी, रूरल बार के पदाधिकारी उपाध्यक्ष मनीष सिंह, दिवाकर सिंह, दिव्यांत सिंह, विकास सिंह, रजनीश मिश्र, अरुण सिंह, आशीष श्रीवास्तव, सचिंद्र सिंह, अनिल पांडे, विनय सिंह आदि मौजूद रहे।

मांगों को लेकर प्रदर्शन करते जूबाए के पदाधिकारीगण।

श्रीमद् भागवत कथा कहते विनय मधुकर महराज।

मधुकर महाराज द्वारा संकल्पित कथा की हुई पूणार्हुति

महाप्रसाद ग्रहण कर श्रद्धालु हुए धन्य

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। शहर स्थित मीराभवन लीला पैलेस में आयोजित 108 संकल्पित निःशुल्क श्रीमद्भागवत कथा के अन्तर्राष्ट्रीय कथा व्यास पूज्य विनय मधुकर महाराज द्वारा संकल्पित निःशुल्क श्रीमद्भागवत कथा के क्रम में कोरोना काल में दिवंगत हुए व्यक्तियों के आत्मा की शान्ति एवं विश्व कल्याणार्थ आयोजित सामूहिक श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ की पूणार्हुति हवन तथा भव्य भंडारा महाप्रसाद ग्रहण कर हजारों भक्त धन्य हुए।

इस दौरान कथा के मुख्य यजमान समाजसेवी डॉ आशुतोष त्रिपाठी सपत्नीक नित्या त्रिपाठी द्वारा प्रातः काल व्यास पीठ भागवत भगवान की पूजा अर्चना के उपरांत कथा में विशेष सहयोगी बंधुओं के पारिवारिक जनों द्वारा हवन आरती सम्पन्न हुई तत्पश्चात प्रसाद बांटे गए इसी क्रम में सायं 6 बजे से सुप्रसिद्ध भजन गायक प्रियम त्रिपाठी एवं मंडली द्वारा भव्य भजन संध्या कार्यक्रम तथा विशाल भंडारा महाप्रसाद भोज में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित विशेष सहयोगी गण में वरिष्ठ अधिवक्ता साहित्यकार एवं कवि पूर्व मंत्री वकील परिषद दिनेश चन्द्र त्रिपाठी, वरिष्ठ समाजसेवी डॉ आशुतोष त्रिपाठी, अंशुमान त्रिपाठी, समाजसेविका नित्या आशुतोष त्रिपाठी, एडीओ पंचायत उमेश द्विवेदी, वरिष्ठ समाजसेवक डॉ आर पी सिंह, गायत्री प्रमुख राजनारायण सिंह, सागर आटो मोबाइल्स के मालिक युवा समाजसेवी राजीव पाण्डेय, सुधा पाण्डेय, इंडियन ट्रैवेल्स के मालिक समाजसेवी पप्पू दूबे, बैंक मैनेजर सर्वेश सिंह, श्याम शंकर द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

अवैध तमन्चा के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिले के थाना देल्हूपुर के उ0नि0 कैलाश यादव व उ0नि0 मुसाफिर यादव मय हमराह देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थानाक्षेत्र देल्हूपुर के मुखबिया का बाग, ग्राम डिहवा पवारपुर के पास से 01 व्यक्ति मो0 वासिद पुत्र स्व0 अबुल हसन नि0ग्राम डिहवा पवारपुर थाना देल्हूपुर जनपद प्रतापगढ के पास 01 अदद तमन्चा 315 बोर व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। उक्त बरामदगी के संबंध में थाना देल्हूपुर में मु0अ0सं0 120/2023 धारा 3/25 आयुध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया। उधर थाना मान्धाता के उ0नि0 सुधीर कुमार पाण्डेय व उ0नि0 श्री राजेश कुमार मय हमराह देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र मान्धाता के बकुलाही नदी पुल सुबरनी के पास से अपाचे मोटर साइकिल सवार 01 व्यक्ति सोफियान उर्फ पोची पुत्र मुराद अली नि0ग्राम बहरापुर थाना मान्धाता जनपद प्रतापगढ के पास 04 अवैध देशी बम, 01 अदद तमन्चा 315 बोर व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। उक्त बरामदगी के संबंध में थाना मान्धाता में मु0अ0सं0 168/2023 धारा 4/5 विस्फोटक अधिनियम व 169/2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। अपाचे मोटर साइकिल को धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया। उधर जनपद के थाना दिलीपपुर के उ0नि0 दुर्गेश कुमार मय हमराह देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थानाक्षेत्र दिलीपपुर के नजियापुर मोड़ के पास से 01 व्यक्ति आदिल खान पुत्र जुम्मन खान नि0ग्राम शिवगढ़ थाना दिलीपपुर जनपद प्रतापगढ के पास 01 अदद तमन्चा 315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। उक्त बरामदगी के संबंध में थाना दिलीपपुर में मु0अ0सं0 149/2023 धारा 3/25 आयुध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया।

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, कोहराम

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की दुर्घटना मे मौत हो गयी। लालगंज के मनुहार निवासी जगत बहादुर सिंह का पुत्र देवेन्द्र प्रताप सिंह 42 बुधवार की सुबह स्कूटी से सगरा सुन्दरपुर जा रहा था। लोहंगपुर के पास सुबह करीब साढे पांच बजे अज्ञात वाहन ने स्कूटी मे टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल देवेन्द्र को आननफानन में लालगंज ट्रामा सेण्टर लाया गया। यहां चिकित्सकों ने घायल युवक को मृत घोषित कर दिया।

युवक की मौत की जानकारी मिलते ही परिजन दहाड़ मारकर रोने बिलखने लगे। जानकारी पर लालगंज पुलिस ट्रामा सेण्टर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। घटना के बाबत प्रभारी निरीक्षक प्रशासन अवन दीक्षित का कहना है कि अभी तहरीर नही मिली है, तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। मृतक युवक सगरा सुंदरपुर के एक अस्पताल में खाना नाश्ता बनाने का कार्य किया करता था। मृतक दो भाईयों में बड़ा था। पत्नी किरन तथा बेटा जतिन 17 व बेटी जान्हवी 15 को वह निराश्रित छोड गया है।

खबर संक्षेप

चरवा थाने में एसपी ने किया सीसीटीवी डिजिटल कैमरे का उद्घाटन

कौशाम्बी। थाना चरवा में बुधवार की शाम पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने सीसीटीवी डिजिटल कैमरे का उद्घाटन किया। सीसीटीवी कैमरे का उद्घाटन करते हुए पुलिस अधीक्षक कौशांबी ने बताया कि डिजिटल कैमरे के लगाने से जन सुनवाई में लोगों को न्याय दिलाने में आसानी होगी साथ ही थाने में हो रही सभी प्रतिक्रिया की ऑनलाइन फुटेज का सीधा प्रसारण मुख्यालय में किया जाएगा तथा हो रहे अपराध में तत्कालीन नियंत्रण पाया जाएगा प्रमुख चौराहों पर सीसीटीवी कैमरा लग जानें से अपराधिक घटनाओं में कमी आयेगी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने चरवा थाने के अभिलेखों की जांच भी किया। इस दौरान सीओ चायल योगेन्द्र कृष्ण नारायण, थाना प्रभारी विनोद कुमार सिंह, चौकी प्रभारी अयोध्या कुमार, चौकी प्रभारी रवि शंकर यादव, रकगिरीश कुमार सिंह पुलिस के समस्त स्टाप तथा थाना क्षेत्र के सम्मनित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

रक्षाबंधन पर पत्नी को मायके भेज कर घर वापस जा रहे बाइक सवार युवक को ट्रैक्टर ने कुचला

जानकारी पर युवक के परिवार और ससुराल में कोहराम मच गया, रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंचे दोनों परिवार के लोग

अखंड भारत संदेश

कोखराज कौशांबी। रक्षाबंधन के पर्व पर पत्नी को उसके मायके में छोड़कर वापस लौट रहे युवक को अनियंत्रित ट्रैक्टर ने कुचल दिया है जिससे युवक की मौत हो गई है मौत की जानकारी मिलते ही ससुराल और परिवार में कोहराम मच गया है रोते बिलखते लोग घटनास्थल पर पहुंच गए हैं सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है बाइक सवार को टक्कर मारने के बाद ट्रैक्टर चालक चलते वाहन से कूद कर फरार हो गया है जिससे ट्रैक्टर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गया है घटना कोखराज थाना क्षेत्र के खोजवापुर गांव के पास की है। घटनाक्रम के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के अमहा निवासी अरविंद कुमार पटेल उम्र लगभग 28 वर्षपुत्र रमेश पटेल अपनी पत्नी को रक्षाबंधन के लिए अपनी ससुराल कोखराज थाना क्षेत्र के खोजवापुर छोड़ने गया हुआ था पत्नी को ससुराल छोड़ कर,वह बाइक से वापस अपने घर अमहा जा रहा था,तभी अचानक एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसे पीछे से टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार सड़क पर गिर पड़ा और खून से लथपथ हो गया। बाइक सवार युवक को टक्कर मारने के बाद ट्रैक्टर चालक चलती ट्रैक्टर से कूद गया जिससे ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर हाइवे के किनारे गहरे गड्ढे में पलट गया,टक्कर लगने के बाद बाइक सवार अरविंद सड़क पर गिरने से गम्भीर रूप से घायल हो गया हादसा देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे घायल को स्थानीय लोग इलाज के लिए अस्पताल ले गए जहा उसकी मौत हो गई। बाइक सवार युवक अरविंद की मौत की सूचना जैसे ही गांव और ससुराल पहुंची तो दोनो परिवारों में कोहराम मच गया।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई,वही ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया जिसकी तलाश पुलिस कर रही है बताया जाता है कि ट्रैक्टर चालक के पास परिवहन विभाग का ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं है।

न्यूज झरोखा

तेज बहाव के चलते गंगा नदी में डूबे दो बालक, गोताखोर और मछुआरों के मदद से बालकों की खोज बीन जारी

कोखराज कौशाम्बी थाना कोखराज क्षेत्र के संदीपन घाट में गंगा नहाने गए दो बालक नहाते समय गंगा नदी के तेज बहाव में दो किशोर डूबकर बह गए है नदी के तेज बहाव में दो बालकों के बह जाने की जानकारी मिलते ही मौके में हड़कंप मच गया मौके पर लोगों की भीड़ लग गई थाना कोखराज पुलिस मौके पर पहुँची नदी में डूबे बालकों की खोज बीन गोताखोर और मछुआरों की मदद से पुलिस कर रही हैं खबर लिखे जाने तक नदी में डूबे दोनों बालकों का सुराग नहीं लगा है नदी में डूबे हुए किशोर की पहचान सुनील कुमार उम्र 16 वर्ष पुत्र सुरेश कुमार तथा आशुतोष उम्र 14 वर्ष पुत्र राजू चतुर्वेदी ग्राम शुक्लन का पूरा थाना करारी के रूप में हुई है बालकों के डूबने की जानकारी मिलते ही परिवार रिश्तेदार भी नदी किनारे पहुंच गए हैं मौके पर कोहराम मचा हुआ है और लगातार नदी में तलाश जारी है जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक भी मौके पर पहुंचे हैं साथ में सीओ सिराथू एनडीआरएफ टीम लगाई गयी हैं लेकिन अभी तक किसी को खोजा नही जा सका सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस घटना को मुख्यमंत्री ने भी अपने संज्ञान में लिया है।

...जब हाइवे पर तेज आवाज के साथ रुका कंटेनर ट्रक को पुलिस फोर्स ने चारो तरफ से घेरा

कौशाम्बी जिले के सैनी कोतवाली क्षेत्रमें उस समय हड़कंप मच गया जब एक कंटेनर ट्रक का टायर अचानक तेज आवाज के साथ फट गया,ट्रक का टायर फटते ही दर्जन भर स्कॉर्पियो गाड़ियों से उसके साथ चल रही पुलिस फोर्स ने कंटेनर ट्रक को चारो तरफ से घेर लिया। जानकारी के मुताबिक फतेहपुर जनपद की तरफ से एक कंटेनर ट्रक तेज रफ्तार से प्रयागराज की तरफ जा रहा था,कंटेनर ट्रक के आगे पीछे दर्जनभर स्कॉर्पियो गाड़ियों में पुलिस फोर्स भी साथ चल रही थी,ट्रक जैसे ही सैनी कोतवाली क्षेत्र के गुलामीपुर के पास पहुंचा अचानक ट्रक का टायर तेज आवाज के साथ फट गया,ट्रक के टायर के फटने की आवाज से साथ चल रही पुलिस धड़ाधड़ गाड़ियों से उतरी और ट्रक को चारो तरफ से घेर लिया।एक साथ इतनी पुलिस फोर्स के हाइवे पर उतरने और ट्रक को घेरते हुए लोगो ने देखा तो हड़कंप मच गया।हालांकि थोड़ी देर बाद ट्रक का टायर बदलकर ट्रक को पुलिस फोर्स लेकर चली गई। जानकारी मिल रही है कि ट्रक में बैंक का करोड़ो रुपया एक जनपद से दूसरे जनपद ट्रांसफर किया जा रहा था,जो एक कंटेनर ट्रक में भरकर पुलिस की सुरक्षा में ले जाया जा रहा था,तभी गुलामीपुर हाइवे पर ट्रक का टायर फट गया था।पुलिस ने बताया कि ट्रक को लेकर पुलिस फोर्स कही जा रही थी,तभी ट्रक का टायर फट गया,हालांकि थोड़ी देर बाद ट्रक ठीक कर पुलिस टीम ट्रक को लेकर चली गई।

सेंट फ्रांसिस स्कूल में दो दिवसीय फुटबॉल मैच का हुआ आयोजन

प्रधानाचार्य ने कहा कि प्रतिस्पर्धा की भावना को जागृत करने का एक मंत्र है खेल प्रतियोगिता

भरवारी कौशांबी। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर बेरूवा स्थित सेंट फ्रांसिस स्कूल में दो दिवसीय फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया, जिसमें सीनियर ग्रुप के चारों हाउस फ्लेमिंगो, स्पार्टन, टाइटंस और फाल्कन के फुटबॉल खिलाड़ी बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के प्रथम दिवस फ्लेमिंगो हाउस ने टाइटन हाउस पर दो एक से जीत दर्ज करते हुए फाइनल में जगह बनाई, इसी प्रकार स्पार्टन हाउस ने फाल्कन हाउस को परास्त करते हुए फाइनल में प्रवेश लिया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य जेराल्ड पी डिसूजा ने खिलाड़ी प्रतिभागियों से परिचय प्राप्त करके किया। उन्होंने बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि यह खेल प्रतियोगिता सिर्फ स्कूल का इंटरनल खेल ही नहीं है वरन आपके अंदर एक प्रतिस्पर्धा की भावना को जागृत करने का एक मंत्र है, क्योंकि जब तक व्यक्ति के अंदर प्रतिस्पर्धा की भावना नहीं होगी, तब तक वह अपने जीवन के किसी भी क्षेत्र में आगे नहीं बढ़ पाएगा, परंतु प्रतिस्पर्धा स्वस्थ एवं व्यक्तित्व का विकास करने वाली होनी चाहिए। प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस में प्रथम एवं द्वितीय स्थान के लिए फ्लेमिंगो और स्पार्टन के बच्चों ने कुशल एवम मझे हुए खिलाड़ियों की भांति खेलते हुए, उपस्थित दर्शकों को तालियां बजाने के लिए मजबूर किया। स्पार्टन हाउस के निखिल कुमार और पुष्पराज सरोज ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए अंतिम क्षणों में गोल करते हुए अपनी टीम स्पार्टन हाउस को दो- एक से विजय दिलाई, इसी प्रकार तीसरे और चौथे स्थान के लिए फाल्कन और टाइटंस दोनों पूरे टाइम संघर्ष करते हुए दिखे, फॉल्कन हाउस के राधे कृष्णा शुक्ला और सत्येंद्र कुमार ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए गोल करके अपनी टीम को तीसरे नंबर पर काबिज किया। उक्त प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर रहे फ्लेमिंगो हाउस के खिलाड़ी शिवा सिंह ने दर्शकों का खूब मनोरंजन कराया और शिवा सिंह की बदौलत स्पार्टन हाउस के खिलाड़ी पूरे मैच में संघर्ष करते दिखे, परंतु आखिरी क्षणों में स्पार्टन हाउस ने 2- 1 से विजय हासिल कर प्रथम स्थान अर्जित किया। स्पार्टन हाउस की तरफ से मोहित यादव (कैप्टन), अभिषेक कुमार, मयंक गुप्ता (गोलकीपर), भारत केसरवानी, विवेक यादव, देवेंद्र पाल, पुष्पराज सरोज, मोहम्मद इस्माइल, निखिल ओझा, इच्छित केसरवानी, आशुतोष यादव, पुष्पराज पाल, अभिषेक सिंह, सौरभ यादव एवं आयुष यादव ने भाग लिया। फ्लेमिंगो हाउस से हितेश यादव (कप्तान), रवि त्रिपाठी, अजीत सरोज, अभिषेक सरोज, मोहम्मद शरिफ, रोहित यादव, साहिल सिंह, शिवा सिंह, जायस तिवारी, प्रियांशु सेन, हसन, रितिक, नवीन कुमार, सुमित बाबू , अमरेंद्र पाल। फाल्कन हाउस से शिवम सिंह (कैप्टन), प्रणव सिंह, आयुष द्विवेदी, हर्ष मिश्रा, अभय पाठक, सत्येंद्र, सुशील यादव, राधे कृष्णा शुक्ला, मोहम्मद सैफ, अखिलेश कुमार, अंकित पाल, समर्थ पांडे, सुमित पाल, असंख्य मिश्रा, अनुज कुमार। तथा टाइटंस हाउस की तरफ से पार्थ कुशवाहा (कैप्टन), विराट यादव, मोहम्मद अरमान, जीत केसरवानी, श्लोक सिंह, अभिषेक दुबे, शिवम कुमार, प्रांजल केसरवानी, शुभम यादव, अमन वर्मा, अश्विन सिंह, मोहम्मद मुबाशिर, अनिल पाल आदि प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। उक्त प्रतियोगिता सफलतापूर्वक स्पोर्ट टीचर कुलदीप सोनी एवं हसन राजा के द्वारा संपन्न कराई गई। उक्त अवसर पर जीतेंद्र प्रताप सिंह, अंजना त्रिपाठी, पवन कुमार मिश्रा, मोहम्मद आसिम खान, विवेक कुमार आदि मौजूद रहे।

जमीन अधिग्रहण के बाद मुआवजा मिलने में हो रही देरी से किसान बेचैन

विजिया कौशांबी। प्रयागराज से कौशांबी तक फोरलेन सड़क निर्माण कराए जाने की मंजूरी दिए जाने के बाद किसने की जमीन को विभागीय अधिकारियों ने अधिग्रहण तो कर लिया है लेकिन कई महीने बीत जाने के बाद भी किसानों को विभाग द्वारा मुआवजा नहीं दिया गया है जिससे किसान बेचैन हैं एक तरफ उनके खेतों में फसल की बुवाई बंद हो गई है जिससे उनके आय के स्रोत खत्म हो गए हैं दूसरे तरफ जमीन को अधिग्रहण करने वाले लोक निर्माण विभाग से मुआवजा की रकम न मिलने से किसान रोजी-रोटी के दूसरे संसाधन नहीं तलाश पा रहे हैं जिससे किसानों का बेचैन होना स्वाभाविक है लेकिन उसके बाद भी मुआवजा देने में बिभाग के अफसर जल्दबाजी नहीं करना चाहते हैं कई बार किसानों ने विभागीय अफसर से मुलाकात कर मुआवजे की रकम दिलाए जाने की मांग की किसनो की जमीन अधिग्रहण किए जाने के बाद विभाग द्वारा मुआवजा समय से न दिए जाने के बाबत स्थानीय सांसद विधायक ने भी किसानों की इस समस्या को लेकर अधिकारियों से वार्ता नहीं की। चुनाव के समय लंबी चौड़ी बात करने वाले माननीय किसनो की समस्या के समय सामने आने को तैयार नहीं दिख रहे हैं जिससे किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ देखी जा सकती हैं

कौशांबी की बेटी ने जज की परीक्षा पास कर जिले का किया नाम रोशन

अखंड भारत संदेश

रिजल्ट की घोषणा होते ही परिवार रिश्तेदारों में खुशी की लहर घर में लगा लोगों का जमावड़ा, अखिल भारतीय केसरवानी वैश्य महासभा ने बधाई देते हुए बालिका के उज्जवल भविष्य की कामना की

मनौरी कौशाम्बी। जिले के सिराथू कस्बे के स्व0 डॉक्टर मेवा लाल केशरवानी की पौत्री ने जज की परीक्षा पास कर ली है जैसे ही इस बात की जानकारी घर परिवार रिश्तेदारों को लगी लोग खुशी से झूम उठे हैं और बालिका को माल्यार्पण कर मिठाईयां खिलाकर उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है अखिल भारतीय केसरवानी वैश्य महासभा के राष्ट्रीय सह संयोजक वरिष्ठ पत्रकार सुशील केसरवानी संतोष कुमार केशरवानी ,जागृति के नाना सियाराम केसरवानी ने बालिका और उनके परिजनों को बधाई देते हुए बालिका के उज्जवल भविष्य की कामना की है जानकारी के मुताबिक सिराथू कस्बे की रहने वाली बालिका जागृति केसरवानी पुत्री बाला जी केशरवानी ने कड़ी मेहनत करने के बाद जज की परीक्षा पास कर ली है जागृति केसरवानी के रिजल्ट की जैसे ही घोषणा हुई उनकी माता नीतू केसरवानी सहित घर परिवार और रिश्तेदार खुशी से झूम उठे हैं बालिका को माल्यार्पण किया गया है उसे मिठाइयां खिलाई गई हैं बालिका के उज्जवल भविष्य की कामना प्रभु से की है जागृति केसरवानी की माता नीतू केसरवानी ने कहा कि प्रभु से यही कामना है कि मेरी बेटी दिनों दिन इसी तरह तरक्की करती रहे बुर्लादियों तक पहुंचे डॉक्टर मेवा लाल केशरवानी के घर पर बधाई देने वाले लोगों का जमावड़ा लगा है।

अपहृत को सैनी पुलिस ने किया बरामद

कौशाम्बी थाना सैनी पुलिस उप निरीक्षक अतुल रंजन तिवारी द्वारा गुमशुदा अपहृत को सैनी चौराहे से सकुशल बरामद किया गया। और परिजनों को सुपुर्द किया गया है।

पुलिस ने बरामद की 52 लीटर अवैध शराब

कौशाम्बी जिले के सैनी पश्चिम शरीरा महेवाघाट थाना पुलिस ने 52 लीटर अवैध शराब के साथ 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है सैनी पुलिस ने मौके से बरामद लहन को नष्ट भी कराया है विधिक कार्यवाही के पश्चात थाना पुलिस ने आरोपियों का चालान न्यायालय में किया है।

वारंटी को चरवा पुलिस ने किया गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना चरवा पुलिस के उप निरीक्षक गिरीश कुमार सिंह द्वारा वारंटी अभियुक्त श्री लाल उर्फ मिठाई लाल को गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात न्यायालय भेजा गया।

किडजी भरवारी एवं एनडी कॉन्वेंट स्कूल एंड कॉलेज के नौनिहालो ने संयुक्त रूप से मनाया रक्षाबंधन पर्व

अखंड भारत संदेश

सीमा पवार ने कहा कि रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के सभी संस्थान इस प्रकार के आयोजन करके समाज को एक संदेश देने का कार्य सदैव करते रहते हैं

कौशाम्बी। भरवारी स्थित एनडी कॉन्वेंट स्कूल एंड कॉलेज और किडजी के नौनिहालो ने रक्षाबंधन का पर्व बड़े हर्षोल्लास से मनाया बहनों ने भाई को रक्षा सूत्र बांधकर और मिठाई खिलाकर उनकी लंबी उम्र की कामना की और भाइयों ने उनकी रक्षा का वचन दिया केपीएस के किडजी कैंपस में बुधवार को बड़ा आकर्षण का दिन था क्योंकि छोटे-छोटे नौनिहाल कौतूहलवश इस पर्व को बड़े उत्साह के साथ मना रहे थे चारों ओर हर्षोल्लास का माहौल दिखाई दे रहा था वही एनडी कॉन्वेंट स्कूल के किड्स जोन के बच्चे भी इस पर्व को मनाने के लिए शामिल हुए केपीएस डायरेक्टर श्रीमती सीमा पवार ने इस कार्यक्रम को ऑर्गेनाइज किया था उन्होंने अपने संदेश में कहा कि यह पर्व भाई-बहन के अटूट रिश्ते का प्रतीक होता है जिसमें बहन भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधती है और अपनी रक्षा का वचन लेती है वही भाई बहन को रक्षा का वचन देता है यह पवित्रता का त्यौहार होता है रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के सभी संस्थान इस प्रकार के आयोजन करके समाज को एक संदेश देने का कार्य सदैव करते रहते हैं और इसकी प्रेरणा सदैव संस्थान के अध्यक्ष पूर्व विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता द्वारा मिलती रहती है कार्यक्रम में किडजी प्रिंसिपल नेहा गुप्ता इशिका सना रिया शबाना तोशी साक्षी आदि उपस्थित रहे।

मण्डल स्तर कुश्ती के लिये चयनित हुये धर्मा देवी इंटर कॉलेज के सर्वाधिक 8 बच्चे

कौशाम्बी। श्री दुर्गा देवी इण्टर कॉलेज ओसा कौशाम्बी में जनपद स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने भाग लिया जनपद स्तरीय आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता में धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन कनवार के 8 बच्चे मंडल स्तर की कुश्ती के लिए चयनित हुए विजेता सभी 0 2 सितम्बर को प्रयागराज में आयोजित होने वाली मण्डल स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। छात्र/छात्राओं की इस उपलब्धि के पश्चात विद्यालय आगमन पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. रामकिरण त्रिपाठी व अन्य शिक्षकों ने माल्यार्पण एवम् मेडल पहनाकर चयनित छात्र छात्राओं को सम्मानित किया। विद्यालय के कुश्ती के कोच निर्भय सिंह को प्रधानाचार्य द्वारा माल्यार्पण एवम् अंग वस्त्रम देकर सम्मानित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. रामकिरण त्रिपाठी एवं अन्य शिक्षकों ने छात्र/छात्राओं को मण्डल स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम के अवसर पर रामशंकर सिंह,आदित्य द्विवेदी,बलवन्त कुमार,पुनीत अग्रहरि,धनवंतरि कुमार आदि शिक्षक एवं छात्र/छात्राएं उपस्थित रहें।

कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थियों से संवाद कर सीडीओ ने मिठाई एवं प्रतीक चेक किया प्रदान

कौशाम्बी मुख्यमंत्री द्वारा लोकभवन लखनऊ में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थियों के साथ संवाद किया गया। इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण उदयन सभागार में आयोजित समारोह में किया गया तथा उपस्थित लाभार्थियों एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने मुख्यमंत्री के सम्बोधन को सुना मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थियों से सम्वाद पर मिठाई एवं प्रतीक चेक प्रदान किया तथा रक्षाबंधन पर्व की बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

पत्रकार की मां का निधन परिजनों का रो रोकर हुआ बुरा हाल

मनौरी कौशांबी मनौरी कस्बा निवासी राम कुमारी केसरवानी उम्र 80 वर्ष लगभग पत्नी स्व0 राम चंद्र केसरवानी पूर्व प्रधान की बुधवार सुबह 7 बजे आकस्मिक निधन हो गया ,राम कुमारी सरल स्वभाव से जानी जाती थी बुधवार को इनके निधन पर हजारों की संख्या में लोगों ने अश्रुपूरित नेत्रों से उन्हें विदाई दी पत्रकार राजीव केसरवानी विनोद कुमार प्रमोद कुमार,अरुण कुमार ,संजीव कुमार और दो बेटियों सहित भरा पूरा परिवार छोड़कर राम कुमारी स्वर्ग लोक वासी हो गई हैं निधन की जानकारी मिलते ही लोगों का जमावड़ा उनके आवास पर लगा है पत्रकार की माता की मौत की जानकारी मिलते ही तमाम पत्रकार भी उनके आवास पर पहुंचे हैं और शोक संवेदना व्यक्त किया है।

ठेकेदार की तानाशाही से लहूलुहान हो रहे राहगीर

कौशांबी चायल तहसील के ग्राम पंचायत बलीपुर टाटा मे जेएमसी कंपनी के द्वारा पानी टंकी निर्माण कार्य किया जा रहा है ठेकेदार की लापरवाही के चलते सड़क पर गिट्टी गिराने की वजह से लोगो को आने जाने मे काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है सड़क पर ठेकेदार द्वारा गिट्टी गिराए जाने से आए दिन लोग गिरकर चोटिल हो रहे है मामले की शिकायत लोगों ने पुलिस अधिकारियों से किया है तानाशाही पर उतरे ठेकेदार से लोगों ने सड़क से दूर गिट्टी उतारने के लिए कहा लेकिन वह ग्रामीणों की बात मानने को तैयार नहीं है आखिर सड़क पर गिट्टी गिराए जाने के बाद दुर्घटना में लहूलुहान हो रहे लोगों के नुकसान का जिम्मेदार कौन है क्या ठेकेदार पर मुकदमा दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी कराई जाएगी या फिर ठेकेदार की लापरवाही से राहगीर लहूलुहान होते रहेंगे।

हापुड़ घटना : तहसील बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने किया धरना प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश

चायल कौशाम्बी। जनपद हापुड़ में शांतिपूर्ण तरीके से धरना प्रदर्शन कर रहे अधिवक्ताओं पर 29 अगस्त को लाठी चार्ज किए जाने के विरोध में चायल तहसील बार एसोसिएशन के आक्रोशित अधिवक्ताओं ने चायल से मनौरी की ओर जाने वाली सड़क को जाम कर दिया है। और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए वहीं पर वकील बैठ गए हैं। मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर उप जिला अधिकारी चायल पहुंचे। अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन उप जिला अधिकारी को सौंपा है। इसी तरह अन्य तहसीलों में भी अधिवक्ताओं ने धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौपा है धरना प्रदर्शन कर रहे, अधिवक्ताओं ने कहा कि हापुड़ जनपद में बुजुर्ग और महिला अधिवक्ताओं के साथ अन्य अधिवक्ताओं पर भी बर्बरता पूर्वक पुलिस ने लाठी चार्ज किया है। जिससे तमाम अधिवक्ता गंभीर तरीके से घायल हैं। जिसकी कड़े शब्दों में निंदा की जाती है। तहसील में अधिवक्ताओं ने बैठक कर धरना प्रदर्शन की रणनीति बनाई और न्यायिक कार्य से विरत रहने का फैसला लिया धरना प्रदर्शन कर रहे, अधिवक्ताओं ने कहा कि हापुड़ जनपद में पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर लाठी चार्ज किए जाने के विरोध में पूरे प्रदेश के अधिवक्ता आक्रोशित है। और जब तक हापुड़ जनपद के पुलिस अधीक्षक और क्षेत्राधिकारी पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस अधिकारियों को बर्खास्त नहीं किया जाता तब तक अधिवक्ताओं का धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। इस मौके पर बार एसोसिएशन चायल अध्यक्ष एडवोकेट जगजीत सिंह महामंत्री राजेश्वर सिंह कोषाध्यक्ष अजीत सिंह यादव, रामकरन, संदीप कुमार, अजीत कुमार पटेल देवेंद्र कुमार पांडे,सुल्तान अहमद, घनश्याम कुमार, राम नरेश पटेल, अजीत पटेल, राजेंद्र कुमार, विद्यासागर, सुभाष कुमार,जवाहर सिंह,सुनील कैथवास, बलवंत सिंह, दुष्यंत सिंह, विनीत सिंह, त्रिभुवन सिंह, विनय सिंह आदि एडवोकेट मौजूद रहे।

हापुड़ में अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज के विरोध में आक्रोशित हुए कौशाम्बी के अधिवक्ता

कौशाम्बी। जनपद हापुड़ में अधिवक्ताओं के ऊपर हुए लाठीचार्ज के विरोध में बुधवार को कौशाम्बी के अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य से विरत रहकर अपना विरोध जताया जिला अधिवक्ता संघ द्वारा आम सभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता मॉडल डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश जायसवाल ने किया तथा कार्यक्रम का संचालन बार एसोसिएशन के महामंत्री लक्ष्मीकांत त्रिपाठी ने किया। आम सभा को संबोधित करते हुए अध्यक्ष राकेश जायसवाल ने कहा कि अधिवक्ताओं का उत्पीड़न बर्दास्त नहीं किया जाएगा जिस तरह हापुड़ में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे अधिवक्ताओं पर पुलिस द्वारा बर्बरतापूर्ण लाठी चार्ज किया गया वो बहुत ही निन्दनीय है , आमसभा का संचालन करते हुए बार के महामंत्री लक्ष्मीकांत त्रिपाठी ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि जब तक हापुड़ के पुलिस अधीक्षक और दोषी क्षेत्राधिकारी को बर्खाश्त नहीं किया जाता एवं दोषी पुलिसकर्मियों पर एफआईआर नहीं दर्ज की जाती तब तक अधिवक्ता शांत नहीं बैठेंगे । आम सभा के बाद अधिवक्ता प्रशासन के विरोध में नारेबाजी करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय में जाकर कार्यवाही हेतु शासन को भेजे जाने का ज्ञापन सौंपा । ज्ञापन देने वालों में मुख्यरूप से पूर्व अध्यक्ष नरनारायण मिश्रा , मनुदेव त्रिपाठी , पूर्व महामंत्री तुषार तिवारी , अजय पांडेय , गोपाल जी शुक्ला , दिलीप पांडेय , वीरेंद्र तिवारी , राजीव मिश्रा , दीप नारायण तिवारी रामसागर द्विवेदी , मक्खन मिश्रा , शिवप्रसाद त्रिपाठी , कौशलेश द्विवेदी , मंदीप अवस्थी , अंकित त्रिपाठी , पंकज शुक्ला सहित सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद रहे।

संपादक की कलम से

चीन सुधरेगा नहीं, चौकन्ना रहना होगा

चीन अपनी दोगली नीति, षडयंत्रकारी हरकतों एवं विस्तारवादी मंशा से कभी बाज नहीं आता। वह हमेशा कोई ऐसी कुचेष्टा करता ही रहता है जिससे भारत चीन बॉर्डर पर अक्सर तनाव रहता है। ब्रिक्स समिट में जगी भारत-चीन के सामान्य संबंधों की आस आकार लेने से पहले ही धूमिल हो गयी है। नई दिल्ली में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले भारत-चीन के संबंधों में सामंजस्य बैठाने के प्रयास चीन के नापाक इरादों से जटिल ही बने रहने वाले हैं। चीन की ओर से जारी किए गए ताजा नक्शे में अरुणाचल प्रदेश को अपना हिस्सा बताकर चीन एक बार फिर सीमा विवाद को बढ़ाने के साथ भारत को उकसाने वाली कार्रवाई में जुटा है। हालांकि भारत ने दो टूक जवाब देते हुए साफ कहा है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है और यह चीनी दुष्प्रचार के सिवाय कुछ नहीं है। चीन की इस हरकत ने यह साफ कर दिया है कि उससे संबंध सुधारने की भारत की तरफ से कितनी ही पहल हो जाए, वह सुधरने वाला नहीं है। दरअसल, सीमाओं को लेकर नित नए विवादास्पद तथ्य लाना चीन की फितरत में शामिल है। अरुणाचल प्रदेश ही नहीं, अक्साई चिन, ताइवान और विवादित दक्षिण चीन सागर पर भी चीन अपना दावा जताता रहा है। इससे पहले भी शातिर और चालबाज चीन ने अप्रेल में जारी अपने नक्शे में पहले चुपके से अरुणाचल प्रदेश के गांवों के नाम बदल दिए थे, जिसकी भारत ने निंदा की थी। अब दक्षिणी हिंद महासागर में 19 स्थानों के नाम बदले हैं। चीन की तरफ से दक्षिण हिंद महासागर में 19 तलों के नाम बदलने की हिमाकत की गई है, वे भारतीय प्रायद्वीप से करीब 2000 किलोमीटर दूर हैं। चीनी मीडिया ने इसे बीजिंग का ह्यसॉफ्ट पॉव्रह्य प्रोजेक्शन कहा है। चीन की ओर से की गई यह कार्रवाई भारत की संप्रभुता और हिंद महासागर के इलाके में भारतीय प्रभाव पर सीधा दखल है। एक महीने के भीतर शी जिनपिंग की भारत की संप्रभुता के साथ छेड़छाड़ की यह दूसरी हिमाकत है। इसे चीन के विस्तारवादी रवैये और हिंद क्षेत्र में चीन की बढ़ती दखल के रूप में देखा जा रहा है।

पिछले पांच साल में चीन नाम बदलने का यह दुस्साहस तीन बार कर चुका है। इस साल अप्रेल से पहले उसने 2021 में 15 और 2017 में छह जगहों के नाम बदले थे। हालांकि तब भी भारत ने विरोध दर्ज कराते हुए नए नामों को सिरे से खारिज कर दिया था। चीन का यह नया नक्शा ब्रिक्स समिट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात के बाद एवं नई दिल्ली में अगले माह की शुरूआत में ही होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले सामने आया है। समूची दुनिया चीन के विस्तारवादी रवैये और दूसरे देशों की जमीन को कब्जाने की नीयत को अच्छी तरह देखती और समझती है। चीन भरोसे करने के काबिल न पूर्व में रहा है और न भविष्य में होने की संभावनाएं हैं। भारत के मामले में चीन का रवैया सदैव शत्रुतापूर्ण एवं उसके क्षेत्रों पर अनाधिकृत कब्जाने का ही रहा है। चीन की पिछली हरकतों से भी यह साफ हो गया है कि चीन कभी भी भारत से मित्रवत संबंध बनाने के प्रयासों का साथ देने वाला नहीं है। भारत एवं चीन दोनों देशों के बीच संबंधों में आने वाली तल्खी की बड़ी वजह भी चीन की नीयत में खोट, उच्छृंखलता एवं अनुशासनहीनता ही है। चीन ने एक बार फिर अपनी इस हरकत से भारत के प्रति शत्रुता को ही जाहिर किया है। भारत के साथ चीन का बर्ताव हमेशा दोगला एवं द्वेषपूर्ण रहा है। चीन ने विस्तारवादी नीतियों के तहत जैसी गतिविधियां चला रखी हैं उनसे भारत ही नहीं, बल्कि समूची दुनिया को चौकन्ना रहने की जरूरत है।

बुरी नीयतः चीन के नक़्शे में अरुणाचल होना

चीन ने अपना एक नया आधिकारिक नक्शा जारी किया है, जिसमें उसने अरुणाचल प्रदेश और अक्साई चिन को अपना हिस्सा बताया है। दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनफिंग की अनौपचारिक मुलाकात और सीमा विवाद सुलझाने के प्रयासों पर बातचीत के तीन दिन के भीतर चीन ने यह नक्शा जारी किया है। भारत ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया दी है और कहा कि ऐसा बेहूदा दावों से किसी और का क्षेत्र आपका नहीं हो जाएगा।

भारत ने आधिकारिक रूप से इस पर तीखा प्रतिवाद दर्ज कराया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने ट्विट करके मंगलवार को बताया- हमने आज डिप्लोमेटिक चैनल से चीन के सामने उसके स्टैंडर्ड मैप 2023 को लेकर कड़ा प्रतिवाद दर्ज कराया है, जिसमें उसने भारतीय क्षेत्र को अपना बताया है। उन्होंने आगे लिखा है- हम उनके दावे को खारिज करते हैं क्योंकि इसका कोई आधार नहीं है। चीन की ओर से उठाए जाने वाले ऐसे कदम सीमा के सवालों के हल को और उलझा देंगे। इससे पहले चीन ने सोमवार को अपना आधिकारिक मैप जारी किया है। इसमें भारत के अरुणाचल प्रदेश, अक्साई चीन, ताइवान और विवादित दक्षिण चीन सागर को अपने क्षेत्र में दिखाया है। चीन के सरकारी न्यूज पेपर ने ट्विटर पर नया मैप पोस्ट किया। इस पर भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि चीन की यह पुरानी आदत है। उनके दावों से कुछ नहीं होता। एक निजी टेलीविजन चैनल को दिए इंटरव्यू में जयशंकर ने भारत के इलाकों को अपना बताने के चीन के दावे को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि चीन ने नक्शे में जिन इलाकों को अपना बताया है, वो उनके नहीं हैं। ऐसा करना चीन की पुरानी आदत है। अक्साई चिन और लद्दाख भारत का अभिन्न हिस्सा है। पहले भी चीन भारत के हिस्सों के लेकर नक्शे निकालता रहा है। उसके दावों से कुछ नहीं होता। हमारी सरकार का रुख साफ है। बेकार के दावों से ऐसा नहीं हो जाता कि किसी और के इलाके आपके हो जाएंगे। गौरतलब है कि ऐसा पहली बार नहीं है जब चीन ने ऐसी हरकत की है। इससे पहले चीन की मिनिस्ट्री ऑफ सिविल अफेयर्स ने अरुणाचल प्रदेश के नक्शे में 11 जगहों के नए नाम दिए थे। चीन सिर्फ मैप पर ही ऐसी हरकत नहीं कर रहा बल्कि अरुणाचल प्रदेश से लगती लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल के पास भी चीन ने इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ाया है। कई गांव बनाए हैं और इंडियन आर्मी को अंदेशा है कि चीन की सेना इन गांवों का दोहरा इस्तेमाल यानी सिविल के साथ ही मिलिट्री इस्तेमाल कर सकती है। सूत्रों के मुताबिक जल्द ही चीन स्टडी ग्रुप की मीटिंग हो सकती है। जिसमें हाल ही में ईस्टर्न लद्दाख में गतिरोध दूर करने को लेकर हुई दोनो देशों के बीच हुई कोर कमाडंर स्तर की मीटिंग और उसके बाद के डिप्लोमेटिक स्तर पर हुए डिवेलपमेंट के बारे में बातचीत हो सकती है। चीन के साथ ईस्टर्न लद्दाख में एलएसी पर तीन साल से ज्यादा वक्त से तनाव चल रहा है। बातचीत के जरिए इसे सुलझाने की कोशिशें जारी हैं लेकिन चीन ईस्टर्न सेक्टर में यानी अरुणाचल प्रदेश वाले इलाके में लगातार कुछ न कुछ हरकतें कर रहा है। पिछले साल दिसंबर में भी चीन ने ईस्टर्न सेक्टर में ऐसी हो कोशिश की थी। तब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संसद में बताया था कि 9 दिसंबर को चीन ने अरुणाचल प्रदेश के यांग्त्से में यथास्थिति बदलने की कोशिश की। भारतीय सेना ने बहादुरी से चीनी सेना को हमारे क्षेत्र में अतिक्रमण करने से रोका और उन्हें उनकी पोस्ट पर वापस जाने को मजबूर कर दिया। इसी साल जनवरी में आर्मी चीफ ने कहा कि पिछले कुछ समय में चीनी सैनिकों की तैनाती ईस्टर्न सेक्टर (अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम) के दूसरी तरफ बढ़ी है। चीनी सैनिक वहां एक्सरसाइज करने आए थे और फिर उनकी तैनाती को वहां बढ़ा दिया गया। चीन ने पिछले दो साल में रेस्ट ऑफ अरुणाचल प्रदेश RALP एरिया के पास चीनी सैनिकों की गश्ती भी बढ़ाई है। वहां चीन इंफ्रास्ट्रक्चर पर भी फोकस कर रहा है। अरुणाचल प्रदेश में ईस्ट और वेस्ट कामेंग जिले को छोड़कर बाकी अरुणाचल प्रदेश को इंडियन आर्मी फ्अछढ कहती है। चीनी सेना जिस तरह से फ्अछढ एरिया के दूसरी तरफ अपने सैनिकों की संख्या धीरे-धीरे बढ़ाई है उस पर इंडियन आर्मी की पूरी नजर है। माना जा सकता है चीन के साथ पिछले कुछ वर्षों से भारत के सम्बन्ध जिस तल्खी के दौर से गुजर रहे हैं उसकी मूल वजह चीन की वह खोट भरी नीयत ही है जिसके चलते वह भारतीय सीमाओं में अतिक्रमण करता रहता है। जून 2020 में लद्दाख की गलवान घाटी में तैनात भारतीय सैनिकों के साथ चीनी फौजियों ने जिस तरह की हाथापाई और संघर्ष किया था उसमें भारत के 20 रणबांकुरे शहीद हो गये थे और उसके बाद से चीनी फौजें भारतीय सीमा क्षेत्र में घुस कर बैठ गई थीं। वैसे तो चीन की तरफ से बार-बार आपसी सम्बन्धों को सामान्य बनाने की बात कही जाती रही है मगर इसकी कथनी में भी फर्क देखने में आता रहता है। भारत की आन्तरिक राजनीति में भी चीन के रवैये को लेकर पिछले कुछ वर्षों से लगातार गर्मी बनी रहती है और विपक्षी दल सरकार की आलोचना करते रहते हैं परन्तु इतना निश्चित है कि जून 2020 से भारत-चीन की सीमाओं पर तनावपूर्ण माहौल लगातार बना हुआ है जिसे दूर करने के लिए अभी तक दोनों सेनाओं के कमांडर स्तर की 19 दौर की वार्ताएं भी हो चुकी हैं मगर नतीजा भारत की अपेक्षानुरूप नहीं निकल पाया है। भारत के रक्षा व कूटनीतिक विशेषज्ञ शुरू से ही सावधान कर रहे है कि चीन लद्दाख से गुजर रही सीमाओं नियन्त्रण रेखा को बदल देना चाहता है जिसकी वजह से लद्दाख से लेकर अरुणाचल प्रदेश से लगी सीमाओं में यह परिवर्तन करने पर आमादा लगता है। चीन के बारे में भारत में यह धारणा बन चुकी है कि जून 2020 के बाद से वह भारत की कम से कम दो हजार वर्ग कि.मी. भूमि को कब्जाये बैठा है। उसके साथ कमांडर स्तर की जो वार्ताएं होती हैं उनमें किश्तों में वह भारतीय जवानों को पुरानी चौकियों पर तैनात होकर सुरक्षा करने को सहमति देता है और पीछे हटने का नाटक करता रहता है मगर भारत के इलाके वाले क्षेत्र में सैनिक निर्माण कार्य भी करता रहता है।

पूरा भारत चीन की इस खोटी नजर को भलि-भांति पहचानता है क्योंकि 1962 में अकारण ही इसने भारत की पीठ में छुरा घोंपते हुए विश्वासघात करके हमला कर दिया था और इसकी फौजें असम राज्य के तेजपुर तक आ गईं थीं। बाद में प. नेहरू की अन्तर्राष्ट्रीय छवि को देखते हुए विश्व के अधिसंख्य देशों ने चीन को इस कदर जलील किया कि इसे अपनी फौजें पीछे हटाने के लिए मजबूर होना पड़ा मगर उस समय चीन भारत का पूरा अक्साई चिन इलाका अपने कब्जे में लेकर बैठ गया। तब से यह क्षेत्र इसके कब्जे में है मगर 1963 में पाकिस्तान ने एक और शातिराना हरकत की और पाक अधिकृत कश्मीर का काराकोरम घाटी वाला पांच हजार वर्ग कि.मी. का इलाका इसे सौगात में दे दिया और चीन के साथ नया सीमा समझौता कर लिया। इतना ही नहीं जब 2003 में भाजपा नीत एनडीए की वाजपेयी सरकार ने तिब्बत को चीन का हिस्सा स्वीकार किया तो चीन ने सिक्किम को भारतीय संघ का हिस्सा मानने के साथ ही अरुणाचल प्रदेश पर अपना अधिकार जमाना शुरू कर दिया। अतः चीन की विस्तारवादी नीति के प्रति हमें हमेशा ही सजग रहने की जरूरत है। यह ऐसा कम्युनिस्ट देश है जिसका यकीन अब पूंजीवादी विस्तारवाद पर भी हो गया है और यह दुनिया के कम विकसित व गरीब देशों को इसी नीति के चलते नयी साम्राज्यवादी व्यवस्था कायम करना चाहता है। मगर भारत की स्थिति अब 1962 वाली नहीं है और वह ऐसी स्थिति में 2006 में ही आ गया था जब भारत के तत्कालीन विदेशमन्त्री भारत रत्न स्व. प्रणव मुखर्जी ने राष्ट्रसंघ महासभा की बैठक के समानान्तर ही ब्रिक्स संगठन की मजबूत आधारशिला रख दी थी। बेशक इसमें चीन भी शामिल था मगर प्रणव दा इस संगठन के बहाने द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से पूरी दुनिया में अमेरिका व पश्चिमी यूरोपीय देशों की वह दादागिरी तोड़ना चाहते थे जिसके चलते इन देशों ने दुनिया के अधिकांश वित्तीय स्त्रोतों व आय स्त्रोतों पर अपना अधिपत्य जमा रखा था। बाद में ब्रिक्स बैंक की स्थापना होना इसका प्रमाण भी है। अब इसी ब्रिक्स संगठन में दुनिया के 23 और देश शामिल होना चाहते हैं और जोहान्सबर्ग ब्रिक्स सम्मेलन का इस बार यही प्रमुख एजेंडा भी था । मगर भारत को सीधा मतलब चीन से है जो जून 2020 से ही भारत के लद्दाख क्षेत्र में अपनी सीनाजोरी चला रहा है और भारत को अपना माल निर्यात करने में भी हर साल तरक्की कर रहा है। भारत में चीनी कम्पनियों का कारोबार कम नहीं है लेकिन चीन भारत का पड़ोसी भी है। 1959 में स्वतन्त्र देश तिब्बत को हड़पने के बाद अब इसकी सीमाएं सीधे भारत से सटती हैं और समुद्री सीमाएं तो पहले से ही इससे लगती हैं। अतः हमें बड़े शान्त चित्त और कूटनीति से इसके साथ सम्बन्धों को सामान्य बनाना होगा।

मुँह काला कराना--एक कला

जी हाँ, उनके लिए मुँह काला कराना एक कला है। भले यह ईमानदार लोगों के लिए बुरा व भद्दा हो सकता है। लेकिन वे इसे जीवन का सुंदरतम श्रृंगार मानते है और अपने जीवन में नियमित इसका पालन भी करते हैं। वे अपनी काली कमाई से इस कला में निरंतर कीर्तिमान बनाते रहते है और भौतिक सुख सुविधाओं का रस लेते है। उन्हें त्याग व ईमानदारी से ऐलर्जी है। उनके लिए ये शब्द ढकोसले है। उन्हें इन नैतिक मूल्यों से अपनी कला के उत्थान में कठिनाई होती है। अपनी इस कला के नाम पर उन्हें जो जितना अर्पण कर देता है, वे उसे सहज ही मुँह काला कराते हुए स्वीकार कर लेते है। वैसे इस कला में भी आजकल रेट फिक्स करने का चलन बढ़ने लगा है ! उन्हें अपनी इस कला पर गर्व के साथ ही घमंड भी है। आखिर क्यों ना वे अपनी इस कला पर घमंड करें ! कोई एक दो दिन में तो उन्हें यह कला मिली नहीं है। इसके लिए उन्होंने बहुत तपस्या की है। बड़े शहरों में रहे। खुद से खुद के कपड़े धोए-बर्तन मांजे। प्रतियोगी परीक्षाओं को पास करने के लिए खूब कोचिंग संस्थानों के चक्कर लगाये है। भारी-भरकम फीस दी। बड़ी परीक्षा निकाली। यह सब करने के बाद उनके हाथों में इस कला का लाईसेंस आया। अब भला वे इस कला का भरपूर उपयोग क्यों ना करें ? अपनी इस कला के कारण ही आज उनके सारे सपने साकार हो रहे है। वो बात अलग है कि उन्होंने इस कला का लाईसेंस लेते समय देश सेवा करने जैसी कोई शपथ भी ली थी ! उन्हें लगता है कि वे इस कला के माध्यम से देश सेवा भी कर रहे हैं। यह उनका अपना बनाया आत्मविश्वास से भरा नवीन सिद्धांत है। इस सिद्धांत पर चलने को वे अपने कनिष्ठ अधिकारियों को भी कहते है और मुँह काला कराना कला को अपनाने का आग्रह करते है। जो कनिष्ठ इस कला के प्रति रूची नहीं दिखाते, उसके लिए वे कष्ट कारक बन जाते है। आखिर में उस कनिष्ठ अधिकारी को भी मन मारकर व स्थानांतरण के भय से इस कला संस्थान का सदस्य बनना ही पड़ता है। यह कला कनिष्ठ अधिकारी के जीवन में त्याग व ईमानदारी तो मांगती है लेकिन अपने वरिष्ठ अधिकारी के प्रति व उनके ऊपर बैठे सुपर पावर की प्रति ओर ज्यादा! उनका मानना है कि इस कला से कम समय में अमीर बना जा सकता है। अपना व अपनों का पेट भरने की जुगाड़ की जाती है। जुगाड़ शब्द का यहां व्यापक अर्थ है। ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी वाले भी अब तक सही से जुगाड़ कला का अर्थ परिभाषित नहीं कर पाये हैं। लेकिन जो काले मुँह वाले होते हैं वे इस शब्द का व्यापक अर्थ व इसके पीछे छीपी तकनीक को अच्छी तरह से जानते व समझते हैं। जैसे मुँह काला कराना हर किसी के बस का नहीं होता है। उसी तरह से इस कला को सीखना व इसमें पारंगत होना, आम ईमानदार आदमी के बस का नहीं होता है। इसमें जोखिम बहुत होता है। अपनी आत्मा को प्रतिदिन मारना पड़ता है। बने बनाये कार्यों को टालना पड़ता है। फाइलें दबाना पड़ती हैं। अपने साहब की हर बार बुराई करनी पड़ती है..! कौन काला मुँह का और कौन काला मुँह करा रहा है, यह पहचानना इतना भी सरल नहीं होता है जितना इस कला के नाम में सरलता दिख रही है। क्योंकि इसमें हर समय हाथ काले होने का भी भय रहता है। खैर हाथ काला करना ओर बढ़ी बात है। उसपर अलग से बहुत कुछ लिखा-बोला जा सकता है।

इस कला की सुंदरता से मोहित होकर कितने ही देश प्रेमी देश सेवा के मार्ग पर चलने लग जाते है। धीरे धीरे वे इस कला में अपना मुँह इतना काला करा लेते हैं कि एक दिन उन्हें अपने सगे संबंधी व मित्र तक ठीक से पहचान नहीं पाते हैं।

धीरे धीरे वे अपनी इस कला में मंत्रमुग्ध रहने लगते हैं। सांसरिक मोह-माया से वे अपने आप को ऊपर मानने लगते हैं। बस अपने सुपर पावर की भक्ति में दिनोंदिन इस कला का आनंद लेते रहते हैं और फिर वे एक दिन इस कला के मास्टर बनकर स्वयं सुपर पावर बन जाते हैं।

अब उनका इस कला में कोई हाथ नहीं पकड़ सकता है। इस कला में सुपर पावर होने पर वे अपने लिए प्रकृति की गोद में सहारा ढूँढ़ते है। अब उन्हें भीड़ से चिढ़ होने लगती है। जीवनभर मुँह काला कराने के बाद अब वे अपने इस काले मुँह को छूपाने के लिए रिटायरमेंट का प्लान बनाते हैं। उन्हें अपनी इस कला का आनंद लेने के लिए अब प्रकृति के बीच एक निर्जन स्थान की आवश्यक होती है। वहीं इस कला में मुँह काला कराने वाले कुछ बड़े कलाकार अपनी अगली पीढ़ी के लिए नये-नये व्यापार की खोज में अपनी इस कला के अधीन मुँह काला कराते रहते है....!!

एक अनार सौ बीमार : विपक्ष को एक अदद पीएम की तलाश

बाल मुकुंद ओझा

विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया की मुंबई में होने वाली बैठक से पहले प्रधानमंत्री पद को लेकर मुद्दा गरमा गया है। ऐसा लगता है विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। मुंबई बैठक से पूर्व पीएम कैंडिडेट को लेकर घमासान शुरू हो गया है। कांग्रेस सहित विभिन्न पार्टियां अपने अपने नेता को पीएम कैंडिडेट बनाने की मांग करने लगे है। कांग्रेस चाहती है राहुल गाँधी पीएम फेस बने। कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुकाबला करने के लिए प्रियंका गांधी को मैदान में उतारने की अपील की है। वहीं ममता बनर्जी , केजरीवाल, नीतीश से लेकर अखिलेश यादव तक को पीएम उम्मीदवार बनाने की मांग उठ रही है। फिलहाल सीटों के आवंटन को लेकर बड़ी बहस छिड़ी हुई है। विपक्ष के गठबंधन में पीएम पद की कुर्सी के दावेदारों की लिस्ट बढ़ती ही जा रही है। कांग्रेस के नेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि जिसके पास सबसे ज्यादा सीट होंगी. उस पार्टी का नेता ही पीएम बनेगा। ऐसे में विपक्ष के गठबंधन के सामने सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिरकार वो अगले लोकसभा चुनावों में पीएम मोदी के सामने किसे मैदान में उतारेंगे? लेकिन अब तक कोई नाम सामने नहीं आया है। आम आदमी पार्टी ने अरविंद केजरीवाल को विपक्षी गठबंधन का पीएम उम्मीदवार बनाने की मांग की है। आम आदमी पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रियंका कक्कर ने कहा कि अरविंद केजरीवाल विपक्षी गठबंधन की ओर से पीएम उम्मीदवार बनें। आप दिल्ली के संयोजक व पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा हर पार्टी के पदाधिकारी चाहते हैं कि उनके मुखिया प्रधानमंत्री हों। हम भी चाहते हैं कि अरविंद केजरीवाल को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाया जाए। हालांकि, इसका फैसला आईएनडीआईए द्वारा लिया जाएगा। समजवादी पार्टी कह रही है अगर अखिलेश यादव प्रधानमंत्री पद के प्रत्याशी होते हैं तो गठबंधन और देश के विकास के लिये बेहतर होगा। सपा राष्ट्रीय प्रवक्ता जूही सिंह ने कहा है कि मैं चाहती हूं हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पीएम पद के उम्मीदवार बनें। दूसरी तरफ भाजपा के नेता दावा कर रहे हैं कि विपक्ष के गुट में कई पीएम उम्मीदवार हैं। कांग्रेस ने मुंबई बैठक से पहले राहुल गांधी के चेहरे को एलायंस के चेहरे के तौर प्रोजेक्ट किया। बघेल और गहलोत बोल चुके हैं। भाजपा का सवाल है कि केजरीवाल, शरद पवार, ममता, नीतीश, अखिलेश आदि का क्या होगा? इस पर विपक्षी गुट को बड़ा संदेश देना होगा।

छात्रों में बढ़ती आत्महत्या की प्रवृत्ति चिन्ताजनक

ललित गर्ग

नया भारत-सशक्त भारत बनाने की बात हो रही है, नई शिक्षा नीति-2020 को प्रभावी तरीके से लागू किया जा रहा, शिक्षा के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करते हुए उस पर सर्वाधिक ध्यान दिया जा रहा है। लेकिन इन सब प्रयत्नों के बावजूद चिंता की बात यह है कि पूरे देश में खुदकुशी करने वाले छात्रों की संख्या बढ़ रही है। साल 2020 में 12500 से अधिक, तो 2021 में 13,000 छात्रों ने आत्महत्या की। ये आंकड़े नैशनल क्राइम रेकॉर्ड ब्यूरो के हैं। कोटा में इसी रविवार को दो और छात्रों ने खुदकुशी कर ली। इसके साथ इस साल कोटा में आत्महत्या करने वाले छात्रों की संख्या 23 हो गई है, जो बहुत ही गंभीर मसला है। राजस्थान की इस शिक्षा नगरी में दो महीनों में 9 छात्रों ने सुसाइड कर चुके हैं। यहां लगातार छात्र आत्महत्या कर रहे हैं, इसके पीछे सरकार, प्रशासन या कोचिंग इंस्टिट्यूट की लापरवाही है या कुछ और? सुसाइड हब बन रहे कोटा के इस स्याह पक्ष को लेकर अब इस आपदा का हल तो ढूंढ़ना होगा। ऐसा नहीं है कि महामारी बनती इस समस्या के कारण हमें नहीं पता। आजादी के अमृतकाल को सार्थक करने में शिक्षा की सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकारा जा रहा है, कहा भी जा रहा है कि शिक्षा ही एक ऐसा हथियार भी है जिससे इंसान न केवल खुद को, बल्कि समाज, राष्ट्र एवं दुनिया को भी बदल सकता है। फिर शिक्षा के आसपास ऐसी कौनसी विसंगतियां एवं विडम्बना है कि छात्रों में आत्महत्या की प्रवृत्ति बढ़ती ही जा रही है। सब जानते हैं कि शिक्षा के व्यवसाय बनने से उसमें अनेक कुचेष्टाएं प्रवेश कर रही है, छात्रों से अच्छे परीक्षा परिणाम देने का दबाव बनाया जा रहा है, अधिक प्रतिस्पर्धा एवं होड ने छात्रों पर प्रेशर बनाया है, इसके साथ ही किस तरह से पैरंट्स अपने सपने बच्चों पर थोपते हैं। उन्हें आईआईटी, एनआईटी या मेडिकल में ही बच्चों का सुनहरा भविष्य दिखता है, जिसे साकार करने के लिए कई अभिभावक कर्ज भी लेते हैं। मां-बाप के सपनों से दबा स्टूडेंट जब कोचिंग संस्थानों में पहुंचता है तो उस पर तैयारी और टेस्ट का प्रेशर डाला जाता है और यह कहकर भी डराया जाता है कि जेइइ या एनइइटी दुनिया की सबसे मुश्किल परीक्षाएं हैं। किसी भी देश की शिक्षा व्यवस्था की कामयाबी इसमें है कि शुरूआती से लेकर उच्च स्तर तक की शिक्षा हासिल करने के मामले में गलाकाट प्रतिस्पर्धा एवं जटिलता की बजाय सहजता हो। अगर किसी वजह से पढ़ाई करने या उसमें सफलता हासिल करने में किसी विद्यार्थी के सामने अड़चनें आ रही हो तो उसे दूर करने के उपाय किये जाएं। लेकिन बीते कई दशकों से यह सवाल लगातार बना हुआ है कि एक बड़ी तादाद में विद्यार्थी स्कूल-कॉलेजों में बीच में ही पढ़ाई छोड़ देते हैं और अपने अभिभावकों से नजरें ना मिला पाने के डर से आत्महत्या कर लेने हैं। इस मसले पर सरकार से लेकर शिक्षा पर काम करने वाले संगठनों की अध्ययन रपटों में अनेक बार इस चिंता को रेखांकित किया गया है, लेकिन अब तक इसका कोई सार्थक हल सामने नहीं आ सका है। प्रशासन से लेकर कोचिंग इंस्टीट्यूट के संचालक तक किसी के पास इसका जवाब नहीं है कि आखिरकार यहां सुसाइड के मामलों में लगातार इजाफा क्यों हो रहे हैं। छात्रों के द्वारा अगर लगातार ऐसे कदम उठाए जा रहे हैं तो साइकोलॉजिकल काउंसलिंग क्यों नहीं कराई जा रही है। इस संबंध कोचिंग संस्थान और प्रशासन की तरफ से कोई पहल क्यों नहीं की जा रही है? जहन में एक ही सवाल बार-बार उठता है कि आखिर बच्चों पर प्रेशर बनाता कौन है? कोचिंग इंस्टीट्यूट की तरफ से पढ़ाई का दबाव रहता है या फैमिली प्रेशर से या फिर मनचाहे परीक्षा परिणाम नहीं मिलने पर छात्र इस कदर दवाब में आ जाते हैं कि सुसाइड जैसे कदम उठा लेते हैं। कुछ छात्र तो अपने सपनों को पूरा करने के लिए इतने प्रेशर में आ जाते हैं कि रिजल्ट आने से पहले ही आत्महत्या जैसा कठोर, त्रासद एवं खौफनाक कदम उठा लेते हैं। पुणे स्थित कंसल्टेंसी फर्म इनफिनियम ग्लोबल रिसर्च का अनुमान है कि इस साल के आखिर तक कोचिंग इंडस्ट्री का कारोबार 58,000 करोड़ रुपये से भी ज्यादा होगा। यानी कोचिंग संस्थान समृद्ध एवं शक्तिशाली है कि वे चाहें तो बच्चों की मेंटल हेल्थ सुधारने के लिए पहल कर सकते हैं। वे ऐसे छात्रों की मॉनिटरिंग भी कर सकते हैं, जिनका टेस्ट स्कोर कम हो और जो अक्सर क्लास से गायब रहते हों। ऐसा भी नहीं है कि कोटा के कोचिंग संस्थानों की ओर से इस तरह की पहल नहीं हुई है, लेकिन स्पष्ट है कि ये नाकाफी साबित हो रहे हैं। विडम्बना तो यह है कि आत्महत्या की बढ़ती घटनाएं केवल कोचिंग संस्थानों में ही नहीं हो रही है बल्कि आइआइटी, एनआइटी और आइआइएसईआर, आइआइएम व केन्द्रीय विश्वविद्यालय और इनके जैसे स्तर के उच्च शिक्षण संस्थानों के छात्र भी आत्महत्या कर रहे हैं। बड़ा प्रश्न है कि उच्च नागरिक बनाने की बजाय ये संस्थान छात्रों को आत्महंता बना रहे हैं तो उनके ऊपर एक काला बदनुमा दाग होने के साथ बड़ा सवाल भी खड़ा है कि ऐसे संस्थानों में क्या पढ़ाई का स्तर व माहौल उचित नहीं है? सरकार और देश के शिक्षाविदों को इस तथ्य को लेकर भी चिंता करनी ही होगी कि बीते पांच साल में इन उच्च शिक्षण संस्थानों में दाखिला लेने वाले 92 विद्यार्थियों ने पढ़ाई के बीच में ही आत्महत्या क्यों कर ली? ऐसे ही आईआईटी बुम्बई के फर्स्ट ईयर के छात्र दर्शन सोलंकी ने पिछले दिनों खुदकुशी कर ली। इसके बाद वहां के छात्रों से अधिकारिक तौर पर कहा गया है कि छात्र एक दूसरे से जी (एडवांस) रैंक या गेट स्कोर के बारे में पूछताछ न करें। न ही ऐसा कोई सवाल करें जिससे छात्र की जाति, अमीरी-गरीबी और उससे जुड़े पहलू उजागर होते हो। इस तरह की गाइडलाइन की जरूरत केवल आईआईटी मुम्बई को ही नहीं, सभी उच्च शिक्षण संस्थानों को एवं कोटा के कोचिंग संस्थानों को भी हैं। हालांकि बच्चों को मनोवैज्ञानिक दबाव से बाहर निकालने के लिए कोटा प्रशासन ने तकरीबन साल भर पहले एक गाइडलाइन जारी की थी, जिसे एक भी कोचिंग संस्थान ने पूरी तरह फॉलो नहीं किया है, प्रश्न है कि प्रशासन ने उनके खिलाफ क्या कदम उठाये?

नोइंट्री छूट की रुपरेखा करें निर्धारित: डीएम

सडक सुरक्षा-जिला स्कूल परिवहन सुरक्षा की बैठक में दिये निर्देश

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति एवं जिला स्कूल वाहन परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक में एआरटीओ व यातायात प्रभारी को निर्देश दिए कि बिना हेलमेट, सीटबेल्ट, मोबाइल फोन से बात करते, रांग साइड चलते, ओवर स्पीडिंग, ओवर लोडिंग, रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप के खिलाफ कार्यवाही ऑनलाइन चालान से की जाती हैं, उसकी रिकवरी करायें।

बुधवार को कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने सीओ सिटी हर्ष पांडेय व एक्सईएन लोनिवि प्रांतीय खंड सत्येंद्र नाथ से कहा कि कर्वी मुख्य शहर व बेड़ीपुलिया पर स्पाट चिन्हित कर सिग्नल व्यवस्था करायें। जो आठ ब्लैक स्पॉट एनएच 35 पर चिन्हित हैं, उसमें राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों से संपर्क कर कार्यों को करायें। विश्वकर्मा पोर्टल पर फीडिंग भी करायें। परिवहन, यातायात, शिक्षा विभाग से मिलकर विद्यालयों में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के बारे में बच्चों को जानकारी देकर प्रत्येक माह कार्यक्रम करायें, ताकि यातायात की बाबत बच्चे जागरुक हो सकें। अभिभावकों को भी जानकारी दें। गुड़ सेमेरिटन में मृतकों व घायलों की सहायता करने वालों को लाभ दिलायें। जिलाधिकारी ने एआरटीओ परिवहन से कहा कि विद्यालयों के प्रबंधकों व संचालकों के साथ जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कराकर बस संचालन के मानक के बारे में जानकारी दें। स्कूलों के प्रबंधक व संचालकों के साथ संवाद कर वाहनों की कमियां दूर करायें। संचालन में लापरवाही करने पर संबंधित विद्यालय के प्रबंधक व संचालक के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। प्रबंधकों व संचालकों से कहा कि वाहन चालकों को निर्देश दें कि वाहनों को तेजगति से न चलायें। ओवरटेक न करें। शराब का नशा न करें, क्योंकि बच्चों का जीवन जुड़ा है। अभिभावक विश्वास से बच्चों को वाहनों से विद्यालय में शिक्षण को भेजते हैं। एआरटीओ से कहा कि सीएमओ से संपर्क कर किसी एक विद्यालय का चयन कर वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण एवं स्वास्थ्य परीक्षण करायें। अगर प्राइवेट वाहनों से बच्चों को विद्यालय लाते हुए पायें तो संबंधित विद्यालय के संचालक पर कार्रवाई करें। विद्यालय संचालकों से कहा कि मानक अनुरूप ही वाहनों पर बच्चों को बैठायें। पुलिस के साथ तालमेल कर विद्यालयों में पुलिस कार्यों को शेयर किया जाए, ताकि बच्चों के अंदर पुलिस के प्रति भय का समाधान हो सके। सीओ सिटी ने कहा कि माह सितंबर, अक्टूबर, नवंबर में यातायात नियम-कानून प्रचार-प्रसार सभी विद्यालयों में पुलिस विभाग करायेगा। जिलाधिकारी ने एआरटीओ से कहा कि वाहन संचालन बाबत उच्चतम न्यायालय से निर्धारित नियम-कानून सभी विद्यालयों को दें, ताकि वे अनुपालन करा सकें। जिलाधिकारी ने एसडीएम कर्वी को निर्देश दिए कि प्राइवेट बसों का संचालन पुरानी कोतवाली से करायें। बस संचालकों से कहा कि सड़क पर बस खड़ी कर सवारियां न भरें। एसडीएम व सीओ सिटी से संपर्क कर रूट चार्ट बनाकर संचालन करायें। ट्रक एसोसिएशन के महेश प्रसाद जायसवाल ने जिलाधिकारी से कहा कि नो इंट्री का समय कुछ कम किया जाए, ताकि लोगों को व्यापार में क्षति न हो, क्योंकि वाहन नो इंट्री में कई घंटे खड़े रहते हैं। इससे व्यापार प्रभावित होता है। जिलाधिकारी ने एसडीएम, सीओ सिटी, एआरटीओ व यातायात प्रभारी से कहा कि नो इंट्री छूट की रूपरेखा निर्धारित करें।

बैठक में एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, एसडीएम सदर राजबहादुर, मानिकपुर रामजन्म यादव, राजापुर प्रमोद कुमार झा, मऊ राकेश कुमार पाठक, सीओ सिटी हर्ष पांडेय, डीडीओ आरके त्रिपाठी, एआरटीओ विवेक कुमार शुक्ला समेत संबंधित अधिकारी, प्राइवेट बस संचालक, ट्रक संचालक व विद्यालयों के प्रबंधक/संचालक मौजूद रहे।

बेटी के साथ दरिंदगी करने वाले बाप को हुई ताउम्र जेल, आरोप पत्र दाखिल होने के 21वें दिन विशेष न्यायाधीश ने सुनाया फैसला

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पिता-पुत्री के रिश्ते को कलंकित करने वाले दरिन्दे को विशेष न्यायाधीश विनीत नारायण पाण्डेय ने उम्रकैद की सजा सुनाई। पुलिस के आरोप पत्र दाखिल करने के 21वें दिन स्पेशल जज ने आरोपी को दोषसिद्ध करार देते हुए सजा सुनाई है।

बुधवार को विशेष लोक अभियोजक तेज प्रताप सिंह ने बताया कि मऊ थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिक पुत्री ने थाने में पिता के दुष्कर्म करने की शिकायत की थी। नौ जुलाई 2023 को हुई इस घटना की रिपोर्ट दूसरे दिन दस जुलाई को बाल कल्याण अधिकारी बालकिशुन ने लिखाई थी। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने मामले में मऊ पुलिस टीम को त्वरित कार्यवाही करते हुए न्यायालय में भी प्रभावी पैरवी के निर्देश दिए थे। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने पीड़िता का डॉक्टरी परीक्षण कराकर कोर्ट में बयान कराए थे। आरोपी पिता को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। पुलिस ने इस मामले में न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल करने के 21वें दिन विशेष न्यायाधीश विनीत नारायण पाण्डेय ने आरोपी को दोष सिद्ध करार देते हुए आजीवन कारावास और 43 हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया है।

कोतवाली पुलिस ने वारंटी दबोचा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में कर्वी कोतवाल गुलाब त्रिपाठी की अगुवाई में दरोगा मुन्नीलाल ने सिपाही जयनारायण पटेरिया के साथ आबकारी अधिनियम के वारंटी बेनी प्रसाद वर्मा पुत्र मूलचन्द्र वर्मा निवासी चिकवन मोहल्ला लक्ष्मणपुरी को दबोचा है।

पुलिस ने एक को 52 क्वार्टर शराब समेत दबोचा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में कर्वी कोतवाल गुलाब त्रिपाठी की अगुवाई में दरोगा मुन्नीलाल ने सिपाही जयनारायण पटेरिया के साथ अजय सोनकर पुत्र रामेश्वर सोनकर निवासी नयागांव सतना मप्र को 52 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ कोतवाली में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

राजापुर पुलिस ने स्टूडेंट्स पुलिस कैडेट को किया जागरुक , गुड टच-बैड टच के बारे में बताया

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर महिलाओं/बालिकाओं में सुरक्षा एवं विश्वास का माहौल बनाने को जारी मिशन शक्ति एवं शक्ति दीदी अभियान में प्रभारी निरीक्षक राजापुर भास्कर मिश्रा ने दरोगा राजीव कुमार सिंह व महिला सिपाही दुर्गेश नंदनी सिंह के साथ तुलसी इण्टर कालेज में छात्र/छात्राओं स्टूडेंट्स पुलिस कैडेट के तहत पुलिस कार्यशैली की बाबत जागरुक किया।

बुधवार को हुई गोष्ठी में प्रभारी निरीक्षक राजापुर भास्कर मिश्रा ने स्टूडेंट्स पुलिस कैडेट के बच्चों को सुरक्षा, सहायता को महिला व बाल अपराध की बाबत प्रशिक्षित कर जागरूक किया। शासन से जारी हेल्पलाइन नम्बर 1090 वीमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा व थानों के महिला हेल्प डेस्क के बारे में जागरूक किया। शासन के विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के पम्पलेट बांटे। स्टूडेंट्स पुलिस कैडेट को मिशन शक्ति एवं शक्ति दीदी के तहत बताया कि किसी भी प्रकार के उत्पीड़न रोकने को चुप्पी तोड़ो खुलकर बोलो अभियान चल रहा है, ताकि उत्पीड़न रोका जा सके। स्टूडेंट्स पुलिस कैडेट को गुड-टच, बैड-टच की जानकारी दी। अक्सर छोटे-छोटे बच्चों को जानने वाले ही बैड-टच करते हैं। वे समझ नहीं पाते। इस बाबत खुलकर बतायें। घर में छोटे भाई/बहन को भी गुड-टच, बैड-टच के बारे में बतायें।

2023-24 में घटकर 3% रह जाएगी आईटी सेवा क्षेत्र की वृद्धि

नई दिल्ली

भारतीय आईटी सेवा क्षेत्र की आय वृद्धि चालू वित्त वर्ष में घटकर तीन फीसदी रह जाएगी। पिछले वित्त वर्ष में यह 9.2% थी। रेटिंग कंपनी इक्रा रेटिंग्स ने कहा, चालू वित्त वर्ष में इस क्षेत्र के मुनाफे में भी गिरावट होगी। इससे परिचालन लाभ मार्जिन एक फीसदी तक कम होकर 20-21% रह जाएगा।

इक्रा ने मांग में नरमी को मंदी का कारण बताते हुए कहा कि आईटी कंपनियों के लिए प्रमुख बाजारों में अनिश्चितता बनी हुई है। इससे गैर-महत्वपूर्ण परियोजनाओं में रुकावट जारी है। बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और बीमा, खुदरा, प्रौद्योगिकी तथा संचार जैसे प्रमुख क्षेत्रों ने आईटी खर्च में कमी की है। एजेंसी ने कहा कि अमेरिका और यूरोप के प्रमुख बाजारों में आर्थिक बाधाओं के कारण भारतीय सूचना एवं प्रौद्योगिकी सेवा कंपनियों की वृद्धि में 2022-23 की तीसरी तिमाही से 2023-24 की पहली तिमाही के बीच तेज गिरावट हुई है।

हापुड़ कांड: अधिवक्ताओं का भड़का आक्रोश

लायर्स यूनियन-जिला अधिवक्ता संघ ने प्रदर्शन कर जताया विरोध

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। हापुड़ में पुलिस ने शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज कर घायल करने के विरोध में आल इण्डिया लायर्स यूनियन व जिला बार एसोसिएशन ने प्रदर्शन कर सरकार की तानाशाही की आलोचना की है।

बुधवार को आल इंडिया लायर्स यूनियन के जिलाध्यक्ष/उप्र किसान सभा राज्य कार्यकारिणी सदस्य रुद्र प्रसाद मिश्र एड व जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष सत्यहरण यादव की अगुवाई में प्रदर्शनकारी अधिवक्ताओं ने कहा कि सरकार खुद तानाशाह है। इसीलिए पुलिस अधिकारियों को नंगा नाच की छूट दे रखी है। लोगों के मौलिक अधिकारों को दफन करने व अत्याचार, शोषण और संविधान विरोधी हिटलरशाही के विरोध में उठने वाली आवाज को दबाने को पुलिस प्रशासन को मौखिक आदेश जारी किये हैं। दमनकारी नीतियों के बूते सत्ता पर बने रहने का सपना भाजपा ने संजो रखा है। हापुड़ में महिला अधिवक्ताओं को भी पीटा गया। पुरुष अधिवक्ता भी अस्पताल में भर्ती हैं। सरकार पुलिस बल से विरोधी की आवाज दबाने का काम कर रही है, लेकिन अब अधिवक्ता आर-पार की लड़ाई लड़ने को तैयार हैं। सरकार की हर मनमानी के खिलाफ अधिवक्ता सड़क पर उतरेगा।

जिला अधिवक्ता संघ के जिलाध्यक्ष सत्यहरण यादव व सचिव मानसिंह ने भी सरकार की अधिवक्ता विरोधी मानसिकता की निन्दा की। कचेहरी परिसर से नारेबाजी एवं प्रदर्शन करते हुए अधिवक्ता तहसील परिसर पहुंचे। यहां जुलूस सभा में बदल गया। सरकार को चेताया कि हापुड़ के पुलिस अधीक्षक व जिलाधिकारी को तत्काल हटाया जाये। दोषी पुलिस कर्मियों को निलंबित किया जाये। उनके खिलाफ मामला दर्ज कर घायल अधिवक्ताओं को क्षतिपूर्ति दी जाये। अन्यथा अधिवक्ता कामकाज बंद कर सड़कों पर उतरेगा। प्रदर्शन में कृष्ण कुमार सिंह, मनमोहन चतुर्वेदी, त्रिभुवन सिंह, चंद्रमौलि मिश्र, शारदा यादव, चुनकूराम पाल, चुनवाद, रामकृष्ण, अनुराग गुप्ता, अनुराग सिंह आदि सैकड़ों अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन में हिस्सा लिया।

इसी क्रम में एडवोकेट काउंसिल के जिला प्रभारी रामप्रकाश पाण्डेय एड ने कहा कि हापुड़ पुलिस का अमानवीय कृत्य बेहद निंदनीय है। सूबे के मुख्यमंत्री को मामले को संज्ञान में लेकर जिम्मेदार दोषियों की सेवायें समाप्त करनी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके। सरकार को एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करना चाहिए। फौजदारी के वरिष्ठ अधिवक्ता आनन्द मिश्रा ने हापुड़ घटना की निन्दा करते हुए कहा कि कुछ पुलिस कर्मियों का ये कृत्य बेहद शर्मसार करने वाला है। दोषी पुलिस कर्मियों की सेवायें समाप्त करने से ही न्याय संभव है। बैठक में अधिवक्ता लक्ष्मण त्रिपाठी, शिवशंकर उपाध्याय, देवशरण मिश्र, अनिल त्रिपाठी, रोहित सिंह, राजेश सिंह चैहान, सुरेन्द्र पयासी, अरुण टाइगर, विकास निगम, नरेन्द्र सिंह लल्ला, लक्ष्मण कुशवाहा, केके मिश्रा, त्रिभुवन सिंह यादव, आशीष यादव, धर्मराज सिंह पटेल, राजेंद्र पटेल, बिराग, रामकृष्ण, शारदा प्रसाद सिंह, राजनारायण पाण्डेय, अनुजा श्रीवास्तव, दमयंती केशरवानी, निर्मला, दीपक मिश्रा, विकास निगम, कमलाकांत मिश्र, प्रदुम्न नारायण मिश्र, विनीत कुमार, नीरू गुप्ता, रावेंद्र त्रिपाठी, दिलीप गुप्ता, अशोक कुमार, पंकज समेत सैकड़ों मौजूद रहे।

सीएम ने लाभार्थियों को बांटे चेक, कन्या सुमंगला योजना का दिखाया सीधा प्रसारण

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थियों से मुख्यमंत्री ने संवाद कर लोक भवन सभागार में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग लाभार्थियों को डीबीटी से धनराशि व चेक बांटे। पति की मृत्युपरांत महिला पेंशन योजना के लाभार्थियों को डीबीटी से धनराशि दी। मुख्यमंत्री के भाषण का सीधा प्रसारण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से एनआईसी में दिखाया।

बुधवार को भाजपा जिलाध्यक्ष चंद प्रकाश खरे, डिस्ट्रिक कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, जिला विकास अधिकारी आरके त्रिपाठी, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा समेत बाल कल्याण की प्रिया माथुर व मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की बालिकाओं की मौजूदगी में अतिथियों ने कन्या सुमंगला योजना की बालिकाओं को उपहार दिये। बालिकाओं ने अतिथियों को राखी बांधकर मिठाई खिलाई।

खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन ने छेडा अभियान, लिये 11 नमूने, कारोबारियों को कार्यवाही को चेताया

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन आयुक्त के आदेश व जिलाधिकारी के निर्देश पर रक्षाबंधन पर्व पर आमजनता को स्वस्थ एवं सुरक्षित खाद्य/पेय पदार्थ सुलभ कराने एवं मिलावटी खाद्य पदार्थों की रोकथाम को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग 28 अगस्त से 30 अगस्त तक जिले में विशेष अभियान छेडे है।

बुधवार को सहायक आयुक्त (खाद्य) डॉ सीआर प्रजापति ने बताया कि मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज कुमार की अगुवाई में प्रवर्तन अधिकारी लालजीत यादव, दीपेन्द्र कुमार सिंह, झनकार सिंह व सुमित पाण्डेय चला रहे हैं।

अभियान दल ने जिले में खाद्य/पेय पदार्थों में मिलावट का सन्देह होने पर छापेमारी कर नमूना ले रहे हैं। अभियान दल ने 28 से 30 अगस्त तक 11 नमूने लालजीत यादव ने तीन नमूने, दीपेन्द्र कुमार सिंह ने दो नमूने, झनकार सिंह ने दो नमूने, सुमित पाण्डेय ने दो नमूने लिये। अभियान दल ने 30 अगस्त को 11 नमूने लेकर जांच को प्रयोगशाला भेजा है। नतीजा मिलने पर विधिक कार्यवाही की जायेगी। अभियान दल जिले में लगातार छापेमारी कर रहा है। खाद्य कारोबारियों को हिदायत दी है कि खाद्य पदार्थों में किसी तरह की मिलावट न करें। चेताया कि मिलावट करने पर कार्यवाही की जायेगी।

डैशबोर्ड से होगी विकास कार्यों की रैंकिंग समीक्षा:

कार्यों की फीडिंग विभागीय पोर्टल पर करें

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने मुख्यमंत्री कमांड सेंटर की बाबत मुख्यमंत्री डैशबोर्ड प्रशिक्षण में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि अभी तक नियोजन विभाग को सभी विभागीय अधिकारी विकास कार्यों की रिपोर्टिंग मैन्युअल प्रपत्र से देते थे। अब मुख्यमंत्री ने 30 जुलाई से प्रदेश में मुख्यमंत्री कमांड सेंटर बनाया है। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड लांच किया है। अब विभागों के विकास कार्यों को विभाग व जिले के विकास कार्यों की रैंकिंग की समीक्षा डैशबोर्ड से की जाएगी।

बुधवार को कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि विकास कार्यों की रिपोर्टिंग सही ढंग से विभाग करे। विभागीय पोर्टल पर अपलोड कराये। प्रोजेक्टर से कई विभागों के डैशबोर्ड की साइड खोलकर विकास कार्यों की रैंकिंग देखी। कराये विकास कार्यों में विभागीय पोर्टल पर फीडिंग कम मिलने पर उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि कार्यों की फीडिंग विभागीय पोर्टल पर हर हाल में करें। जिलाधिकारी ने जिला सूचना विज्ञान अधिकारी से कहा कि सभी अधिकारियों को विभागीय पोर्टल पर फीडिंग की बाबत जानकारी दी जाए। जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी से कहा कि जिन विभागों के विकास कार्यों में रैंकिंग डी दिख रही है, योजनावार सभी विभागों की स्क्रीनशॉट भेजें, ताकि विभागीय अधिकारी पोर्टल खोलकर सही कर सकें। सभी अधिकारियों से कहा कि डैशबोर्ड को गंभीरता से लें, सही ढंग से फीडिंग करायें। कोई समस्या हो तो तकनीकी सेवाओं के लिए जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, अपर जिला अधिकारी न्यायिक एवं एडीएम से संपर्क करें। विकास कार्यों में तेजी लायें। उन्होंने जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी से कहा कि डाटा फीडिंग की प्रत्येक सप्ताह समीक्षा करायें। सभी जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक विभाग में विशेष सचिव प्रदेश में नोडल अधिकारी नामित हैं, उनसे संपर्क कर विभागीय योजनाओं की फीडिंग में आने वाली समस्याओं को नई व्यवस्था अनुसार लागू करें। प्रोजेक्टर से जिला सूचना विज्ञान अधिकारी विनय दीक्षित, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी राजदीप वर्मा ने डैशबोर्ड की कार्य प्रणाली, संरचना, सेक्टर, विभागों की रैंकिंग एवं ग्रेडिंग, रैंकिंग फामूर्ला, जिलों की रैंकिंग, विभागों तथा जिलों के अधिकारियों से अपेक्षा, डैशबोर्ड के बिंदु आदि की जानकारी दी। बैठक में एडीएम न्यायिक वंदिता श्रीवास्तव, डीएफओ पीके त्रिपाठी, डीडीओ आरके त्रिपाठी, डीपीआरओ कुमार अमरेंद्र, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक तुलसीराम, एक्सईएन लोनिवि प्रांतीय खंड सत्येंद्र नाथ, विद्युत आरएस वर्मा, जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी राजेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

गैस सिलेंडर सस्ता करना है सिर्फ

सिलेंडर पर लोगों ने दी प्रतिक्रिया

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। घरेलू गैस सिलेंडर पर दो सौ रुपये प्रति सिलेंडर कम होने पर विभिन्न लोगों ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मोदी सरकार ने 2024 के चुनाव के मद्देनजर घरेलू गैस सिलेंडर सस्ता किया है। रक्षाबंधन पर बहनों को गिफ्ट देने की नौ साल बाद मोदी सरकार को याद आई है।

बुधवार को घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में दो सौ रुपये प्रति सिलेंडर कम होने को लेकर सदर विधायक अनिल प्रधान ने कहा कि 2024 के चुनाव को लेकर मोदी सरकार ने गैस सस्ती की है। ये महज चुनावी जुमला है। बहनों को गिफ्ट देने का ख्याल मोदी सरकार को नौ साल बाद क्यों आया है। सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने कहा कि गैस सिलेंडर सस्ता करना महज चुनावी स्टंट है। मोदी सरकार ने पेट्रोल-डीजल के दामों में कोई परिवर्तन नहीं किया। ऐसे में रक्षाबंधन पर मोदी सरकार ने बहनों को कोई तोहफा नहीं दिया।

भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने मोदी सरकार के फैसले की सराहना करते हुए कहा कि सरकार ने रक्षाबंधन पर्व पर बहनों को गैस सिलेंडर सस्ता कर तोहफा दिया है। ये मोदी सरकार का सराहनीय कदम है।

माकपा नेता रुद्र प्रसाद मिश्र एड ने कहा कि मोदी सरकार ने गैस सिलेंडर में आठ सौ रुपये बढाकर दौ सौ रुपये कम किये हैं। ऐसे में मोदी सरकार ने कोई कमी नहीं की। ये महज चुनावी जुमला है। चुनाव बाद फिर से गैस के दाम बढ जायें तो किसी को ताज्जुब नहीं होना चाहिए।

भाकपा नेता अमित यादव ने कहा कि मोदी सरकार का गैस सिलेंडर सस्ता करना सिर्फ चुनावी शिगूफा है। मोदी सरकार को नौ साल में रक्षाबंधन पर्व पर गैस सिलेंडर सस्ता करने की याद आई है। इसके पहले भी आठ रक्षाबंधन पर्व पडे हैं, तब मोदी को बहनों की याद नहीं आई। ये सिर्फ महज चुनावी स्टंट है। सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष/राज्य कार्यकारिणी सदस्य अनुज सिंह यादव ने कहा कि मोदी सरकार को महंगाई से कोई मतलब नहीं है। जनता मरे या जिये, मोदी को तो सिर्फ अडानी के कारोबार को बढाने से वास्ता है। मोदी सरकार को महंगाई दिखाई ही नहीं देती। इसी तरह बेरोजगारी भी नजर नहीं आती। आगामी चुनाव में मोदी सरकार का जाना तय है।

इस्राइल के विमान ने सऊदी अरब में किया आपातकालीन लैंडिंग, पीएम नेतन्याहू ने दिया धन्यवाद

तेल अवीव। हिंद महासागर के द्वीप राष्ट्र सेशेल्स से इस्राइलियों को घर ले जा रहे एक विमान को तेल अवीव के लिए उड़ान भरने के बाद सऊदी अरब में आपातकालीन लैंडिंग का सामना करना पड़ा। इसके बाद मंगलवार को वापस इसे तेल अवीव के लिए रवाना कर दिया गया। इस्राइल ने सद्भावना संकेत के रूप में इसकी सराहना की, जैसा कि वाशिंगटन दोनों देशों के बीच औपचारिक संबंध स्थापित करने की कोशिश कर रहा है।128 यात्रियों को ले जा रहे एयर सेशेल्स के विमान को बिजली की खराबी के कारण सोमवार को आपातकालीन लैंडिंग करना पड़ा था। इस्राइल के विदेश मंत्रालय ने कहा कि यात्रियों ने जेद्दा में एक हवाई अड्डे के होटल में रात बिताई और उन्हें वैकल्पिक विमान से एयरलाइन द्वारा वापस भेज दिया गया।

यात्रियों ने समय की भयावहता का वर्णन करते हुए कहा कि केबिन में तेज जलने की गंध भर गई थी, इसके बाद पायलट ने इंटरकॉम पर कहा कि विमान को सऊदी अरब में आपातकालीन स्थिति में रुकने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। दरअसल, सऊदी अरब एक ऐसा देश है जिसके साथ इस्राइल का कोई हवाई संपर्क या राजनयिक संबंध नहीं है। यात्रियों ने कहा कि विमान में दर्जनों लोग फंसे हुए थे और विमान रनवे पर निष्क्रिय खड़ा था, जिससे लोगों में तनाव बढ़ रहा था, जबकि इस्राइली अधिकारी यह पता लगाने में उलझे हुए थे कि क्या किया जाए। लेकिन जल्द ही सऊदी सुरक्षा बलों ने इस्राइलियों को एक होटल में पहुंचाया।यात्री मायामा स्टाल ने दर्जनों अन्य लोगों के साथ इस्राइल के बेन गुरियन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से बाहर निकलते समय उस पल को याद करते हुए कहा कि ÷यह बहुत डरावना था, लेकिन हम सभी का सऊदी द्वारा बहुत अच्छे से स्वागत किया गया...हम यह देखकर बहुत उत्साहित थे कि हम ठीक और सुरक्षित हैं।

अमेरिका ने यूक्रेन के लिए नए सैन्य सहायता पैकेज की घोषणा की, प्रिगोझिन की मौत को लेकर कर सकता है बड़ा दावा

लंदन। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन ने यूक्रेन के लिए एक नए सैन्य सहायता पैकेज की घोषणा की है। न्यूज एजेंसी एएनआई ने विदेशी मीडिया के हवाले से यह जानकारी दी है। ब्लिंकेन के एक बयान के अनुसार, पैकेज में अतिरिक्त बारूदी सुरंग-समाशोधन उपकरण, वायु रक्षा के लिए मिसाइलें, आर्टिलरी और हाई बार सिस्टम के लिए गोला-बारूद और 30 लाख से अधिक छोटे हथियार गोला-बारूद शामिल हैं।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका जल्द ही इस बात की भी घोषणा कर सकता है कि वैगनर समूह के प्रमुख येवगेनी प्रिगोझिन की मौत के लिए क्रेमलिन जिम्मेदार हो सकता है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन जीन-पियरे ने कहा, हम सभी जानते हैं कि क्रेमलिन का विरोधियों को मारने का एक लंबा इतिहास रहा है। इस बीच, दक्षिण कोरिया ने 2024 में यूक्रेन के लिए 39.4 करोड़ अमेरिकी डॉलर के एक नए पैकेज की भी घोषणा की है, जो इस साल दिए गए पैकेज से आठ गुना अधिक है। सहायता पैकेज में मानवीय राहत और पुनर्निर्माण के लिए सहायता दोनों शामिल हैं।मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यूं सुक-योल (Yoon Suk-yeol) की जुलाई की घोषणा के अनुसार, इस साल यूक्रेन को बड़े पैमाने पर सैन्य आपूर्ति दी जाएगी। रूस में वैगनर ग्रुप के प्रमुख येवगेनी प्रिगोझिन का अंतिम संस्कार भी किया गया। प्रिगोझिन पिछले सप्ताह एक विमान दुर्घटना में मारे गए थे। प्रिगोझिन के स्वामित्व वाली कंपनी कॉनकॉर्ड मैनेजमेंट के अनुसार, वैगनर के संस्थापक का अंतिम संस्कार बंद प्रारूप में हुआ। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं किया गया कि अंतिम संस्कार कब हुआ।

रूस पर युद्ध के 18 महीने में सबसे बड़ा हमला, यूक्रेन पर ड्रोन से पांच क्षेत्रों पर बम बरसाने का आरोप

कीव। एक बार फिर बुधवार तड़के यूक्रेन ने रूस के पांच क्षेत्रों को निशाना बनाया। यहां 10 से 20 ड्रोनों से एक साथ हमला किया गया। यह हमला युद्ध की शुरुआत से लेकर अबतक के समय का सबसे बड़ा ड्रोन हमला बताया जा रहा है। वहीं, रूस ने भी जवाबी हमला किया, जिसमें यूक्रेन के कीव में दो लोगों की मौत हो गई।

रूस के रक्षा मंत्रालय ने यूक्रेन पर ड्रोन से रूसी क्षेत्रों को निशाना बनाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि ड्रोन से पश्चिमी पस्कोव क्षेत्र में एक हवाईअड्डे पर हमला किया गया। इसके अलावा ओर्योल, ब्रांस्क, रियाजान और कलुगा के क्षेत्रों में गोलीबारी की गई। साथ ही इसे 18 महीनों में रूसी धरती पर सबसे बड़ा ड्रोन हमला बताया है।

रूस के पश्चिमी शहर पस्कोव में एक हवाईअड्डे पर ड्रोन हमले किए गए। इस हमले में दो सैन्य परिवहन विमान क्षतिग्रस्त हुए।

दुनिया में भारत के बढ़ते प्रभाव को लेकर रिपोर्ट में हैरान करने वाला दावा, किए गए बड़े खुलासे

वाशिंगटन। प्यू रिसर्च सेंटर ने वैश्विक स्तर पर भारत के प्रभाव को लेकर एक अध्ययन किया। इससे हैरान करने वाला खुलासा हुआ है। दरअसल, अध्ययनकर्ता यह पता लगाना चाहते थे कि जैसा कि भारतीयों को लगता है कि वैश्विक स्तर पर भारत का प्रभाव बढ़ा है, वैसा क्या सच में है। इससे सामने आया कि भारतीयों की तुलना में दुनिया में काफी कम लोग मानते हैं कि भारत का प्रभाव बढ़ा है।

क्या वाकई में बढ़ा प्रभाव

जानकारी के अनुसार, 68 फीसदी भारतीय वयस्कों का मानना है कि वैश्विक स्तर पर भारत का प्रभाव बढ़ा है, लेकिन दुनिया के 19 अन्य देशों में केवल 28 फीसदी वयस्क ही ऐसा सोचते हैं। वहीं, भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनियाभर में काफी लोकप्रिय माने जाते हैं। हालांकि, जब रिपोर्ट सामने आई तो इसमें चौंकाने वाली जानकारी सामने आई।

मोदी की लोकप्रियता को लेकर भी दावे

अध्ययन के अनुसार, 79 फीसदी भारतीय वयस्कों ने पीएम मोदी के काम पर भरोसा जताया है। वहीं, 12 अन्य देशों के 37 फीसदी वयस्कों ने उनके काम की सराहना की। इसके अलावा अधिकतर देश भारत की ओर सकारात्मक रूप से जुड़ रहे हैं। 23 देशों के करीब 46 फीसदी वयस्क भारत के बारे में अच्छे विचार रखते हैं। गौरतलब है, भारत की तरफ अगर किसी देश

का सबसे ज्यादा सकारात्मक दृष्टिकोण रहा है तो वो इस्राइल है।

30,861 वयस्कों से बातचीत पर आधारित सर्वे

बता दें, ये भारत के वैश्विक प्रभाव पर प्यू रिसर्च सेंटर द्वारा किए गए एक प्रमुख नए अध्ययन के निष्कर्षों में से हैं। भारत में जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी से पहले मंगलवार को भारत सहित 24 देशों के 30,861 वयस्कों की प्रतिक्रियाओं पर आधारित सर्वे सामने आया है। अध्ययन में पिछले साल प्यू द्वारा किए गए अलग-अलग सर्वेक्षणों के परिणामों को भी शामिल किया गया है।

इसमें कहा गया है कि मोदी सरकार की विदेश नीति के कारण आज वैश्विक स्तर पर भारत की सकारात्मक छवि बनी है। सर्वेक्षण से एक बात तो साफ है कि भारत को नापसंद की तुलना में अधिक पसंद किया जाता है। वहीं भारत के प्रभाव और मोदी सरकार को लेकर दुनिया की तुलना में भारत अधिक सकारात्मक है।

इन तीन देशों के प्रति अच्छे विचार

वहीं, भारतीयों के बीच अमेरिका, रूस और चीन के बारे में औरों से अलग विचार हैं। 65 फीसदी भारतीय वयस्क अमेरिका को अनुकूल दृष्टि से देखते हैं, जबकि विश्व स्तर पर अमेरिका के लिए औसत अनुकूलता रेटिंग 59 फीसदी है। करीब 57 फीसदी भारतीय रूस को अनुकूल दृष्टि से देखता है, जबकि 23 अन्य देशों के मात्र 14 फीसदी लोगों के समान विचार हैं।

भारत में जिन देशों को सबसे ज्यादा नापसंद किया जाता है, वे चीन और पाकिस्तान हैं। 67 फीसदी लोगों ने बीजिंग और 73 फीसदी ने इस्लामाबाद के प्रति नकारात्मक रवैया दिखाया।

वीडियो गेम प्रतियोगिता में एलन मस्क की सार्वजनिक रूप से आलोचना, भीड़ ने कहा- ट्विटर को वापस लाओ

वाशिंगटन। अरबपति कारोबारी एलन मस्क ने पिछले साल जब से ट्विटर (जिसे अब एक्स के नाम से जाना जाता है) पर अपना कब्जा जमाया है, तब से उन्हें काफी आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने 'एवरीथिंग एप' की खोज में ट्विटर प्लेटफॉर्म को रीब्रांड किया, जिसके लिए उन्हें सोशल मीडिया यूजर्स से मिली जुली प्रतिक्रियाएं मिलीं। लेकिन एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, रविवार को दुनिया के सबसे अमीर शख्स की उस समय सार्वजनिक रूप से आलोचना की गई जब उन्होंने वेलोरेंट वर्ल्ड चैंपियनशिप (वीडियो गेम प्रतियोगिता) के फाइनल में भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान जब उन्हें कुछ देर के लिए कैमरे पर दिखाया गया, तो भीड़ %ट्विटर को वापस लाओ% जैसे नारों के शोर से गूंज उठी। मीडिया रिपोर्ट

के अनुसार, मस्क अपने एक बेटे के साथ इस कार्यक्रम में शामिल हुए थे। लाइव गेमप्ले के दौरान मस्क को लगभग चार सेकंड के लिए कैमरे पर दिखाया गया था।

एक्स पर लगभग 1.5 करोड़ बार देखा वीडियो क्लीप- चंद सेकंड के इस क्लिप को मस्क के स्वामित्व वाले प्लेटफॉर्म एक्स पर लगभग 1.5 करोड़ बार देखा गया है। कैमरा खेल पर फोकस करने के बाद भी भीड़ चिल्लाती रही ÷ट्विटर वापस लाओ!÷ इस क्लिप पर एक्स यूजर्स की प्रतिक्रियाओं की झड़ी लग गई। एक यूजर ने कहा, वेलोरेंट खिलाड़ियों द्वारा हूटिंग किया जाना मिडिल स्कूल में एनीमे क्लब द्वारा वेजीज प्राप्त करने जैसा है। दूसरे यूजर ने कहा, हाहाहा.. हम एक नया लोगो चाहते हैं। एक तीसरे यूजर ने कहा, यह वास्तव में अन्य सभी नारों की तुलना में एक बहुत ही मधुर नारा था। कंपनी संभालने के बाद मस्क ने ट्विटर में कई बदलाव किए हैं। ट्विटर ब्लू यकीनन सबसे बड़ा बदलाव था। इसके अलावा, लिगेसी वेरिफिकेशन के नीले टिक को हटा दिया गया और मस्क ने एक पेड वेरिफिकेशन व्यवस्था शुरू की। मस्क का एक और कदम जिससे और ज्यादा आक्रोश फैल गया, वह पिछले ट्विटर नेतृत्व द्वारा निलंबित किए गए कई हाई-प्रोफाइल खातों को बहाल करने का उनका निर्णय था।

राष्ट्रपति पुतिन करेंगे इस साल की पहली विदेश यात्रा, चीन का दौरा करने पर जताई सहमति

मास्को। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अक्तूबर में चीन की अपनी पहली विदेश यात्रा करने पर सहमति जताई है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार पुतिन इस साल के अंत में बेल्ट एंड रोड फोरम के लिए चीन में कदम रखने वाले हैं। सूत्रों के अनुसार चीनी राष्ट्रपति शी जिंगपिंग के निमंत्रण को स्वीकार करने के बाद क्रेमलिन राष्ट्रपति पुतिन के चीन जाने की तैयारी कर रहा है। राष्ट्रपति पुतिन ने युद्धग्रस्त यूक्रेन की यात्रा के अलावा हेग की अदालत द्वारा वॉरंट जारी करने के बाद इंटरनेशनल सीमा को पार नहीं किया है। अगस्त में दक्षिण अफ्रीका में होने वाले ब्रीक्स शिखर सम्मेलन में भी राष्ट्रपति पुतिन शामिल नहीं हुए थे। उन्होंने खुद को सितंबर में दिल्ली में आयोजित होने वाले जी20 सम्मेलन से भी दूर कर लिया है। रूस में पिछले साल फरवरी में शुरू हुए आक्रमण के बाद राष्ट्रपति पुतिन ने केवल सोवियत संघ देशों और ईरान की यात्रा की है। उन्होंने कीव में सैन्य आक्रमण शुरू होने से पहले मार्च 2022 में चीन का दौरा किया था। सूत्र ने बताया कि पुतिन केवल उन देशों का यात्रा करेंगे, जहां उनकी सुरक्षा की पूरी गारंटी हो और चीन उन देशों में से एक है। मार्च में इंटरनेशनल आपराधिक न्यायालय ने यूक्रेन के हालात को देखते हुए पुतिन के खिलाफ गिरफ्तारी का वारंट जारी किया था। उन्होंने पुतिन को यूक्रेन के कब्जे वाले क्षेत्र में गैरकानूनी तरीके से आबादी का स्थानांतरण करने के मामले में पुतिन को अपराधी बताया था।

विमान के विंग पर खड़े होकर केबिन क्रू ने किया डांस, एयरलाइंस के प्रबंधक ने लगाई फटकार

बर्न। अरबपति कारोबारी एलन स्विस इंटरनेशनल एयरलाइंस के केबिन क्रू सदस्यों का एक वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें उन्हें बोइंग 777 विमान के विंग पर डांस करते हुए देखा जा सकता है। हालांकि, केबिन क्रू की इस हरकत के बाद अब उन्हें अपने नाराज अफसरों के गुस्से का भी सामना करना पड़ रहा है।केबिन क्रू के विमान के विंग में डांस का वीडियो एक यात्री ने रिकॉर्ड किया था। इस वीडियो में सबसे पहले एक महिला फ्लाइट अटेंडेंट को विमान के विंग पर डांस करते हुए देखा गया, थोड़ी देर बार एक पुरुष सहकर्मी भी इस डांस में शामिल हुआ। इसके बाद

एक वरिष्ठ केबिन प्रमुख बाहर आकर उनके साथ डांस करते हैं। वरिष्ठ केबिन प्रमुख ने बॉडी बिल्डर के कई पोज भी दिए। दो ग्राउंड स्टाफ भी विमान के इंजन के पास तस्वीरें खिंचवाते हुए दिखे। यह वीडियो इसी महीने का है और इसे देखकर स्विस इंटरनेशनल एयरलाइंस के प्रबंधक काफी नाराज है। वायरल वीडियो पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए एयरलाइंस के प्रबंधक ने कहा, यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं स्विस एयरलाइंस के प्रवक्ता माइकल पेलजर ने भी इस वीडियो पर टिप्पणी करते हुए कहा, वीडियो में यह बहुत मजेदार दिख रहा है, लेकिन वास्तव में यह जानलेवा है। विमान बोइंग 777 का विंग करीब पांच मीटर (16.4 फीट) ऊंचा है। इतनी ऊंचाई से गिरने पर हादसा हो सकता है। स्विस एयरलाइंस के प्रवक्ता ने कहा कि केबिन क्रू को विमान की विंग पर केवल आपातकालीन निकासी के दौरान ही पैर रखना चाहिए।

अमेरिका के फ्लोरिडा में इडालिया तूफान के कारण रेड अलर्ट



फ्लोरिडा। अमेरिका के फ्लोरिडा में चक्रवात तूफान के कारण रेड अलर्ट जारी किया गया है। 'इडालिया' तूफान फ्लोरिडा के खाड़ी तट की ओर बढ़ रहा है, जो दूसरे चरण के चक्रवात में बदल गया है। इस दौरा 100 मील प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं। उम्मीद है कि इडालियादक्षिणी जॉर्जिया की ओर बढ़ सकता है।

ऑस्ट्रेलिया ने जनमत संग्रह के लिए 14 अक्तूबर की तारीख तय की, पीएम अल्बानीज ने बताया ऐतिहासिक मौका

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलियाई लोग 14 अक्टूबर को इस बात को लेकर मतदान करेंगे कि क्या वे आदिवासी और टोरेस स्ट्रेट द्वीप के लोगों को मान्यता देने के लिए संविधान में बदलाव करना चाहते हैं। यह देश में स्वदेशी अधिकारों के संघर्ष के लिए एक निर्णायक दिन होगा। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने बुधवार को एडिलेड में एक खचाखच भरे संवाददाता सम्मेलन में ऐतिहासिक जनमत संग्रह की तारीख की घोषणा की और इसे राष्ट्र को एकजुट करने

प्रभावित करने वाले मामलों पर संघीय संसद को सलाह देने के लिए एक स्वदेशी समिति का गठन किया गया है।

ऑस्ट्रेलिया में किसी भी संवैधानिक परिवर्तन के लिए राष्ट्रीय जनमत संग्रह की आवश्यकता होती है। कनाडा, न्यूजीलैंड, यूरोपीय संघ के देशों और अमेरिका सहित कई अन्य विकसित देशों की तुलना में ऑस्ट्रेलिया अपने मूल निवासियों के साथ संबंधों के मामले में वैश्विक स्तर पर पिछड़ा हुआ है। इसकी अपने मूल निवासियों के साथ कोई संधि नहीं है, जो इसकी लगभग 2.6 करोड़ की आबादी का 3.2 फीसदी हिस्सा हैं और अधिकांश सामाजिक-आर्थिक उपायों पर राष्ट्रीय औसत से नीचे हैं।65,000 सालों से अधिक समय से इस भूमि पर निवास करने के बावजूद ऑस्ट्रेलिया के संविधान में आदिवासी और टोरेस स्ट्रेट द्वीप के लोगों का उल्लेख नहीं किया गया है। परिवर्तन के लिए अभियान का सह-नेतृत्व करने वाली एक आदिवासी महिला पैट एंडरसन ने कहा कि अधिकांश आदिवासी लोग 'वॉयस टू पार्लियामेंट' का समर्थन करते हैं क्योंकि वे जानते हैं कि इससे परिणामों में सुधार होगा। उन्होंने एक बयान में कहा, जनमत संग्रह दिवस से पहले हम हर किसी से यह याद रखने के लिए कह रहे हैं कि हम इस देश के मूल निवासी हैं और हम जानते हैं कि हमारे समुदायों के लिए सबसे अच्छा क्या हो सकता है और हमारा मानना है कि अंततः हमारी आवाज हमारे लोगों के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में एक कदम होगा।सरकार ने जनमत संग्रह की सफलता के लिए महत्वपूर्ण राजनीतिक ताकत लगाई है और शीर्ष खेल संहिता, प्रमुख निगम और कल्याण समूह अभियान का समर्थन कर रहे हैं। लेकिन जनमत सर्वेक्षणों के अनुसार, इस मुद्दे पर सार्वजनिक बहस विभाजनकारी रही है और हाल के महीनों में प्रस्ताव के प्रति समर्थन कम हो गया है।समर्थकों का तर्क है कि 'हां'में वोट करने से आदिवासी समुदाय के साथ खराब संबंधों को सुधारने और राष्ट्र को एकजुट करने में मदद मिलेगी और सलाहकार निकाय स्वदेशी स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और आवास को प्राथमिकता देने में मदद करेगा। हालांकि, कुछ विरोधियों का तर्क है कि यह कदम ऑस्ट्रेलियाई लोगों को नस्लीय आधार पर विभाजित कर देगा और स्वदेशी निकाय को अत्यधिक शक्ति सौंप देगा। अल्बानीज ने मतदान के लिए लोगों को उत्साहित करते हुए कहा, मतदान नहीं करने से कहीं कोई परिणाम नहीं मिलेगा...इसका मतलब है कि कुछ भी नहीं बदलेगा। मतदान नहीं करने पर आगे बढ़ने के इस अवसर का द्वार बंद हो जाएगा।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

'चीन से निपटने के लिए भारत-अमेरिका संबंध मजबूत करना जरूरी', बोले विवेक रामास्वामी

वाशिंगटन। अमेरिका में अगले साल होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए अपनी दावेदारी पेश कर रहे भारतीय मूल के विवेक रामास्वामी का कहना है कि भारत और अमेरिका के मजबूत संबंध, अमेरिका की चीन और ताइवान पर निर्भरता खत्म कर सकते हैं। उन्होंने भारत, दक्षिण कोरिया और जापान के साथ मजबूत संबंधों का आह्वान किया। बता दें, पिछले हफ्ते राष्ट्रपति पद के लिए प्राथमिक बहस आयोजित की गई थी। इसमें सभी उम्मीदवारों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था। बहस के बाद 38 वर्षीय रामास्वामी को समर्थन देने वालों की संख्या में वृद्धि हुई है। भारतवंशी रामास्वामी ने

मंगलवार को अपनी योजनाओं और विदेश नीति के विचारों को उजागर किया। इस दौरान उन्होंने निक्की हेली पर भी निशाना साधा। दरअसल, हेली ने विदेश नीति के मुद्दों पर रामास्वामी की अनुभवहीनता के लिए आलोचना की थी। रामास्वामी ने कहा कि अमेरिका आज चीन पर आर्थिक रूप से निर्भर है, लेकिन भारत के साथ मजबूत संबंधों की मदद से चीनी संबंधों से आजादी घोषित करना आसान हो जाएगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका को अंडमान सागर में सैन्य संबंध समेत भारत के साथ मजबूत रणनीतिक संबंध भी रखने चाहिए। यदि आवश्यक हुआ तो भारत मलक्का जलडमरूमध्य को अवरुद्ध कर सकता है, जहां से वास्तव में चीन को अधिकतर पश्चिम एशियाई तेल की आपूर्ति मिलती है। इसलिए अमेरिका-भारत संबंधों में ये सुधार के वास्तविक क्षेत्र हैं। उन्होंने कहा कि चीन-ताइवान पर आर्थिक निर्भरता कम करने के लिए दक्षिण कोरिया और जापान सहित अन्य सहयोगियों के साथ मजबूत साझेदारी करेंगे।

गिलगित बाल्टिस्तान में गृह युद्ध के हालात! स्थानीय लोगों ने भारत के साथ मिलने की दी धमकी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के गिलगित बाल्टिस्तान में एक बार फिर पाकिस्तान के लोग बड़ी संख्या में सड़कों पर उतर आए हैं। विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों ने अपने नेताओं की जल्द रिहाई की मांग की है और धमकी दी है कि अगर उनके नेताओं को जल्द रिहा नहीं किया गया तो वह सरकार के खिलाफ लड़ाई छेड़ देंगे और भारत के साथ मिल जाएंगे। सोशल मीडिया पर गिलगित बाल्टिस्तान में चल रहे विरोध प्रदर्शन का एक वीडियो सामने आया है। जिसमें प्रदर्शनकारी पाकिस्तान सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने की धमकी दे रहे हैं। साथ ही कहते सुनाई दे रहे हैं कि अगर उनकी मांग नहीं मानी गई तो वह कारगिल चले जाएंगे। यह एक तरह से संकेत है कि वह भारत के साथ मिल जाएंगे। वीडियो में दिख रहा है कि प्रदर्शनकारी कारगिल जाने के नारे लगा रहे हैं। बता दें कि गिलगित बाल्टिस्तान में एक शिया धर्मगुरू के खिलाफ एफआईआर हुई हैं। इसे लेकर समुदाय के लोगों में नाराजगी है। जिसके बाद स्कार्दू में भारी संख्या में लोगों ने पाकिस्तानी सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। गिलगित बाल्टिस्तान के लोगों में ईशनिंदा कानून को और सख्त बनाए जाने को लेकर भी नाराजगी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, शिया धर्मगुरू शेख बाकिर अल हुसैनी के खिलाफ ईशनिंदा कानून के तहत एफआईआर की गई है। आरोप है कि शिया धर्मगुरू ने पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। हालांकि शिया धर्मगुरू ने आरोपों से इनकार किया है। प्रदर्शनकारियों ने कराकोरम हाइवे को ब्लॉक कर दिया।